3 राजधानी
कॉफी होम को नया रूप देगी सरकार

6 अभिमत
विकास को कर्नाटक का आशीर्वाद

10 विदेश
इजराइली हमले में तीन शीर्ष उग्रवादी मारे गए

12 स्पोर्ट्स
मुंबई ने बेंगलोर को छह विकेट से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 183
नई दिल्ली, बुधवार, 10 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

फडणवीस ने अपने वकील की गलती मानी

राष्ट्रीय-11

इमरान हाईकोर्ट परिसर से गिरफ्तार

● पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप, खान को कॉलर पकड़कर ले गए रेंजर्स, गिरफ्तारी से पहले रिकॉर्ड वीडियो संदेश पार्टी ने किया जारी

एजेंसी। इस्लामाबाद/लाहौर

गिरफ्तारी से पहले अपने समर्थकों के लिए वीडियो संदेश देते इमरान खान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार को अर्धसैनिक बलों ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह भ्रष्टाचार के एक मामले में सुनवाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में मौजूद थे। इससे एक दिन पहले ही 70 वर्षीय खान ने देश की सेना पर कथित तौर पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान की सेना ने एक दिन पहले ही आरोप लगाया था कि खान खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की वरिष्ठ नेता शिरीन मजारी के अनुसार, लाहौर से संघीय राजधानी इस्लामाबाद आए पार्टी अध्यक्ष खान अदालत में एक बायोमेट्रिक प्रक्रिया से गुजर रहे थे, तभी रेंजर्स ने कांच की खिड़की को तोड़ दिया और वकीलों एवं खान के सुरक्षा कर्मचारियों की पिटाई करने के बाद उन्हें (खान को) गिरफ्तार कर लिया। टीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि रेंजर्स खान को कॉलर से पकड़कर ले जा रहे हैं और उन्हें एक कैदी वाहन में बैठाया जा रहा है। रेंजर्स, गृह मंत्रालय के तहत काम करते हैं और आमतौर पर सेना से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों द्वारा निर्देशित होते हैं। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि, खान को एक भूमि, सम्पत्ति कारोबारी मलिक रियाज को हस्तांतरित करने के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है और उन्हें एनएबी को सौंपा जा रहा है। उन्होंने बताया कि खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया है, जो पंजाब के झेलम जिले के सोहावा क्षेत्र में 2019 में सूफीवाद के लिए अल-कादिर विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित है। उन्होंने कहा, खान की गिरफ्तारी का वारंट आज सुबह जारी किया गया था और उसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि, खान के गिरफ्तारी वारंट से पता चलता है कि यह 1 मई को जारी किया गया था। वारंट में कहा गया है कि खान पर भ्रष्टाचार और भ्रष्ट आचरण का आरोप है। गृह मंत्री राणा (शेष पेज 9)

समर्थकों ने सेना मुख्यालय और अफसरों के घर पर धावा बोला

एजेंसी। लाहौर/इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार को नाटकीय रूप से गिरफ्तार किए जाने के बाद उनके समर्थकों ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और लाहौर में कोर कमांडर के आवास पर धावा बोल दिया। खान को गिरफ्तार किए जाने की खबर फैलते ही पाकिस्तान के कई शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। कई जगहों पर प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए।

उन्होंने पुलिस वाहनों को आग के हवाले कर दिया और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। खान के समर्थकों ने रावलपिंडी में सेना के विशाल मुख्यालय के मुख्य द्वार को तोड़ दिया। हालांकि इस दौरान सैनिकों ने संयम बरता वहीं प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ नारेबाजी की। लाहौर में, बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने कोर कमांडर के लाहौर आवास पर धावा बोल दिया और गेट व खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। हालांकि सेना के जवानों ने वहां उग्र प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश नहीं की। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान सेना के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने छावनी इलाके में विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के कारण लाहौर बाकी प्रांत से लगभग कट गया। सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत पंजाब की कार्यवाहक सरकार ने कानून-व्यवस्था काबू करने के लिए रेंजर्स को बुलाया और धारा 144 लगा दी, जिसके तहत एक जगह पर पांच से अधिक (शेष पेज 9)

पायलट की हुंकार, कल निकालेंगे पदयात्रा

बोला सीधा हमला- ऐसा लगता है कि सोनिया गांधी नहीं, वसुंधरा राजे हैं अशोक गहलोत की नेता

● युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए यात्रा अजमेर से शुरू होगी और जयपुर तक जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपने आंदोलन को धार देने में जुट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपनी लड़ाई को जारी रखने का संकल्प जताते हुए अजमेर से जयपुर तक 11 मई से जनसंघर्ष पदयात्रा निकालने की घोषणा की है। अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि एक बात और स्पष्ट हो गई है। मुख्यमंत्री का भाषण परसों धौलपुर में हुआ। उस भाषण को सुनने के बाद मुझे ऐसा लगता है कि सम्मानीय मुख्यमंत्री की नेता सोनिया गांधी जी नहीं हैं, बल्कि उनकी नेता वसुंधरा राजे सिंधिया हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ यह कहा जा रहा है कि हमारी सरकार को गिराने का काम भाजपा कर रही थी वहीं दूसरी तरफ कहा जाता है कि सरकार को बचाने का काम वसुंधरा राजे कर रही थीं। बयानों के इस विरोधाभास को समझाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में (शेष पेज 9)

मोदी राजस्थान को आज देंगे 5,500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

नई दिल्ली/जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राजस्थान में 5,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री सिरोही जिले के आबू रोड में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री (शेष पेज 9)

नीतीश कुमार ने नवीन पटनायक से की मुलाकात

भाषा। भुवनेश्वर

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को यहां नवीन निवास में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। हालांकि, दोनों मुख्यमंत्रियों ने दावा किया कि बैठक के दौरान अगले साल लोकसभा चुनाव के लिए जद (यू) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच किसी भी राजनीतिक गठबंधन बनाने पर कोई चर्चा नहीं हुई। नीतीश ने ओडिशा के मुख्यमंत्री के आवास पर पटनायक के साथ दोपहर का भोजन किया और फिर संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उनका बहुत पुराना नाता है।

पटनायक ने पत्रकारों से कहा, आज किसी भी गठबंधन पर कोई चर्चा नहीं हुई। मुझे खुशी है कि नीतीश जी भुवनेश्वर आए। जब हम अटल बिहारी वाजपेई के मंत्रिमंडल में थे, तब से पुराने दोस्त और सहयोगी हैं। पटनायक ने कहा कि ओडिशा सरकार भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों के वास्ते सुविधाओं के निर्माण को लेकर बिहार सरकार को मुफ्त में 1.5 एकड़ जमीन मुहैया कराएगी। पटनायक ने नीतीश से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, भुवनेश्वर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर खुशी हुई। ओडिशा का बिहार और पड़ोसी राज्य के लोगों के साथ एक विशेष संबंध है। आशा है कि ओडिशा की उनकी यात्री सुखद रही होगी। कुमार ने कहा, उनके (नवीन के) पिता बीजू बाबू और नवीन जी के साथ हमारे (शेष पेज 9)

कर्नाटक के हर नागरिक का सपना, मेरा सपना : मोदी

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार की वापसी की पुरजोर वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पिछले कुछ दिनों में राज्य में अद्वितीय स्नेह मिला है।

इससे सभी क्षेत्रों में राज्य को पहले नंबर पर पहुंचाने का उनका दृढ़ संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाने के अभियान में जनता का आशीर्वाद भी मांगा। एक वीडियो संदेश के जरिए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक के हर नागरिक का सपना, मेरा सपना (शेष पेज 9)

कांग्रेस ने की निर्वाचन आयोग से शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक वीडियो संदेश को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के संदर्भ में आचार संहिता का खुला उल्लंघन करार दिया और निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि उसे अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि यह निर्वाचन आयोग के लिए अग्निपरीक्षा है। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश के खिलाफ निर्वाचन आयोग के (शेष पेज 9)

ब्रिगेडियर और वरिष्ठ अफसरों के लिए समान वर्दी

एजेंसी। नई दिल्ली

सेना ने फैसला किया है कि एक अगस्त से ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों की एक समान वर्दी होगी, भले ही उनका मूल कैडर और नियुक्ति कुछ भी हो। सैन्य सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला हाल ही में संपन्न सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान विस्तृत चर्चा और सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया। यह निर्णय एक अगस्त से प्रभावी होगा। एक सूत्र ने बताया, भारतीय सेना ने रेजिमेंट की सीमाओं से परे, वरिष्ठ नेतृत्व के बीच सेवा मामलों में सामान्य पहचान और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए एक समान वर्दी अपनाने का फैसला किया है। इसने कहा, यह भारतीय सेना की निष्पक्ष और न्यायसंगत संगठन होने की खासियत को और भी सशक्त करेगा। सूत्रों ने बताया कि (शेष पेज 9)

श्रद्धा हत्याकांड में आफताब पूनावाला पर आरोप तय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अपनी लिव-इन साथी श्रद्धा वालकर की गला दबाकर हत्या करने और उसके शरीर के टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ अदालत ने मंगलवार को हत्या और सबूत मिटाने के आरोप तय किए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने कहा कि दलीलों को विस्तार से सुना गया और अभियोजन पक्ष की तरफ से पर्याप्त सामग्री पेश की गई। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भारतीय दंड विधान की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के सबूत गायब करना) के तहत अपराध के लिए मामला बनता है। न्यायाधीश ने कहा कि उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अभियोजन पक्ष द्वारा रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री रखी गई है। न्यायाधीश ने इसके (शेष पेज 9)

मप्र में बस पुल से गिरी, 24 मरे

खरगोन, भोपाल(भाषा)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में मंगलवार सुबह एक यात्री बस के पुल से नदी के सूखे तल पर गिर जाने से दो और लोगों की मौत होने के बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इस हादसे में कम से कम 41 लोग घायल हो गए। खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे में कम से कम 41 लोग घायल हुए हैं जिनका खरगोन और इंदौर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पटेल ने यह भी कहा कि बस के ओवरलोड और तेज गति होने के कारण खरगोन जिले के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को निलंबित कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि 37 लोगों की क्षमता वाली बस में करीब 70 यात्री सवार थे। पटेल ने कहा कि जिले में बसों की तेज गति और ओवरलोडिंग (शेष पेज 9)

The VITAL place for Higher Education

ADMISSIONS OPEN - 2023

APPLY NOW at www.vitap.ac.in

PROGRAMMES OFFERED

with unique Curriculum for Outstanding Professional Success (COPS)®
- Majors : CSE, ECE & Mech
- CSE with specialisation in Business Systems (in collaboration with TCS)

Under Design Your Own Degree (DYOD)® student chooses B.TECH. SPECIALISATIONS / MINORS / DOUBLE MAJOR within 4 Years
Data Analytics, Networking and Security, Artificial Intelligence, Edge Computing, Software Engineering, Geo Informatics, Blockchain, VLSI, Embedded Systems, IoT, Computational Mathematics, Image and Video Processing, Digital Manufacturing, Robotics, Digital Marketing, Econometrics, FinTech, Corporate Law, Electrical Vehicle Technology, Performing Arts

5-YEAR INTEGRATED PROGRAMMES
(For students after their 12th Standard)
- M.Tech Software Engineering
- M.Tech CSE (In collaboration with Virtusa)

Ph.D PROGRAMMES
Engineering, Sciences | Management | Commerce
Law | Humanities | Languages

BUSINESS PROGRAMMES
- B.B.A (General Management/ FinTech Digital Marketing / Business Analytics)
- B.B.A (with 2+2 option of continuing at University of Michigan at Dearborn)
- B.B.A in Business Analytics (with 2+2 option of continuing at Arizona State University)
- B.Com. (Finance)

LAW PROGRAMMES
- B.B.A., LL.B. (Hons.)
- B.A., LL.B. (Hons.)

DUAL DEGREE PROGRAMMES with UG Exit Option
- B.Sc. - M.Sc. Data Science
- B.A. - M.A. Public Service with integrated training for UPSC

PG PROGRAMMES
- M.Tech. (VLSI Design)
- M.Sc. Data Science
- M.Sc. Physics
- M.Sc. Physics (Specialization in Energy Technologies)
- M.Sc. Chemistry
Specializations : Pharmaceutical Chemistry / Analytical Chemistry)

VITEEE ONLINE COUNSELLING DATES
Phase-1 : 29-04-2023 to 30-04-2023 (Rank : 1 - 20000)
Phase-2 : 10-05-2023 to 11-05-2023 (Rank : 20001 - 45000)
Phase-3: 21-05-2023 to 22-05-2023 (Rank : 45001 - 70000)
Phase-4: 01-06-2023 to 02-06-2023 (Rank : 70001 - 100000)
Phase-5: 13-06-2023 to 14-06-2023 (Rank : More than 1 Lakh)

HIGHLIGHTS
Ranked #1 among Emerging State Private Universities in India (Outlook University Rankings 2022)
45 Industry Partners
707 Super Dream & Dream Offers
Highest CTC 34.4 LPA
Total Offers 1519 still counting
Data for 2023 Graduating Batch

VIT-AP University, Beside AP Secretariat, Near Vijayawada, Andhra Pradesh-522237 admission@vitap.ac.in 08632370444 7901091283
Hyderabad Admin Office: 4th Floor, Bansal Pride Building, Near YSR Statue, Madhapur, Hyderabad - 500081 04029559555 7901311658
www.vitap.ac.in vitap.university vitap.university vit-ap VITAPuniversity VITAP

क्विक न्यूज

यूपी और उत्तराखंड में कर मुक्त होगी द केरल स्टोरी

लखनऊ/देहरादून। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में द केरला स्टोरी फिल्म कर मुक्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 12 मई को अपने मंत्रिमंडल के साथ फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग देख सकते है। वहीं उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि विवादित फिल्म द केरला स्टोरी राज्य में कर मुक्त होगी। लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को किए गए ट्वीट में कहा गया कि द केरला स्टोरी उत्तर प्रदेश में कर मुक्त की जाएगी। इससे पहले, निदेशक सूचना, शिशिर ने कहा, केरला स्टोरी को उत्तर प्रदेश में कर मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 12 मई को लखनऊ में अपने मंत्रिमंडल के साथ फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग देखेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बिना किसी का नाम लिए सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए हिंदी में ट्वीट कर कहा कि मनोरंजन को मनोरंजन के लिए छोड़ दे और सिनेमा व साहित्य का प्रयोग अपने जहरीले एजेंडे को देश पर थोपने के लिए न करें।

कुनो राष्ट्रीय उद्यान में 42 दिन में तीसरे चीते की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली, भोपाल

दक्षिण अफ्रीका से मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में लाई गई मादा चीता दक्षा की मंगलवार को मौत हो गई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। दक्षा की मौत के साथ ही केएनपी में अब तक तीन चीतों की मौत हो चुकी है। इससे पहले एक मादा चीता और एक नर चीते की क्रमश: 27 मार्च और 13 अप्रैल को मौत हो गई थी।

अचानक हुई मौतों से संरक्षणवादी और वन्यजीव विशेषज्ञ कूनो राष्ट्रीय उद्यान की वहन क्षमता और चीतों को बाड़े में रखने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता दक्षा को निगरानी दल ने मंगलवार को पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। पशु चिकित्सकों ने मादा चीता दक्षा का इलाज किया, लेकिन उसकी अपराह्न 12 बजे मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि मृत मादा चीता दक्षा के शरीर पर पाए गए घाव समागम के प्रयास के दौरान नर चीते के हिंसक संपर्क के कारण प्रतीत होते हैं।

ऐसे में निगरानी दल के दखल की संभावना न के बराबर है और व्यावहारिक रूप से नामुमकिन है। चीता परियोजना की समीक्षा 30 अप्रैल को विशेषज्ञों की एक टीम ने की थी। इसमें दक्षिण अफ्रीका के भी विशेषज्ञ शामिल थे। इस बीच, मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जेएस चौहान ने कहा, केएनपी की एक निगरानी टीम ने सुबह दक्षा को घायल अवस्था में पाया। उसे तुरंत आवश्यक दवा और उपचार दिया गया, लेकिन अपराह्न 12 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। उन्होंने (शेष पेज 9)

उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण का निकाय चुनाव प्रचार थमा

● गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर सहित 38 जिलों में कल डाले जाएंगे वोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

निकाय चुनाव में नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत के लिए दूसरे चरण का चुनाव प्रचार मंगलवार शाम से थाम गया। मतदान 11 मई गुरुवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। वोटिंग के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस तरह 11 मई को मतदान वाले जिलों के सरकारी व निजी संस्थान बंद रहेंगे। दूसरे चरण में 38 जिलों के 370 नगरीय निकायों के 6929 पदों के लिए चुनाव हो रहा है। इसमें 1.92 करोड़ मतदाता कुल 39146 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। मेरठ, (शेष पेज 9)

स्वार व छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में स्वार एवं छानबे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन 2023 के लिए बुधवार 10 मई को मतदान होगा। मतदान प्रात: 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6 बजे उपस्थित रहेंगे, उन सभी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा। मुख्य (शेष पेज 9)

प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

गाजियाबाद-नोएडा में निकाय चुनाव के लिए तैयारियां पूरी, राजनीतिक दलों ने रोड शो कर मांगा आशीर्वाद

नोएडा में निकाय चुनाव के मद्देनजर वाहनों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/। गाजियाबाद

नोएडा और गाजियाबाद में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों ने अपना पूरा जोर लगाते हुए जनता से समर्थन मांगने के साथ जीताने की अपील की।

नोएडा में एक नगरपालिका और 4 नगर पंचायत पर घमासान : नोएडा में दादरी नगर पालिका समेत चार नगर पंचायतों के लिए चुनाव प्रचार मंगलवार शाम को थम गया। मंगलवार की शाम 6 बजे के बाद यदि कोई भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार करता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ अब जिला और पुलिस प्रशासन की तरफ से सख्त से सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

निकाय चुनाव के दूसरे चरण में 11 मई को मतदान किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंगलवार की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार पर रोक लग गयी है। गौतमबुद्ध नगर में दादरी नगर पालिका और चार नगर पंचायत दनकौर, जेवर, बिलासपुर और जहांगीरपुर के अध्यक्ष और सदस्यों के चुनाव का मतदान 11 मई को होगा। चुनाव प्रचार बंद हे के बाद सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा अपने क्षेत्रों में निरीक्षण भी किया गया। इस निरीक्षण के दौरान जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट ने यह जांच की कि कोई भी प्रत्याशी और समर्थक राज्य निर्वाचन आयोग के नियमों का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है।

गाजियाबाद में 2371 केंद्रों पर होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में 11 मई को होने होने वाले चुनाव के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार निकाय चुनाव के मतदान और मतगणना के लिए गाजियाबाद प्रशासन ने तैयारियों लगभग पूरी कर ली है।

गाजियाबाद निकाय चुनाव के मतदान और मतगणना के लिए गाजियाबाद प्रशासन ने तैयारियों लगभग पूरी कर ली हैं। यहां पर दूसरे चरण यानी 11 मई को मतदान होने हैं. इसके एक दिन बाद 13 मई को मतगणना होगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नगर निगम की मेयर व पार्षद पद, डासना अध्यक्ष व सभासद, खोड़ा अध्यक्ष व सभासद पद की मतगणना गोविंदपुरम अनाज मंडी में होगी। मोदीनगर अध्यक्ष, सदस्य, मुरादनगर अध्यक्ष, सदस्य पद की

- मतगणना गोविंदपुरम अनाज मंडी, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मोदी नगर, इंटर कॉलेज लोनी में होगी

मतगणना आदर्श कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर में कराई जाएगी। निवाड़ी, पतला, फरीदनगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना कम्युनिटी सेन्टर गोविंदपुरी मोदीनगर में कराई जाएगी। लोनी अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना लोनी इंटर कॉलेज लोनी में कराई जाएगी।

गोविंदपुरम अनाज मंडी में कुल 174 टेबल लगाई जाएंगी, जिसमें 770 कर्मिक मतगणना में लगेंगे. मेयर और पार्षद पद की मतगणना के लिए 50-50 टेबल होंगी, जिस पर 200-200 कर्मिक तैनात किए गए हैं।

जोड़-तोड़ की राजनीति : निकाय चुनावों की राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा करने के बाद से सभी प्रत्याशी कड़ी मेहनत में जुटे हुए थे। चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को लुभाने और अपने पक्ष में मत कराने के लिए सभी प्रत्याशी जोड़-तोड़ में जुट गए। सभी पार्टियों के प्रत्याशियों ने बाहरी नेताओं के माध्यम से चुनाव प्रचार कराया और अधिक से अधिक मत की अपील भी करवायी। चुनाव प्रचार के दौरान सभी पार्टियों के नेताओं ने घर-घर जाकर अपने लिए वोट भी मांगे।

11 को मतदान : गौतमबुद्ध नगर में आगामी 11 मई को मतदान किया जाएगा। मतदान से पहले 9 मई (मंगलवार) की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से रोक लग गयी। जिला प्रशासन ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए यह रोक लगा दी।

भाजपा ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान : नोएडा और गाजियाबाद में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिसोदिया के समर्थन में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। यह जनसंपर्क अभियान भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ओमवीर अवाना के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण : निकाय चुनावों को लेकर जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गौतमबुद्ध नगर के सभी संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि किसान आदर्श इंटर कॉलेज दनकौर में बिलासपुर और दनकौर नगर पंचायत की मतगणना का कार्य किया जाएगा।

मतदान कार्यक्रम : जिला प्रशासन ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। सुबह 7.00 बजे से लेकर शाम 6.00 बजे तक वोटिंग होगी। आपको बता दें कि इन सभी 6 सीटों पर 45 उम्मीदवार मैदान में खड़े हैं।

दलों ने बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- टिकट नहीं मिलने से नाराज प्रत्याशियों पर कई पार्टियों ने लिया कड़ा एक्शन

नगर निकाय चुनाव में इस बार टिकट ना मिलने पर सपा, बसपा ही नहीं बल्कि भाजपा में भी कई बागी अपनी ही पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इन प्रत्याशियों पर कड़ा ऐक्शन लेते हुए गाजियाबाद में भाजपा ने को निष्कासित कर दिया है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने सोमवार देर रात इन पांचों को छह साल के लिए भाजपा से निष्कासित कर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गाजियाबाद में आए हुए थे। उन्होंने निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद ही क्षेत्रीय अध्यक्ष ने निष्कासन आदेश जारी कर दिया।

निष्कासित होने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नितिन त्यागी, पूर्व मंडल महामंत्री विनोद चौधरी, शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप कश्यप और मंडल उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने कहा, निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने-लड़ाने एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण इन्हें छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

राकेश त्यागी निवाड़ी नगर पंचायत से चेयरमैन का टिकट मांग रहे थे, लेकिन भाजपा ने प्रदीप त्यागी को प्रत्याशी बना दिया। जिसके बाद राकेश त्यागी ने अपने बेटे आशीष त्यागी को बसपा में शामिल कराकर चेयरमैन प्रत्याशी बनवा दिया। इसी तरह नितिन त्यागी भी निवाड़ी से चेयरमैन टिकट की दौड़ में लगे हुए थे, लेकिन भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर अब निर्दलीय रूप में हाथ आजमा रहे हैं। विनोद चौधरी पतला नगर पंचायत के पूर्व सभासद हैं।

भाजपा ने यहां जिसे प्रत्याशी बनाया है, उससे विनोद नाखुश हैं। इसलिए वे बसपा प्रत्याशी को चुनाव लड़वा रहे हैं। पतला नगर पंचायत से प्रदीप कश्यप निर्दलीय रूप में चेयरमैन का चुनाव लड़ रहे हैं। इन्हें यूपी सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप का बेहद खास माना जाता है। इसी तरह डासना नगर पंचायत से ज्योति शर्मा भी चेयरमैन का चुनाव निर्दलीय लड़ रही हैं।

संक्षिप्त समाचार

लिफ्ट में 8वीं की छात्रा को चाकू दिखाया

गाजियाबाद। गाजियाबाद में हाईराइज सोसाइटी की लिफ्ट में दो युवकों ने 8वीं की छात्रा को चाकू दिखाया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें दिख रहा है कि छात्रा लिफ्ट से ग्राउंड फ्लोर से 6 मंजिल स्थित फ्लैट पर जा रही है, तभी दो ल?के आते हैं। इसमें से एक के हाथ में चाकू है। लिफ्ट में घुसते ही उसने छात्रा को चाकू दिखाया। इससे छात्रा डर गई और लिफ्ट में कोने में सहम कर खड़ी रही। अपना फ्लोर आने पर दोनों लड़के लिफ्ट से बाहर निकल गए। छात्रा भी उनके पीछे गेट तक गई और फिर अंदर आ गई। इसके बाद वो अपने फ्लोर पर लिफ्ट से चली गई। उसने पैरेंट्स को पूरी बात बताई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें एक आरोपी बीटेक का स्टूडेंट है, तो दूसरा खुद को गृह मंत्रालय में बताता है। घटना 7 मई की है। वीडियो सोमवार शाम को सामने आया है।

छह कंपनियों पर लगा तीस लाख रुपये का जुर्माना

नोएडा। नोएडा सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा भ्रमण के दौरान खामियां मिलने पर ओएसडी और जीएम प्रोजेक्ट का कार्यभा र संभाल रहे विशु राजा ने 6 फर्मों पर 30 लाख रुपये का जुर्मा ना लगा या है। इसके अलावा सेक्टर केपी -3 से नोएडा के सेक्टर-146 और 147 को जोड़ने वाले निर्माणधीन हिंडन पुल की 60 मीटर चौड़ी सड़क के कार्य करने वाली कंपनी की ओर से काम करने से इंकार करने पर कंट्रक्शन कंपनी विजय कंसल को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिया है।

महाराणा प्रताप की धूमधाम से मनायी गई जयंती

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 34 में राजपूताना विकास महासभा द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जंयती काफी धूमधाम से मनायी गयी। इस कार्यक्रम की शुरूआत भारत सरकार के गृह मंत्रालय में एसपी इंटेलिजेंस राजीव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान राजपूताना विकास महासभा की तरफ से लोगों के लिए मीठे पानी की छबिल भी लगायी गयी। इस मौके पर एमपी सिंह, परविंदर शेखावत, महासभा के अध्यक्ष एसपी सिंह चौहान, उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह गौर, महासचिव नरेश चौहान, कोषाध्यक्ष ललित चौहान, सुनील राजपूत, गुलाब सिंह, सुभाष चौहान, रवि कुमार, भूप सिंह और मधुर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

नोएडा में अगले तीन दिन होगी गंगाजल की समस्या

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 63 के छिजारसी स्थित शनि मंदिर के पास गंगाजल की पाइप लाइन फटने के चलते लाखों लीटर गंगाजल बर्बाद हो रहा है। शहर के विभिन्न सेक्टरों से पाइपलाइन लीकेज की घटनाएं नोएडा प्रधिकरण को लगातार मिल रही है। अब छिजारसी के पास गंगाजल की पाइप लाइन फटने के चलते आगामी 3 दिनों तक गंगाजल की सप्लाई बाधित रहेगी। इस पाइपलाइन से करीब 10 लाख आबादी को गंगाजल पहुंचाया जाता है। ऐसे में लोगों को आगामी तीन दिनों तक पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

मां के सामने बच्चे का अपहरण, हत्या का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- कुछ दिनों पहले पड़ोसी से कहासुनी के बाद आरोपी ने दंपती को दी थी धमकी
- मां की चीख पुकार के बावजूद आरोपी ने सोमवार सुबह घर के बाहर से किया अगवा

नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के सेक्टर-112 में मां के सामने पांच साल के बच्चे को अगवा कर उसकी हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। फिलहाल बच्चे की हालत गंभीर है और अस्पताल में भर्ती है।

सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 112 निवासी रंजीत वर्मा ने सोमवार रात को रिपोर्ट दर्ज कराई कि सात-आठ दिन पहले उनके पड़ोस में रहने वाले दीपक चौरसिया से किसी बात को लेकर उनकी पत्नी की कहासुनी हो गई थी। इस दौरान दीपक चौरसिया ने उनकी पत्नी को धमकी भी दी थी।

वर्मा ने कहा कि उन्होंने छोटी-मोटी बात समझ कर चौरसिया की धमकी को अनसुना कर दिया था। थाना प्रभारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि आठ मई की सुबह जब वर्मा की आठ वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहे थे तभी वहां मोटरसाइकिल से पहुंचे चौरसिया ने उनके बेटे को उठा लिया और वहां से भाग गया।

उन्होंने बताया कि बच्ची की चीख-पुकार सुनकर वर्मा की पत्नी गायत्री बाहर निकली और उसने भी शोर मचाया, लेकिन चौरसिया भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि दंपति बेटे की तलाश में जुटे थे।

इस बीच, सोमवार दोपहर को उन्हें सूचना मिली कि भंगेल स्थित सरकारी अस्पताल में पांच वर्षीय बच्चा उपचाराधीन है, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे और पाया कि यह बच्चा उनका बेटा अजीत ही है, जिसके गले और पैर पर बुरी तरह से धारदार हथियार से वार किया गया गया था।

सिंह ने बताया कि गंभीर हालत में जख्मी बच्चे को भूड़ा गांव में श्मशान के पास फेंका गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चा यथार्थ अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मानसिक तनाव : नोएडा में 24 घंटे में 6 लोगों ने की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में पीएचडी छात्रा सहित छह अन्य लोगों ने भी आत्महत्या की है। थाना प्रभारी नेबताया कि गेझा गांव मेंरहनेवाली लवली खातून (15 वर्ष) नेबीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

डीयू से पीएचडी कर रही एक छात्रा ने फांसी लगा कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी नेमंगलवार को बताया कि असम प्रांत के गुवा गु हाटी जिलेकी नीलाक्षी पाठक (28 वर्ष) अपनेपति आकाश के साथ सेक्टर 110 स्थित लोटस पनास सोसाइटी में रहती थी और दिल्ली

उन्होंने बताया कि बीती रात को नीलाक्षी ने एक दोस्त से ऑनलाइन चैटिंग के दौरान कहा कि वह आत्महत्या करनेजा रही है।

पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

दुजाना गैंग की 250 करोड़ की संपत्ति सामने आई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- पुलिस-प्रशासन ने 2.21 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त, जल्द होगा एक्शन

ग्रेटर नोएडा के निवासी और वेस्ट यूपी के कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के एनकाउंटर के बाद अब उसकी अवैध संपत्तियों पर चाबुक चलने लगा है। करीब 250 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति अनिल दुजाना के पास थी। जिसको काफी तेजी के साथ जब्त किया जा रहा है। अभी तक 2 करोड़ 21 लाख की प्रॉपर्टी पुलिस ने जब्त किया जा चुका है। अब 8 से ज्यादा प्रॉपर्टी पर पुलिस की पैनी नजर है।

जानकारी के मुताबिक नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और पूरे वेस्ट यूपी में करीब 8 संपत्तियों पर पुलिस की नजर है। अनिल दुजाना ने अपने गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर करीब 250 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित की है। जिसको अब शासन अपने कब्जे में लेगी। बताया जा रहा है कि अब 8 अन्य संपत्तियों को भी पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। जिस पर बहुत ही जल्द कब्जा किया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने अनिल दुजाना की 2.21 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अनिल दुजाना के पास एक मोबाइल फोन मिला है। जिसमें करीब 40 लोगों के कांटेक्ट नंबर हैं। अब यूपी एसटीएफ पुलिस और अन्य एजेंसी इस बात का पता लगाने में लग गई है कि ये 40 लोग कहां पर हैं।

यूपी एसटीएफ ने बताया कि अनिल दुजाना एक शातिर किस्म का अपराधी था, जो अपने गैंग के सदस्यों की रंजिश और उनके आर्थिक लाभ को ध्यान में रखकर अपना गैंग चलाता था। लगातार गैंग में नए सदस्य जोड़ता रहता था।

क्षय रोगी खोजने के लिए चलेगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- विशेष क्षय रोगी खोज अभियान 15 मई से शुरू होगा, यह 21 कार्य दिवस तक चलेगा

गौतमबुद्ध नगर में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर से अभियान शुरू करने जा रहा है। इस बार यह अभियान आयुष्मान भारत के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसे विशेष क्षय रोगी खोज अभियान का नाम स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया गया है।

यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर शिरीष जैन की तरफ ने दी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर शिरीष जैन ने बताया कि विशेष क्षय रोगी खोज अभियान 15 मई से शुरू होगा। एचडब्ल्यूसी पर टीबी संबंधी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए यह अभियान 21 कार्य दिवस का होगा। अभियान के लिए माइक्रो प्लान भी तैयार किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अभियान की तैयारियों को लेकर एक विभागीय बैठक भी की जाएगी। इस अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। ग्राम प्रधान समेत सभी लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला स्तर पर अभियान का पर्यवेक्षण खुद सीएमओ, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर करेंगे, ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक और ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) की होगी।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का वीरता सम्मान समारोह

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर 33 स्थित अग्रसेन भवन में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा वीरता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा डीसीपी हरीश चंद्र, एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी रजनीश वर्मा, एसीपी सुशील कुमार गंगा, सेक्टर 58 थाना अध्यक्ष संजय सिंह और सेक्टर 24 थाना अध्यक्ष अमित कुमार को सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि रचित हत्याकांड मामले में नोएडा पुलिस की कार्रवाई से व्यापारियों का विश्वास गौतमबुद्ध नगर पुलिस में काफी बढ़ गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस की मुस्तैदी के चलते ही इतनी बड़ा खुलासा किया गया। वहीं, डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि रचित हत्याकांड पुलिस के लिए काफी मुश्किल केस था।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) HYUNDA_CAR_HYI20 ENG NO. D4FCHM380920-YOM-2017

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : JAGBIR SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO.9999996157 EMAIL – jagbir.singh@kotak.com

Public Notice This is to inform General Public that Mr. Gaurav Gupta acquired the First Floor (Without Roof Rights), "Said Floor" Built on Property Bearing No. 5, in Block-Z-1, (Commonly Known as Property No. Z-1/5) Land area measuring 196.83 Sq. yds. Situated in the residential colony known as "Model Town", Near Kingsway Camp at Mall Road, in the revenue estate of village Malikpur Chhaoni, Delhi vide Partition Deed dated 17.11.2022, (Doc. no. 187487). Now, Mr. Gaurav Gupta intends to sell the above-mentioned property to Mr. Phoji Digpal and further Mr. Phoji Digpal agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 14 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 14 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 14 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, TWINDERJIT SINGH alongwith my wife Mrs. GURPREET KAUR are the joint owners of DDA BUILT-UP FREEHOLD FLAT NO.457 ON GROUND FLOOR, CATEGORY-LIG, SECTOR-D, POCKET-6, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070. The original DDA Possession Slip dated 15.10.2012 of the said property has been misplaced. An Information Report of this effect has been lodged in Police Station, Crime Branch, Delhi vide LR No.413966/2023 on 06.05.2023.

Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of said misplaced original DDA Possession Slip, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9718323400 within 15 days from the date of publication of this notice. In case found by anyone may deliver it to us or contact at the above mentioned the phone number.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मोहित/ रोशी गुलाटी/ LBFDB00004364371	फ्लैट नंबर-बी-2201, फ्लोर- 22, टावर-बी, अजनारा ले गार्डन, प्लॉट नंबर- जीएच 02, सेक्टर- 16, ग्रेटर नोएडा (875 वर्ग फीट का क्षेत्रफल/ मई 04, 2023	नवंबर 30, 2022 रु. 28,05,660/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 10, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स से प्राधिकरण को मिले 475 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- गोल्फ कोर्स की अब तक 950 लोगों ने ली सदस्यता, 150 सदस्यों ने खेलना शुरू किया

नोएडा सेक्टर-151ए में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स की सदस्यता लेने वाले 150 सदस्यों ने नोएडा के गोल्फ कोर्स में खेलना शुरू कर दिया। नए गोल्फ कोर्स की 950 लोग सदस्यता ले चुके हैं। सदस्यता शुल्क एक साथ जमा करने पर लोगों को नोएडा के गोल्फ कोर्स में खेलने का मौका नोएडा प्राधिकरण दे रहा है। जानकारी के मुताबिक आम आदमी के लिए गोल्फ कोर्स का सदस्य बनने के लिए सदस्यता की कीमत 10 लाख रुपए तय की गई है, लेकिन सरकारी सेवाएं दे रहे लोगों को 5 से 7 लाख रुपए तक की छूट दी गई है।

40 प्रतिशत काम पूरा हुआ : नोएडा प्राधिकरण नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास गोल्फ कोर्स का निर्माण करा रहा है। अभी करीब 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। गोल्फ कोर्स में सात एकड़ में क्लब, बैंक्वेंट हॉल और पार्क का निर्माण किया जा रहा है। परिसर में कांफ्रेस हॉल, जिम, लग्जरी सूट्स, गेस्ट रूम, स्वीमिंग पुल आदि बनाए जाएंगे। यह 18 होल का होगा।

150 लोगों ने सदस्यता शुल्क जमा किया : नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह का कहना है कि करीब 150 लोग पूरा सदस्यता शुल्क जमा कर चुके हैं। ऐसे में उनको नोएडा के गोल्फ कोर्स में खेलने की सुविधा देनी शुरू कर दी है। उनके आईकार्ड बनाने की भी प्रक्रिया चल रही है। गोल्फ कोर्स का काम अगस्त 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अभी बिल्डिंग के साथ चारदीवारी बनाने का काम हो रहा है।

क्या हैं सुविधाएं : अधिकारियों ने बताया कि नोएडा के गोल्फ कोर्स में खेलने के लिए कुछ शर्तें होंगी, जिनमें पहले आओ पहले पाओ के तहत ज्यादा से ज्यादा छह सदस्य कार्य दिवस में गोल्फ खेल सकते हैं। किसी भी सदस्य के को एक माह में चार दिन या एक कैलेंडर वर्ष में 48 दिन से ज्यादा गोल्फ खेलने या गोल्फ कोर्स में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्राथमिक सदस्य और पति या पत्नी अपने बच्चे जो 21 वर्ष से कम आयु के होंगे, उनको नोएडा गोल्फ कोर्स की सुविधाओं मिलेंगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

एलजी ने सीएम बंगले पर खर्च की मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

कथित शराब घोटाले के बाद एक और मामले में बढ़ी आम आदमी पार्टी की मुश्किल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास का नवीनीकरण के मामले पर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा।

भाजपा के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने हाल ही में आरोप लगाया था कि केजरीवाल के घर के रेनोवेशन पर जबरदस्त फिजूलखर्ची की गई है। उन्होंने इस संबंध में एलजी को पत्र भी लिखा था। अब उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसका संज्ञान लिया लिया है। उन्होंने सीएम आवास नवीनीकरण पर कथित तौर से हुए फिजलूखर्ची को लेकर मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कथित शराब घोटाले के बाद एक और मामले में बढ़ सकती है आम आदमी पार्टी की मुश्किल।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कांग्रेस नेता अजय माकन के उस पत्र के सिलसिले में मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण में फिजूलखर्ची की जांच की मांग की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में दावा किया है कि सीएम आवास पर खर्च की गई राशि 45 करोड़ रुपए नहीं, बल्कि 171 करोड़ रुपए थी।

उन्होंने कहा कि यह धनराशि कोविड महामारी के दौरान खर्च की गई जब लोग अस्पतालों में बेड और ऑक्सीजन की कमी के चलते परेशान थे। इसके अलावा माकन ने सीएम आवास निर्माण के दौरान फिजूलखर्ची, वातारण को पहुंचे नुकसान और विरासत संरक्षण जैसे नियमों के उल्लंघन पर भी चिंता जताई थी। फ्लैगस्टाफ रोड पर सीएम के घर के नजदीक बने 22 में से 15 अधिकारियों के घर या तो तोड़ दिये गये या फिर खाली करवा दिये गये। जिनके आवास बच गए थे उन्हें कहा गया कि उन्हें दोबारा आवास मुहैया करवा दिया जाएगा। इस दौरान 126 करोड़ रुपये 21 नये तरह के फ्लैट को खरीद ने में खर्च किये गये। दावा किया जा रहा है कि सीएम का बंगला बनाने के दौरान मास्टर प्लान दिल्ली 2021 का उल्लंघन है। अजय माकन ने आरोप लगाया है कि यह क्षेत्र संरक्षित जिससे छेड़छाड़ किया गया।

मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास, जिसके सौंदर्यीकरण के खर्च को लेकर घमासान मचा हुआ है। (फाइल फोटो)

एलजी पर भी चलाया जा सकता है केस : आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल और आम आदमी पार्टी के बीच रार जारी है। अब आप नेता और केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी पर संगीन आरोप लगाए हैं।

भारद्वाज ने कहा है कि एलजी पर पिछले 22 साल से आपराधिक केस चल रहा है। यह मामला महिला पर हमला करने से जुड़ा हुआ है और भाजपा इस केस को लगातार टाल रही है। सौरभ ने एक वीडियो भी मीडिया के सामने साझा किया। साथ ही कहा कि आपराधिक मामले में उपराज्यपाल को संविधान में अभियोग चलाने से छूट का कोई प्रावधान नहीं है। अगर उपराज्यपाल किसी आपराधिक मामले में शामिल पाए जाते हैं तो उन भी पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में एलजी वीके सक्सेना को लेकर गुजरात के कोर्ट के ताजा आदेश का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2002 में साबरमती आश्रम में एक महिला पर किए गए हिंसक हमले में एलजी वीके सक्सेना आरोपी नंबर 4 हैं। एलजी ने अर्जी दी थी कि वे राज्यपाल से उपर और राष्ट्रपति से नीचे हैं।

एनजीटी ने स्थिति का पता लगाने को समिति बनाई

नई दिल्ली। सीएम आवास के नवीनीकरण की स्थिति का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक समिति का गठन किया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की पीठ ने कहा भीड़भाड़ वाले और प्रदूषित शहर में निर्माण के लिए पेड़ों को काटने और हरित पट्टी प्रदान करने की शर्त के अनुपालन की आवश्यकता के महत्व को देखते हुए, वह एक संयुक्त समिति का गठन करके तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाना आवश्यक समझते हैं। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे।

पीठ ने दिल्ली के मुख्य सचिव और प्रधान सचिव (पर्यावरण और वन) के साथ ही दिल्ली शहरी कला आयोग के एक नामित व्यक्ति और उत्तरी दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट वाली समिति का गठन किया।

पार्टी के विधायक के मामले में सौरभ चुप क्यों : भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा एलजी के खिलाफ राजनीतिक द्वेष से बोलना दुखद है।

भारद्वाज ने एलजी के राजनीतिक प्रदर्शन में शामिल होने के 2 दशक पुराने मुद्दे को उठाया है क्योंकि पूरी सत्ताधारी आप उपराज्यपाल के खिलाफ राजनीतिक रूप से पक्षपाती है क्योंकि उनके कार्यकाल में अनेक मंत्रियों और विधायकों से जुड़े भ्रष्टाचार के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। सीएम के बंगले पर एलजी ने कांग्रेसी नेता की ओर से दायर शिकायत का संज्ञान लिया है।

धरना: डीसीडब्ल्यू ने पुलिस को भेजा नोटिस

● महिला आयोग ने पूछा, दस दिन बाद भी पीड़ितों का बयान क्यों दर्ज नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने मंगलवार को पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल को समन जारी कर पूछा है कि अब तक यौन शोषण के आरोपी भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने कहा कि लंबे समय तक पुलिस ने एफआईआर नहीं की।

आंदोलन और कोर्ट के दबाव में मजबूरी में प्राथमिकी दर्ज हुई तो अब 11 दिन बाद भी महिला पहलवानों के 164 के बयान नहीं हुए। बृजभूषण को गिरफ्तारी से बचाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पुलिस को समन जारी कर दिस दिन में जवाब मांगा है।

आयोग ने मामले में की गई गिरफ्तारियों का विवरण मांगा है और आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण पूछे हैं। इसके अलावा, आयोग ने 164 सीआरपीसी के तहत पीड़ितों के बयान दर्ज करने में विफल रहने के कारणों के साथ-साथ उनके खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है। आयोग ने डीसीपी को 12 मई को आयोग के समक्ष कार्रवाई रिपोर्ट के साथ पेश होने के लिए कहा है।

जंतर-मंतर पर अंतरराष्ट्रीय पहलवानों का धरना जारी। फोटो : रंजन डिमरी

सीलमपुर में हवाई फायरिंग, तीन पकड़े

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर दिल्ली के सीलमपुर इलाके में मारपीट के बाद हवा में गोली चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजकर 8 मिनट पर उन्हें मारपीट और गोलीबारी की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली।

पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि सीलमपुर के के-ब्लॉक में जान-पहचान के कुछ लोगों के बीच मारपीट हुई थी। झगड़ा शांत होने के बाद कुछ लोगों ने मौके पर हवा में गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान सीलमपुर के रहने वाले आदिल, फैसल और असगर के रूप में हुई है।

संक्षिप्त समाचार

आर्मी बेस अस्पताल में लगी आग, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम हिस्से में दिल्ली छावनी इलाके में स्थित आर्मी बेस हॉस्पिटल में मंगलवार को तड़के आग लग गई, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के बारे में सूचना तड़के तीन बजकर 50 मिनट पर मिली जिसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को घटनास्थल भेजा गया। दमकल विभाग के अनुसार, आग ऑपरेशन थिएटर, गहन चिकित्सा केंद्र (आईसीयू) और भंडार कक्ष में फैली थी, जिन पर सुबह करीब साढ़े पांच बजे काबू पा लिया गया। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने ट्वीट किया, आग लगने की घटनाओं में दमकलकर्मियों के लिए सबसे खतरनाक चीज होती है सिलेंडर में विस्फोट। लेकिन डीएफएस ने हमेशा दिल्ली के नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए जोखिम उठाया है। कैंट के बेस अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली थी सिलेंडर की मौजूदगी के जोखिम के बावजूद डीएफएस की टीम ने आग पर काबू पाया।

सिविल लाइंस में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मरने वाले की पहचान वीरेंद्र सिंह रावत के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के दो खोखे बरामद किए हैं। मृतक का लंच बैग मौके से गायब पाया गया। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को अरुणा आसफ अली अस्पताल से फोन आया कि वीरेंद्र सिंह रावत नाम के एक व्यक्ति को उसके रिश्तेदार मनोज रावत ने घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। कलसी ने बताया कि वीरेंद्र की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के साले मनोज ने जानकारी दी कि शाम करीब सात बजकर 20 मिनट पर जब वह अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहा था, तो राजपुर रोड स्थित विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के पास वीरेंद्र घायल अवस्था में साइकिल रिक्शा में मिला। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित को अरुणा आसफ अली अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम और फोरेंसिक विभाग की एक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मनोज की शिकायत के आधार पर मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीएस) की धारा 302 (हत्या), 397 (लूटपाट या डकैती, मौत या गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश) और 34 (सामान्य मंश) और शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

त्रिवेणी ऑडिटोरियम में सुरमाला का आयोजन

नई दिल्ली। उस्ताद अब्दुल वहीद खान आर्ट एंड म्यूजिक चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उस्ताद अब्दुल वहीद खान साहब (कैराना घराना) की याद में संगीत समारोह 'सुरमाला 2023' 4 मई त्रिवेणी कला संगम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में देश के मशहूर कलाकारों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खा, मोमिन खान (सारंगी वादन) जयपुर से और संगीत नाटक एकेडमी से पुरस्कृत पंडित राजेंद्र प्रसन्ना जी बांसुरी वादन का सराहनीय प्रदर्शन रहा । संगत कलाकारों में प्रसिद्ध तबला वादक मिथिलेश कुमार झा और अभिषेक मिश्रा की प्रस्तुति रही और संस्था द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया, मंच संचालन सूरन्या अय्यर का रहा। संस्था के संस्थापक उस्ताद आरिफ अली खान के अनुसार संस्था का उद्देश्य उभरते और प्रसिद्ध कलाकारों को मंच प्रदान करना और भारतीय संस्कृति को शास्त्रीय संगीत के द्वारा बढ़ावा देना है।

एलजी ने दी नौकरी के लिए शारीरिक मापदंड में ढील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली पुलिस को दो नियुक्ति पत्र जारी करने का दिया निर्देश

एलजी वीके सक्सेना ने अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए शारीरिक माप के लिए निर्धारित मानदंडों पर ढ़ील दी जिसके बाद दो व्यक्तियों को दिल्ली पुलिस में नियुक्तियां दी गईं। राज निवास के अधिकारियों ने बताया कि लाभार्थियों मुस्कान राठौड़ तथा गोपेश मीणा की अर्जियां दिल्ली पुलिस ने खारिज कर दी थी क्योंकि दोनों की लंबाई क्रमश: 0.5 सेंटीमीटर तथा 0.4 सेंटीमीटर कम थी।

उप राज्यपाल ने दिल्ली पुलिस (नियुक्ति एवं भर्ती) नियमों,1980 की धारा 30 के तहत विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन दो मामलों के लिए शारीरिक माप के निर्धारित मानदंडों में ढील दी, दोनों लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए। मुस्कान राठौड़ की और गोपेश मीणा की 26 अगस्त को दाखिल अर्जी को खारिज कर दी थी। उपराज्यपाल ने निर्णय को पलटते उक्त आदेश जारी दिए।

आबकारी नीति घोटाला मामले में कारोबारी रेड्डी को जमानत

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में कारोबारी पी सरत चंद्र रेड्डी को चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सोमवार को कहा कि आरोपी को जेल में अच्छा उपचार तो दिया जा सकता है लेकिन अदालत इस मामले में जेल में जरूरी विशेषज्ञता वाले उपचार और निगरानी की अपेक्षा नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि रेड्डी की हालत ठीक नहीं है और वह बीमार हैं, इसलिए धनशोधन मामले में उन्हें जमानत पर छोड़ने की जरूरत है। इस बात का कोई साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं है कि उनके देश से भाग जाने का खतरा है।

रेस्तरां, होटल, बैंक्वेट हाल का स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क एनडीएमसी ने बढ़ाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● एजेंसी ने अपने क्षेत्र में सबसे अधिक 5,300 रुपये की बढ़ोतरी पांच सितारा होटलों पर की

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने विभिन्न कारोबार क्षेत्रों के लिए सालाना स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क में बढ़ोतरी की है। इनमें रेस्तरां, होटल, बैंक्वेट हॉल और थिएटर शामिल हैं। सबसे अधिक 5,300 रुपए की वृद्धि पांच सितारा होटलों के मामले में की गई है।

एनडीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि कारोबार लाइसेंस शुल्क वृद्धि 100 से 5,300 रुपए के बीच की गई है। हालांकि, लॉन्ड्री, बॉयलर, हॉकर और डेयरी बूथ के मामले में स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क नहीं बढ़ाया गया है। शुल्क में बढ़ोतरी का आदेश छह मई को जारी किया गया। यह वृद्धि एक अप्रैल से लागू होगी। पांच सितारा होटल के लिए स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क को 75,300 रुपए से बढ़ाकर 80,600 रुपए किया गया है। मांस की दुकानों, साइकिल पर सामान बेचने, पानी और आइसक्रीम की ट्रॉली के लिए शुल्क में 100 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

आतिथ्य क्षेत्र की बात करें, तो एक से 20 बिस्तर के गेस्ट हाउस के लिए स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क 200 रुपए बढ़ाया गया है। 21 से 50 बिस्तर के लिए इसमें 500 रुपए, 50 से 100 बिस्तर के लिए1,000 रुपए और 100 बिस्तर से अधिक के गेस्ट हाउस के लिए स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क में 2,300 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

एनडीएमसी ने कहा कि स्वास्थ्य लाइसेंस शुल्क में बढ़ोतरी काफी कम यानी 100 से 2,000 रुपए सालाना तक ही की गई है।

ठगों को बैंक खाते व सिम देने पर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के अलवार से दो को पकड़ा

दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के अलवर जिले से दो लोगों को हरियाणा में जालसाजों को कथित तौर पर बैंक खातों और सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी राघवेंद्र शर्मा और अलवर निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि अप्रैल में एक व्यक्ति से कथित तौर पर 1,45,000 रुपयेकी ठगी की गई थी। ठगी के शिकार पीड़ित ने आरोप लगाया था कि एक जालसाज ने उसका रिश्तेदार बनकर उससे संपर्क किया और एलआईसी फंड भेजने के बहाने उसके बैंक खाते से पैसे स्थानांतरित कर लिए। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि कुल राशि में से 95,000 रुपए मुरैना में एक पते पर पंजीकृत खाते में स्थानांतरित किए गए थे और पैसा हरियाणा के नूंह में मेवात के एटीएम से निकाला जा रहा था। कलसी ने बताया कि पुलिस ने अलवर में आरोपी व्यक्तियों के ठिकाने पर छापा मारा और राघवेंद्र शर्मा और सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने ये बैंक खाते और सिम कार्ड मेवात में अपने एक सहयोगी तौफीक को दिए थे। फिलहाल, तौफीक फरार है। पुलिस ने आरोपियों के हवाले से बताया कि उन लोगों ने तौफीक को 30 सिम कार्ड और 20 बैंक खातें उपलब्ध करवाएं जिसका इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी करने के लिए किया जा रहा था।

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, युवक पुलिस गिरफ्त में

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंदनगरी इलाके में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद इमाम उर्फ इमामुद्दीन उर्फ इमरान के तौर पर हुई है जो नंदनगरी का निवासी है।

उन्होंने बताया कि छेड़छाड़ का आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इमाम पहले सशस्त्र कानून, लूट, हमला और चोरी समेत 18 मामलों में शामिल रहा है।

बिना बताए परिसर आने पर राहुल को आगाह करेगा डीयू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक नोटिस जारी कर भविष्य में परिसर में बिना बताए आने के प्रति आगाह करेगा। राहुल ने विश्वविद्यालय के छात्रावास में बीते शुक्रवार को छात्रों से मुलाकात की थी, जिसके बाद डीयू प्रशासन ने उन्हें नोटिस भेजना का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव विकास गुप्ता ने कहा कि नोटिस मंगलवार या बुधवार को भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय कांग्रेस नेता से कहेगा कि इस तरह का दौरा छात्रों की सुरक्षा को खतरे में डाल देगा और ऐसी किसी मुलाकात के लिए उपयुक्त प्रोटोकॉल का पालन किए जाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट मेन्स हॉस्टल का दौरा किया था, जिस दौरान उन्होंने कुछ छात्रों से बातचीत की थी और उनके साथ भोजन किया था।

कनॉट प्लेस के कॉफी होम को नया रूप देगी सरकार

पर्यटन को बढ़ावा देने में विक्षिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों, इन्फ्लुएंसर्स, कैब कंपनियों की लेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकार ने शहर के कॉफी होम को नया रूप देने का निर्णय लिया है, ताकि घुमक्कड़ी के शौकीन लोगों को यहां आकर ताजगी महसूस हो और पर्यटन को बढ़ावा मिले।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सोशल मीडिया पर अपनी राय से लोगों को प्रभावित करने वाले इन्फ्लुएंसर्स को शामिल करने, पर्यटन विभाग की वेबसाइट को अपडेट करने और पुरातत्व विभाग एवं कैब सेवा प्रदाता कंपनियों को शामिल करने जैसी कई पहल शुरू की गई हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि पर्यटन विभाग ने होटलों में समूची दिल्ली के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करने वाली अपनी पत्रिकाएं भी रखवाई हैं और विभाग बुकलेट छपवाने की प्रक्रिया में है।

अधिकारी ने बताया कि सरकार ने विदेशियों में लोकप्रिय कैब सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ मिलकर काम करने और उन कैब में बुकलेट रखवाने का फैसला किया है।

● दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम द्वारा संचालित

विभाग ने कनॉट प्लेस में कॉफी होम को लोगों के अनुकूल बनाने के लिए इसे नया रूप देने का भी फैसला किया है।

अधिकारी ने कहा कि हम बाबा खड़क सिंह मार्ग पर स्थित कॉफी होम को नया रूप देने की योजना बना रहे हैं। यह पर्यटकों के बीच मशहूर है। हम इसे विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं और एक डिजिटल स्क्रीन लगाकर इसे बेहतर रूप दे रहे हैं, जहां लोग आसानी से मेन्यू देख सकें।

कॉफी होम दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) द्वारा संचालित है। सरकार हेरिटेज वॉक के बैनर तले ऐतिहासिक स्थलों के पर्यटन को बढ़ावा देने की पेशकश कर रही है। इन्हें बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने इन्फ्लुएंसर्स के लिए वॉक का आयोजन किया, जिन्होंने सोशल मीडिया पर इस भ्रमण के अनुभवों के बारे में वीडियो पोस्ट किए।

अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आमंत्रित करना दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने का एक हिस्सा था।

जन प्रतिनिधि थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए कार्यक्रम करें : ओम बिरला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद से लेकर पंचायत स्तर तक सभी जन प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में थैलेसीमिया की पहचान एवं रोकथाम को कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगाराम अस्पताल में बिरला ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सामूहिक प्रयासों से लोगों तक थैलेसीमिया की जानकारी पहुंचा कर इस गंभीर बीमारी के रोकथाम के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने आम लोगों के बीच थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता की कमी होने का उल्लेख किया।

इस कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कैरियर डिटेक्शन के लिए प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग के साथ एक स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। भारत में पहली बार बनाए गए प्वाइंट ऑफ केयर परीक्षण उपकरण को भी लॉन्च किया गया।

सर गंगा राम के पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी डॉ. अनुपम सचदेव ने कहा कि वर्ष 2006 से थैलेसीमिया के लिए सभी गर्भधारण की जांच की जा रही है।

टोल प्लाजा पर हादसे का शिकार हुए दो बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

सोहना। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज में बना टोल प्लाजा पर तेज रफ्तार थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो में से एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। हादसे में मरने वाले युवक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

आरोपी अज्ञात के खिलाफ भोंडसी थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए पहचान शुरू कर दी है। सोहना नगर परिषद के वार्ड-9 का गांव जखोपुर निवासी अजय कुमार अपने दोस्त जखोपुर ही निवासी संदीप के साथ सोमवार को गुरुग्राम से सोहना बाइक पर आ रहा था। बाइक को अजय का दोस्त संदीप चला रहा था। अजय पीछे बैठा हुआ था। संदीप ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वें जब घामडौज टोल प्लाजा से कुछ दूर पहले थे। तभी सर्विस रोड़ की तरफ से तेज गति से आई थार और उसके चालक ने लापरवाही बरते हुए सामने जा रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे संदीप को मामूली चोटें आई व अजय को अधिक चोट लगी। जिसके कारण अजय ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया।

गुरुग्राम पहुंची भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर की नेत्रियां

महिलाओं को संगठन हेतु बेहतर काम करने के लिए किया प्रेरित

गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मंगलवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी नंदा डगला एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्षा महिला मोर्चा, पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुनीता डांगी का प्रवास रहा।

गुरुकमल आगमन पर गुरुग्राम जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के साथ महिला मोर्चा की समस्त टीम ने उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीता गर्ग ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वन्देमातरम् के गायन से हुई। इस अवसर पर परिचय के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने और महिला मोर्चा का मनोबल बढ़ाने के लिए मंत्र दिये। सभी वरिष्ठ नेत्रियों ने महिला मोर्चा की टीम को संगठन के लिए मजबूती से काम करने को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। राजनीति में भी हमें खुद की मजबूती के लिए संगठन को मजबूत करने पर काम करना है। महिला मोर्चा गुरुग्राम प्रभारी अलीशा तोमर, जिला गुरुग्राम महिला मोर्चा प्रभारी ज्योति डेंबला, जिला महिला मोर्चा महामंत्री विधु कालरा एवं अलका सचदेवा, जिला महिला मोर्चा सचिव रेखा सैनी, कांता व उर्मि नांगला, रीतिका जाखड़, प्रदेश महिला मोर्चा से सुमन दहिया, अंजलि मिश्रा, वैशाली तोमर, योगिता धीर, कविता चौहान, निर्मल जांगड़ा, कीर्ति सिंह, ऋचा वशिष्ठ, निधि मल्होत्रा, मीनू शर्मा, गुरुग्राम जिला के विभिन्न मंडल अध्यक्ष पिंकी तोमर, बिमला राघव, हिमानी राघव, संतोष शर्मा, हेमलता यादव, मोनिका स्वामी उपस्थित रहे। इन सभी मंडल अध्यक्षों के साथ उनकी टीम भी कार्यक्रम में शामिल हुई।

हरियाणा क्षेत्र में द्वारिका एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य 99 फीसदी तक पूरा

गुरुग्राम में द्वारिका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

मंगलवार के अंक में हमने आपको गुरुग्राम-द्वारिका एक्सप्रेस-वे की खूबियों से रूबरू कराया। अब आपको बता दें कि इस एक्सप्रेस-वे का हरियाणा के हिस्से में 99 फीसदी तक काम पूरा हो गया है।

नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के निकट शिवमूर्ति से द्वारका के रास्ते खेड़की दौला टोल के समीप पहुंचने वाले 29 किलोमीटर लंबाई वाले द्वारिका एक्सप्रेस वे का हरियाणा क्षेत्र वाले हिस्से (18.9 किमी) का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जिसके चलते गुरुग्राम में आबादी के एक बड़े वर्ग को नई दिल्ली तक आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने खेड़की दौला के निकट एक्सप्रेस-वे के क्लोवरलीफ से बजघेड़ा तक निर्माणाधीन सड़क परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने जीएमडीए व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक्सप्रेस वे को लेकर स्थानीय लोगों की विभिन्न मांगों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जुड़े जिला प्रशासन के विषयों पर विस्तार से विमर्श भी किया। एनएचएआई के अधिकारियों ने डीसी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की अधिकतर मांगों को प्रोजेक्ट चालू होने से पहले शामिल कर लिया जाएगा। एक्सेस कंट्रोल अर्बन एक्सप्रेस-वे को आठ लेन बनाया गया है। यातायात की सुगमता के लिए तीन लेन की सर्विस रोड का भी प्रावधान किया गया है। निशांत कुमार यादव ने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने से न केवल गुरुग्राम, बल्कि एनसीआर क्षेत्र में सड़कों के ढांचागत तंत्र में एक बड़ी उपलब्धि शामिल होगी।

चार हिस्सों में किया गया एक्सप्रेस-वे का निर्माण : एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर निर्माण के जंभूलकर ने डीसी को बताया कि इस सड़क के निर्माण पर करीब 9000 करोड़ की अनुमानित लागत है। एक्सप्रेस-वे को चार हिस्सों में बांटकर निर्माण किया है,जिनमें दिल्ली क्षेत्र के 10.01 किमी क्षेत्र में दो तथा हरियाणा क्षेत्र में 18.9 किमी क्षेत्र को भी दो क्षेत्रों में रखा गया है। हरियाणा क्षेत्र के दोनों क्षेत्रों में निर्माण कार्य 93.2 व 99.25 फीसदी तक पूरा हो चुका है। पूरी उम्मीद है यह दोनों क्षेत्र जुलाई माह तक चालू हो जाएंगे। वहीं दिल्ली क्षेत्र का कार्य वर्ष 2024 में पूरा होगा।

देश में पहली बार 12 हजार वृक्ष किए ट्रांसप्लांट : एक्सप्रेस-वे के निर्माण के दौरान राह में आने वाले 12 हजार वृक्षों का ट्रांसप्लांट किया गया, जोकि भारत में इतने बड़े स्तर पर पहली बार हुआ है। इस एक्सप्रेस-वे पर यातायात की सुगमता व सफर करने वालों की सुरक्षा के लिए आईटीएस, एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, टोल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस आदि अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल भी किया जाएगा।

कट्टरवाद के घिनौने चेहरे व लव जिहाद को उजागर करने वाली फिल्म है 'द केरला स्टोरी' : धनखड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने महामंत्रियों संग देखी 'द केरला स्टोरी'

ओमप्रकाश धनखड़ ने सभी से की फिल्म देखने की अपील

गुरुग्राम में 'द केरला स्टोरी' फिल्म देखते ओमप्रकाश धनखड़।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने प्रदेश के तीनों महामंत्रियों के साथ 'द केरला स्टोरी' फिल्म देखी। गुरुग्राम में संगठनात्मक विषयों पर लगातार दो घंटे तक चर्चा करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ अपने तीनों महामंत्रियों वेदपाल एडवोकेट, मोहनलाल बडोली और पवन सैनी के साथ द केरला स्टोरी देखने पहुंचे।

फिल्म देखने के बाद धनखड़ ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि यह सत्य घटनाओं पर आधारित मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली फिल्म है। उन्होंने कहा कि 'द केरला स्टोरी' फिल्म कट्टरवाद के घिनौने चेहरे को उजागर करती है। फिल्म में लव जेहाद का मुद्दा भी उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सच पर आधारित है, इसका मकसद यह दिखाना है कि किस तरह से भोली-भाली लड़कियों को बरगलाकर लव जिहाद में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि फिल्म के माध्यम से देश के खिलाफ वर्षों से चले आ रहे षडयंत्र का पर्दाफाश हुआ है। यह एक फिल्म नहीं, बल्कि एक प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किस तरह से लव जिहाद में फंसाकर धर्मांतरण का सुनियोजित षड्यंत्र होता है, जिसका कि इस फिल्म में सजीव चित्रण किया गया है। पहली बार फिल्म के जरिए वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र को पूरे विश्व के सामने उजागर किया गया है। फिल्म आतंकी आईएसआईएस जैसे संगठनों की नापाक साजिशों का पर्दाफाश करती है और हमारी युवा पीढ़ी को इससे सचेत रहने के लिए आगाह करती है।

कांग्रेस समेत वामपंथी विचारधारा पर तंज कसते हुए धनखड़ ने कहा कि दशकों से कांग्रेस जिस सच्चाई पर पर्दा डालती आ रही थी, वह सच्चाई फिल्म के जरिए सभी के सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि फिल्म में दिखाई गई सत्यता से विपक्ष बौखला गया है। इस साहसी फिल्म के लिए निर्माता, निर्देशक और कलाकार अभिनंदन और बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अभिभावकों और युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि द केरला स्टोरी फिल्म अवश्य देखें, ताकि षडयंत्र से सचेत रह सकें।

नगर निगम गुरुग्राम कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने पर केस दर्ज

सोहना। पुलिस ने नगर निगम गुरुग्राम के कनिष्ठ अभियंता की शिकायत पर भोंडसी स्नेह विहार निवासी के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों के कार्य में बाधा डालने व गाली ग्लोच करने का मामला दर्ज किया है। अभियंता ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। कनिष्ठ अभियंता वरुण (प्रवर्तन)-4 नगर निगम ने भोंडसी पुलिस को बताया कि सीएम विंडो पर की गई शिकायत के आधार पर 20 अप्रैल को वह और उसके साथ अन्य कर्मचारी स्नेह विहार अवैध कॉलोनी में अवैध निर्माण की शिकायत पर पहुंचे थे। जहां पर आरोपी संदीप राघव ने उनकी टीम में शामिल कर्मचारियों को सीएम विंडो पर दर्ज शिकायत के अनुसार जांच पड़ताल नहीं करने दी। कर्मचारियों के साथ संदीप राघव ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए अभद्र व्यवहार किया।

आईटी सेक्टर में पूरे आत्मविश्वास से काम करती हैं महिलाएं : शीनू बेनर्जी

गुरुग्राम। पूर्व वीजा अधिकारी व वुमन लीडर ऑफ द ईयर-2023 अवार्डी शीनू बेनर्जी ने कहा कि महिलाओं को हमेशा रीजेक्शन और खुद पर शक करने जैसा डर सताता है। महिलाओं को हमेशा हर एक परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। वे मंगलवार को एसजीटी विश्वविद्यालय में महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रही थी। जिसका शीर्षक स्ट्रिंग टू श्राइव: द स्टेटस ऑफ वीमेन इन लीडरशिप रहा।

शीनू बेनर्जी ने आईटी सेक्टर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के समय में सबसे ज्यादा महिलायें आईटी सेक्टर में हैं, जो पूरे आत्मविश्वास से इस सेक्टर में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी काम की शुरुआत करने के लिए या कहें कि अपने आप में लीडरशिप क्वालिटी पैदा करनी हो तो हमेशा अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, खुद की खूबियों और खामियों का पता होना, स्वतंत्रता और पावरफुल डिसीजन मेकर आदि होना बहुत जरूरी है। ताकि आप अपने कामों को पूरी क्रिएटिविटी के साथ कर सकें। उन्होंने कहा कि आज ऐसा पहली बार

एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं शीनू बेनर्जी।

हुआ है कि वो इतनी सारी प्रोफेसर्स के सामने व्याख्यान दे रही हैं, उन्होंने एसजीटी यूनिवर्सिटी के वूमेन लीडरशिप को चलाई गई श्रृंखला को लेकर शुभकामनाएं और आभार प्रकट किया जो आज के समय में वूमेन लीडरशिप को बढ़ावा दे रही है।

यह व्याख्यान विवि के सेंट्रल कोआर्डिनेशन सेल द्वारा वूमेन लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शुरू की गई व्याख्यानमाला के सिलसिले में किया गया। इस मौके पर फैकल्टी ऑफ बिहेवियरल साइंसेज से प्रोफेसर व एडवाइजर डॉ. वहीदा खान, ऑफिस ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स के डीन रजनीश वधवा व एसजीटी यूनिवर्सिटी के एडवाइजर राजीव गुलाटी व अन्य लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

मेवात। शादी को दो महीने हुए थे। दुल्हन के हाथों की ठीक ढंग से मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि इतने में उनका सुहाग सड़क दुर्घटना में उजड़ गया। बता दें कि नूह जिले के मेवली गांव के पास मोटरसाइकिल पर सवार आपस में बात कर रहे दो लड़कों को टेंपू ने टक्कर मार दी। टेंपू की टक्कर लगने से एक फजल निवासी घागस नौजवान लड़के की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया जो अस्पताल में उपचाराधीन है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अल आफिया अस्पताल माड़ीखेड़ा अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। फजल की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। फजल दूसरे दिन पत्नी को लेने ससुराल जाने वाले थे। लेकिन वक्त का पहिया कब और किधर घूम जाए शिवाय खुदा के किसी को नहीं पता। बता दें की फजल दुल्हन लाने की खुशी में कपडे लेने नूह गया था। नूह से जब आपने गांव घागस वापस आ रहे थे तो मेवली गांव के पास दोनों किसी काम से रुक गए।

नशीला पदार्थ खरीदने के लिए कर दी राहगीर की हत्या

आरोपियों ने अपराध कबूलते हुए कहा अकेले व्यक्ति से करते थे लूटपाट

15 अप्रैल की रात को हुई एक हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में सेक्टर-37 में हत्याकांड के आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पुलिस ने तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अपने नशे की पूर्ति के लिए अकेले लोगों से लूटपाट करते थे। इन्होंने 15 अप्रैल की रात को एक व्यक्ति से लूटपाट करनी की कोशिश की थी, विरोध करने पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

मृतक की पत्नी ने शिकायत में बताया कि यह अपने पति जितेन्द्र के साथ सेक्टर-37 में किराए पर रहती है। उसका पति सेक्टर-37 में ही एक कंपनी में पिछले आठ महीने से काम करता था। बीती 15 अप्रैल 2023 को उसका पति जितेंद्र रोजाना की तरह शाम को करीब छह बजे बजे कम्पनी से घर आए। कुछ देर बाद घर का सामान लाने के लिए बाहर चले गए। रात करीब 10 बजे उसके पति से फोन करके पूछा तो उसने थोड़ी देर मे आने के लिए कहा। देर रात हो गई, लेकिन वे घर नहीं पहुंचे। अगले दिन 16 अप्रैल की सुबह पुलिस द्वारा दी गई सूचना पाकर वह इंडेन गैस गोदाम सेक्टर-37 के सामने पहुंची। वहां पर पड़े अपने पति के शव को पहचान लिया, जिसकी किसी अज्ञात ने चोंटे मारकर हत्या कर दी थी। सेक्टर-10 थाना में इस हत्या का केस दर्ज करके जांच-पड़ताल शुरू की गई। अपराध शाखा मानेसर प्रभारी उप-निरीक्षक ललित कुमार की टीम ने कार्यवाही करते हुए इस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान के लिए सूचनाएं एकत्रित की गई। पुलिस ने सेक्टर-37 में जितेन्द्र नामक व्यक्ति की हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके इस ब्लाइंड मर्डर की वारदात को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान अनिल कुमार, सूरज व जगत के रूप में हुई। उन्होंने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने लूटपाट करनी चाही तो जितेंद्र ने उनका विरोध किया। इस दौरान उन्होंने पत्थरों से चोटें मारकर उसकी हत्या कर दी। उसके शव को खाली पड़ी जमीन में फेंककर उसका मोबाईल फोन लेकर वहां से भाग गए।

नागरिक अस्पताल की आयुष वाटिका में औषधीय पौधे लगाए

सोहना के नागरिक अस्पताल की आयुष वाटिका में औषधिय पौधे लगाते हुए।

सोहना। स्थानीय नागरिक अस्पताल की आयुष वाटिका में जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने औषधिय पौधें लगाए। विद्यार्थियों ने छह माह तक पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया है। आयुष वाटिका में औषधिय पौधों की संख्या 50 से बढ़कर 70 हो गई है। जीवन में पौधों का महत्व और जीवन सुरक्षित करने के उद्देश्य से जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नगर अस्पताल की आयुष वाटिका में औषधिय पौधे लगाते हुए युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया है।

इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. दशरथ, आयुष के डॉक्टर कुलभूषण, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर सतबीर सरौहा, शिक्षक हुकम सिह, जीडी गोयनका से आए डॉक्टर सुरुति, लक्ष्मी, लवकेश विकास आदि ने इस पौधारोपण में हिस्सा लिया। पौधारोपण के दौरान आयुष की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों ने रौपे गए पौधों की कम से कम छह माह तक देखरेख करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर डॉक्टर पूजा माथूर ने कहा कि हर सप्ताह एक बार विद्यार्थियों की टीम पौधों की देखरेख के लिए आएंगे। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर दशरथ ने कहा आने वाला समय को बचाने के लिए पौधारोपण बहुत ही जरुरी है।

जान लेवा बीमारियों को प्रकोप खराब खान-पान से बढ़ता जा रहा है। आक्सीजन देने वाले से लेकर औषधिय पौधे से ही जीवन सुरक्षित रह सकता है। डॉक्टर लक्ष्मी ने कहा कि युवाओं को पौधारोपण की प्रेरणा देते हुए जीवन में पौधो का महत्व की जानकारी देना बहुत महत्वपूर्ण है।

प्लॉग रन के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर कचरा अलगाव के बारे में दिया गया संदेश

नगर निगम गुरुग्राम व साहस एनजीओ की टीम 'अलग करो' ने किया कार्यक्रम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्राथमिक स्तर पर कचरा अलग-अलग करने के बारे में संदेश देते हुए मंगलवार को एक प्लॉग रन का आयोजन किया गया। नगर निगम गुरुग्राम व साहस एनजीओ की टीम अलग करो द्वारा सेक्टर-55 स्थित स्मृति वाटिका में आसपास के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की तथा सामुदायिक भागीदारी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्लॉगमैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात रिपु दमन बेवली ने प्लॉग रन के दौरान प्रतिभागियों को सूखा कचरा एकत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फिटनेस को ठोस कचरा प्रबंधन से जोड़ा। यह प्लॉग रन स्मृति वाटिका से शुरू होकर अरावली रेंज की ओर गई और

गुरुग्राम में कचरा अलगाव करने को लेकर प्लॉग रन में भाग लेते लोग।

फिर उसी रास्ते से वापिस आई। प्लॉग रन दो किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अलग करो टीम के साथ काम करने वाली 11 सोसायटियों से होकर गुजरी। कार्यक्रम में 140 वालंटियर्स की भागीदारी रही, जिनमें आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, हाइराईज सोसायटियों के हाऊसकीपिंग स्टाफ और अन्य नागरिक शामिल थे।

प्लॉग रन के दौरान लगभग 253 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें प्लास्टिक, रैपर और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने अपनी अलग करो यात्रा के अनुभवों को सांझा किया और उपस्थित नागरिकों को कचरा अलगाव के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्लॉग रन प्रतियोगिता, नॉज स्ट्रॉ कोकोनेट चैलेंज, अलग करो स्टॉल, फोटो वॉक और प्लेज ट्री आदि रोमांचक गतिविधियां भी शामिल थी। कार्यक्रम का समापन एक प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ, जिस दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने कचरे की स्वयं जिम्मेदारी लेने और इसे ठीक से प्रबंधित करने का संकल्प लिया। अलग करो मंत्र को बढ़ावा देने और समाज के भीतर संबंध को मजबूत करने के लिए इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने का निर्णय लिया गया।

टीएचएससी के सहयोग से उत्तराखंड सरकार चला रही हेरिटेज टूरिस्ट गाइड का नि:शुल्क प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यटन विभाग उत्तराखंड और टूरिज्म और हॉस्पिटेलिटी स्किल काउंसिल के तत्वाधान में चलाए जा रहे हेरिटेज टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण ऋषिकेश में चलाया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड पर्यटन विभाग की (अपर निदेशक) पूनम चंद जी द्वारा प्रदेश में एसे विभिन्न प्रकार के कोर्सेज जैसे : टूर ड्राईवर, गेस्ट हाउस केयर टेकर, रोड साइड रिट्री सर्वर आदि चलाये जा रहे हैं।

जिससे उत्तराखंड में पर्यटक को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही राज्य के युवाओं को रोजगार मिल सकेगा और वो आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसका प्रशिक्षण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया जायेगा। उत्तराखंड पर्यटन विभाग की अपर निदेशक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण योगदान देने का आश्वासन दिया। हेरिटेज टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण में आज छात्र-छात्राओं को रामझुला स्थित 84 कुटिया ले जाया गया। भारत दौरे के एक्सपोर्ट राजू गोसाई ने टूर गाइड प्रशिक्षुओं को चौरासी कुटिया में स्थित विभिन्न इमारतों का इतिहास व बीटल बैंड से जुड़े संबंधों को विस्तार से बताया इस टूर के दौरान गोसाई ने बीटल द्वारा लिखे गए कुछ गानों की रिकॉर्डिंग भी सुनाई। इस हेरिटेज वॉक के दौरान बीटल आश्रम से जुड़ी हुई कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई इसमें सबसे महत्वपूर्ण बीटल्स का योग नगरी ऋषिकेश में आने के बाद पर्यटन व्यवसाय में अत्यधिक उछाल आया।गोसाई कहते हैं कि 1952 से 1968 तक भारत में विदेशी पर्यटकों का आगमन चार प्रतिशत या पांच प्रतिशत के लगभग था लेकिन बीटल्स के भारत आने के बाद 1969 विदेशी पर्यटकों की संख्या में आश्चर्यचकित कर देने वाला उछाल देखा गया, यह विदेशी पर्यटकों का आगमन 37 प्रतिशत के लगभग था, इस दौरान संयोजक विजय तिवारी जी और ट्रेनर केतन भट्ट जी मौजूद रहे।

सोसायटी की बसों में वृद्ध यात्रियों से वसूला जा रहा है पूरा किराया

वृद्ध यात्री सुविधा न देने वाली सोसायटी बस का लाइसेंस रद्द करने की मांग

एन रोहिल्ला। सोहना

सोहना के सामान्य बस स्टैंड से चलतीं सोसायटी की बस।

सोसायटी बसों में वृद्ध यात्रियों से सफर करने के दौरान कंडेक्टर पूरा किराया वसूल कर रहे है। सोसायटी की बसों में वृद्ध यात्रियों सीट भी आरक्षित नहीं है। सीट न मिलने के दौरान वृद्ध यात्री पूरा सफर खड़ा होकर करने के लिए मजबूर है।

प्रदेश सरकार ने हरियाणा रोड़वेज की बसों में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्ध यात्रियों को सफर करने के दौरान किराए में 50 फीसदी की छूट व बैठने के लिए सीट आरक्षित की हुई है। लेकिन सोहना से गुरुग्राम, बल्लभगढ़, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, पटौदी आदि मार्गों पर दौड़ने वाली सोसायटी की बसों में वृद्ध यात्रियों से पूरा किराया वसूला जा रहा है। वृद्ध यात्रियों के लिए सोसायटी की बसों में सीट आरक्षित है। लेकिन वृद्धों को बैठाया नहीं जाता है। सोसायटी बसों में तैनात कंडेक्टर अधिक कमाई के लालच में क्षमता से अधिक यात्रियों को बसों में चढ़ा लेते है। ऐसे में वृद्ध नागरिकों को बैठना तो दूर खड़ें होकर सफर करना भी भारी पड़ रहा है।

सोसायटी बसों का लाइसेंस रद्द करके सरकार : सोसायटी की बसों में सफर करने के दौरान सुविधा न मिलने से निराश वृद्ध यात्री 65 वर्षीय धनपाल का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इन बसों में नियमित रुप से जांच करें। जांच के दौरान वृद्ध यात्रियों को सुविधा न देने वाले बस का परमिट तुरन्त प्रभाव से रद्द किया जाए। आरोपी कंडेक्टर समेत बस मालिक के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया जाए। 62 वर्षीय फूलवती का कहना है कि सोहना से अन्य शहर व जिले को जाने वाली बसों सोसायटी व मेवात रोड़वेज की बस संचालक पूरा किराया वसूल रहे है।

मेवात सोसायटी को केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर का परमिट मिलता है। यह नियम केवल हरियाणा सरकार के अधीन चलने वाली सोसायटी की बसों में पर ही लागू होता है।

(अब्दुल-मेवात सोसायटी प्रभारी सोहना बस स्टैंड)

सोसायटी बस संचालकों को द्वारा वृद्ध यात्रियों से पूरा किराया वसूली की शिकायतें उनके पास नियमित रुप से आती रहती है। जिनको लेकर आरटीओ को लिखित में शिकायत भी गई है। सोसायटी की बसों में वृद्ध यात्रियों के सम्मान को ठेस पहुंचाया जा रहा है।

(रमेश चंद-बस स्टैंड प्रभारी सोहना)

रेलवे रोड़ की हालत दयनीय, रोजाना गुजरते हैं हजारों यात्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद/पलवल

हर मौसम में गड्ढों में भरा रहता है पानी लोग हो रहे चोटिल

बस अड्डा से स्टेशन तक जाने वाले रेलवे रोड की हालत खराब हो चुकी है। इस रोड पर पानी जमा होने व गड्ढे होने से चलना मुश्किल हो गया है। बेमौसम की बारिश के बाद तो लोगों की परेशानी और बढ़ गई। स्टेशन जाने के लिए लोगों को कीचड़ में गिरने के डर से किसी न किसी सवारी का सहारा लेना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि यहां की अनाज मंडी से सरकार को हर साल करोड़ों की आमदनी होती है। लेकिन विकास के नाम पर यहां लोगों को प्रशासन की बेरुखी का सामना करना पड़ता है। रेलवे रोड की हालत इतनी खराब है कि यहां से बिना कीचड़ के छींटे लगे कोई गुजर नहीं सकता। सड़क में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। कई बार महिलाएं व बच्चे कीचड़ में गिर चुके हैं। बच्चों को घर से अकेले बाहर भेजने में भी डर लगता है। हजारों लोगों को रोजाना स्टेशन पर जाना पड़ता है। जब भी वह संबंधित विभाग से सड़क मरम्मत की बात करते हैं तो कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोल कर दी जाती है। जबकि सड़क पर दिन भर आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क की तरफ ध्यान देने की अपील की है।

काफी समय से बनी हुई है समस्या : इस रोड की खस्ता हालत काफी समय से बनी हुई है, लेकिन फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। मार्ग पर इस समय बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को हादसे का शिकार होने के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। सड़क से नियमित रूप से गुजरने वाले नरेंद्र सिंह, कुलदीप, श्याम लाल व राजबीर ने बताया कि यह शहर का मुख्य मार्ग है। रेलवे रोड पर पैदल व वाहन से आने वाले लोग सभी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि सड़क पर निकली बजरी व पत्थर के कारण वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। सड़क पर छोटे से लेकर बड़े वाहनों का हर समय यहां आना जाना लगा रहता है। इसका निर्माण हुए भी कई वर्ष बीत गए हैं। लोगों का कहना है कि वे सड़क के निर्माण को लेकर कई बार संबंधित विभाग व जिला प्रशासन को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।


रेलवे रोड पर भरे कीचड़ से गुजरते वाहन।

गड्ढों में भरे पानी के कारण राहगीरों के साथ स्थानीय निवासियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन से कई बार गुहार लगाई जा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

-संदीप

रेलवे रोड की खस्ता हालत कई वर्षों से बनी हुई है। यह रोड राहगीरों के लिये मुख्य रोड है। रोजाना हजारों लोग इस रोड से गुजरते हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदकर बैठा है। हमारी मांग है कि इस रोड को जल्द ठीक करवाया जाएं।

-कमल

रोजाना दिल्ली मथुरा की तरफ जाने वाले हजारों लोग इस रोड से गुजरते हैं। स्टेशन तक जाने के लिये इसी रोड से गुजरना उनकी मजबूरी है। यह रोड कई बार बन चुका है, लेकिन हर बार कुछ ही दिनों में टूट जाता है।

-प्रकाश मंगला

रेलवे रोड की खराब हालत विभाग के संज्ञान में है। बस अड्डा से स्टेशन तक रेलवे रोड को बनाने के लिए दो करोड़ 70 लाख रुपये इस्टीमेट बनाकर भेजा हुआ है। जैसे ही मंजूरी मिल जाएगी, इसके निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

-एनके यादव, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी विभाग

संक्षिप्त समाचार

थैलेसीमियाप ग्रस्त बच्चों के साथ मनाया रंगारंग कार्यक्रम

थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ कार्यक्रम पेश करते कलाकार

फरीदाबाद। अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर एक यादगार शानदार कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-15 फरीदाबाद में किया गया। विषय था, केयर शेयर अवेयर यानि ग्रस्त बच्चों की केयर। लोगों को अपने विचार शेयर करना व बीमारी के बारे में सचेत करना। कार्यक्रम की शुरुआत में मई माह में पैदा हुए बच्चों का जन्मदिन मनाया गया, जिसमें समाजसेवक ध्रुव बतरा, रूपाली बतरा व उनके पुत्र शामिल हुए। मई माह में ही ध्रुव बतरा के पुत्र का जन्मदिन था। उन्होंने थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ अपनी खुशियां एक शानदार केक काटकर बांटी व सभी बच्चों को उपहार दिए। इसके बाद शुरू हुआ रंगारंग कार्यक्रम, जिसमें हरियाणा के जानेमाने गायक एम सोनी व उनकी टीम द्वारा बच्चों का मनोरंजन किया। हरियाणा के मशहूर गायक यूके हरियाणवीं ने अपने मशहूर गाने पर बच्चों से खूब डांस करवाया। उनके गाए गाने घुंघरू टूटन दे व तगड़ी के झोल, जो बच्चों को बहुत पसंद आए। इस अवसर पर डीएसपी राजेश चेची, प्रवेश मालिक, नीरज चावला, राकेश भाटिया, अनीता जैन, संदीपिका वशिष्ठ, मोनिका कोहली ने भी शिरकत की।

बच्चों के मुख स्वास्थ्य के बारे में बताया

पलवल। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डिप्टी चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामेश्वरी ने दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को दांतों से जुड़ी बीमारियों के कारण व उनके उपचार से संबंधित विचार रखे। बच्चों को स्कूल चेयरमैन कुलदीप कौशिक और डॉ. रामेश्वरी ने अपने दांतों को खाना खाने के बाद ब्रश करके साफ करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीश कौशिक, स्कूल प्रिंसिपल गोपाल चौहान, सुरेश शर्मा, श्रीपाल, मुकेश, शिल्पा व निशा भी उपस्थित रहे।

डीसीटीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किए सम्मानित

पलवल। डीसीटीएम ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-2023 आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक व एचएलआरडीसी चेयरमैन जगदीश नायर रहे। मुख्य अतिथि ने पलवल, होडल व हसनपुर के उन शिक्षकों, प्रिंसिपल व चेयरमैन को सम्मानित किया, जिन्होंने शिक्षा के सुधार के लिए विशेष कार्य किए हैं। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। समारोह में डीसीटीएम के चेयरमैन डॉ. प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया व राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की मदद को लगाया रक्तदान शिविर

फरीदाबाद। विश्व थैलेसीमिया दिवस व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, ओम सेवार्थ फाउंडेशन पलवल और भारत विकास परिषद पलवल शाखा के संयुक्त तत्वावधान में पलवल के मुख्य बाजार स्थित दीप स्वीट्स में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन क्लब के संयोजक विकास मित्तल, ओम सेवार्थ फाउंडेशन पलवल के प्रधान देवेंद्र शर्मा, भारत विकास परिषद पलवल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। उन्होंने रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर नवजात शिशु की समय पर थैलेसीमिया की जांच अवश्य करवाएं। शादी से पहले युवक व युवतियों, गर्भवती महिला व थैलेसीमिया मरीज के सगे संबंधी आदि की जांच जरूरी है। इस रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. नरेश डागर, भारत भुषण, सुरेंद्र शर्मा, सोनू गुप्ता, पंकज गुप्ता, रचित सिंगला, तरुण, डा. गुलशन अरोरा, अरुण मित्तल, विशाल मंगला, नेपाल, संजीव, कमलेश, भूषण, मनीषा, पूजा, मनोज आदि ने विशेष योगदान दिया।

ड्रॉपआउट बच्चों की दोबारा शिक्षा के लिए वालंटियर प्रशिक्षित किए

फरीदाबाद। एजुकेशन वालंटियर की मदद से ड्रॉपआउट हुए बच्चों को फिर से शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिलेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने फरीदाबाद में बने करीब आठ बुनियादी सेंटर में एजुकेशन वालंटियर की ट्रेनिंग शुरू कर दी है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद यह वालंटियर जिले में शिक्षा से वंचित हुए करीब 384 बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे। दरअसल, शिक्षा विभाग के शिक्षा सत्र 2023- 2024 सर्वे के मुताबिक जिले में स्कूल ड्रॉपआउट हुए करीब 384 बच्चों में अधिकतर बच्चों ने आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से दूरी बना ली है। ऐसे बच्चों को एजुकेशन वॉलंटियर्स सरकारी स्कूल में अलग कक्षाएं लेकर उन्हें शिक्षित करेंगे और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करेंगे। ताकि यह बच्चे अपनी उम्र के अनुसार कक्षाओं के लिए तैयार हो सकें। वहीं बुनियादी शिक्षा के नोडल अधिकारी विना वासुदेव ने बताया कि फरीदाबाद ब्लॉक में कुल 12 एजुकेशन वालंटियर को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह वॉलंटियर आगे इन बच्चों को शिक्षित करेंगे। इन बच्चों के लिए शिक्षा निदेशालय पुस्तकें भेजेगा, ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न हो।

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को लगाई जाएगी : गोयल

फरीदाबाद। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 13 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण राजीनामा करके करा सकते हैं। सीजेएम ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्द्रपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग 15 वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, वह आपसी सहमति सुलह करके राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है।

बिजली स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

गर्मियों में बिजली संकट की आशंका दूर करने के लिए अधिकारियों को दी हिदायत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विधायक राजेश नागर ने मंगलवार को सेक्टर-37 में नए बने बिजली सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बिजली अधिकारियों से कहा कि वह अपनी तैयारियों को मुकम्मल कर लें, जिससे कि इस गर्मी में लोगों को बिजली की कटौती से रूबरू न होना पड़े। विधायक ने सब स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों से बिजली की आपूर्ति एवं क्षमता के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों को बिजली आपूर्ति में किसी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए। ऐसे में स्टेशन में कोई भी काम बाकि रहता है, तो उसे समय रहते पूरा कर लें, जिससे किसी भी आशंका को दूर किया जा सके। विधायक ने बताया कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिए सरकार कोई कमी नहीं छोड़ रही है। ऐसे में अधिकारियों को भी अपने पूरे प्रयास कर जनता को लाभ पहुंचाने का काम करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपना काम पूरी ईमानदारी से करो ताकि लोगों को शिकायत का मौका ही न मिले।

विधायक ने बताया कि सेक्टर-37 में नए सब स्टेशन के बनने से उनके क्षेत्र में बिजली कटौती बीते दिनों की बात हो जाएगी। इससे ग्रेटर फरीदाबाद की कॉलोनियों, सेक्टरों और गांवों को भरपूर बिजली मिलेगी। इनमें पल्ला, सपना मार्केट, सेक्टर 37, तिलपत, अनंगपुर, अजय नगर, बसंतपुर आदि फीडर जोड़े जाएंगे, जिससे लाखों की संख्या में लोगों को राहत मिलेगी।

श्री नागर ने कहा कि पिछली गर्मी में ओवरलोड के कारण कभी कभी फीडर पर कट लग जाते थे, जिन्हें अब दूर कर लिया जाएगा। इस अवसर पर बिजली एसडीओ विनोद भारद्वाज, वासुदेव भारद्वाज, अमित भारद्वाज आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विद्यार्थियों ने रैली निकाल किया जागरूक

फरीदाबाद। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार रेडक्रॉस दिवस और विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर क्विज, भाषण, पोस्टर मेकिंग, निबंध सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

प्राचार्य ने बताया कि यह दिवस अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट की विशिष्टता और एकता को सेलिब्रेट करता है। यह प्रतिवर्ष आठ मई को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों को समर्पित है, जो भोजन की कमी, कई प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध के साथ महामारी और बीमारियों से पीड़ित हैं, जिन लोगों को वास्तव में जरूरत है, उनके लिए बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

बहुत सरकारें और निजी संगठन कई आपदाओं से पीड़ित आवश्यकता अनुसार लोगों की सहायता के लिए सक्रिय सदस्य बनते हैं। प्राचार्य ने कहा कि इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस और रेडक्रीसेंट दिवस एवरीथिंग वी डू फ्रॉम द हार्ट थीम पर मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में दिए दंत चिकित्सा से संबंधित टिप्स

फरीदाबाद। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च फरीदाबाद ने सीडीई प्रोग्राम कम हैंड्स ऑन वर्कशॉप एंटीरियर कंपोजिट रिस्टोरेशन को सरल बनाने के लिए टिप्स और ट्रिक्स का आयोजन किया। कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग ने मणि लिमिटेड के सहयोग से एंटीरियर कंपोजिट रिस्टोरेशन को सरल बनाने के लिए टिप्स दिए। अतिथि वक्ता डॉ. स्मिता सिंह थीं, जो उदयपुर में 20 से अधिक वर्षों से अभ्यास कर रही एक प्रसिद्ध एंडोडेंटिस्ट हैं। उन्हें आधुनिक दंत चिकित्सा की पौराणिक महिला के रूप में भी सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. सीएम मढिया, प्रिंसिपल डॉ. विशाल जुनेजा, सीईओ और डॉ. प्रशांत भसीन, हेड कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और विभिन्न विभागों के अन्य प्रमुखों ने किया। इस कार्यक्रम ने विभिन्न विशिष्टताओं के स्नातकोत्तर छात्रों को आकर्षित किया और इसमें संकाय सदस्यों व शिक्षाविदों और छात्रों ने समान रूप से भाग लिया। सीडीई कार्यक्रम ने छात्रों को उन्नत वैज्ञानिक अवधारणाओं तक पहुंच प्राप्त करने, उनके ज्ञान को बढ़ाने और कलात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करने की अनुमति दी। लाइव प्रदर्शन के साथ प्रतिभागियों के लिए अतिथि वक्ता के साथ एक इंटरेक्टिव सत्र के साथ एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के लिए पंजीकृत 45 स्नातकोत्तर छात्रों के साथ 110 से अधिक दंत चिकित्सा छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसों में दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

दिल्ली-आगरा नेशनल हाइवे पर हुए अलग-अलग हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं।

सेक्टर-58 थाना पुलिस की पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना में झाड़सेंतली मोड़ की है। मृतका की पहचान मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी धनरजिया के रूप में हुई है। मृतक महिला के पति राजेंद्र ने शिकायत में बताया है कि सात मई की शाम करीब 7.30 बजे वह पत्नी धनरजिया व बच्चों के साथ झाड़सेंतली मोड़ पर बल्लभगढ़ जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़े थे। उसी दौरान पलवल की ओर से तेज रफ्तार कार ने धनरजिया को टक्कर मार दी। इसमें उनकी मौत हो गई।

वहीं दूसरी घटना कैली मोड़ की है। सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस हादसे के बाद शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान करने में लगी है। सेक्टर-58 थाना की पुलिस दोनों मामले में जांच कर रही है।

बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

मांगों को लेकर यूनियन के झंडे तले सुबह 10 बजे से अपना कामकाज ठप कर बिजली कर्मचारियों ने की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मी

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद के सर्कल सेक्टर-23 स्थित एनआइटी डिवीजन के दफ्तर पर कार्यकारी अभियंता के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता एनआइटी यूनिट के प्रधान विनोद कुमार शर्मा ने किया व मंच का संचालन वरिष्ठ उपप्रधान शौकीन खान ने किया। अपनी कई सूत्रीय मांगों को लेकर यूनियन के झंडे तले सुबह 10 बजे से अपना कामकाज ठप कर बिजली कर्मचारी इकट्ठा होना शुरू हो गए। विरोध प्रदर्शन की अगुआई कर रहे पूर्व सर्कल सचिव संतराम लांबा ने बिजली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि हम तब तक दरी से नही उठेंगे, जब तक मुग पत्र पर लिखी हुई कर्मचारी की एक एक समस्या का समाधान नहीं हो जाता है। अभी यह विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। अपने कर्मचारियों की हर उस जायज मांगों को मानना एक जिम्मेदार अधिकारी का नैतिक कर्तव्य बनता है, जिससे वह अपना पीछा नहीं छुड़ा सकता। उन्होंने कहा कि हमारा बिजली कर्मचारी जब फील्ड में काम करता है तो उसे बिजली के बेहतर उपकरण मिलने चाहिए, जो कर्मचारियों को समय समय पर नहीं दिए जाते। निगम में बेहतर तकनीक के साथ काम करने के लिये साधन और संसाधन दिए जाने चाहिएं। फ्यूज को लगाने तक के लिये वायर नहीं मिलती। एक तो कर्मचारियों की भारी कमी से जूझते हुए भी मजबूर होकर महकमे को सुचारू रूप से हम चलाते है और दूसरी तरफ कर्मचारियों को प्रताड़ित कर ये अधिकारी उनका मानसिक शोषण करते हैं। अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर मुकेश, राजेश, देवीराम, सोनू, गोला, नरेश, अमरचंद, महेंद्र, विकास, सुमित खेरा, कुलदीप, दलीप, जितेंद्र, हेमंत आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

गरीब परिवारों की आय को बढ़ाना अंत्योदय मेले का सर्वोपरि उद्देश्य : जितेंद्र कुमार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पात्र परिवारों के लिए आयोजित मेले में शिरकत करते लोग

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में योजना के पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह बात जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पृथला में मेले के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि सरकार योजना के पात्र परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व लाभकारी नीतियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए तत्पर है। इस मौके पर उन्होंने मेले का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ बीडीपीओ प्रवीण कुमार, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल, एलडीएम ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने एक ही छत के नीचे 18 विभागों की हेल्प डेस्क लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ पात्र परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मेले में आए पात्र परिवारों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभ प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मेले में योजना का लाभ लेने के लिए लाभपात्र अपने दस्तावेज जमा कराकर लाभ उठा रहे हैं। दस्तावेजों की जांच के उपरांत बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से पात्र व्यक्ति अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगे। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरोगी हरियाणा योजना के तहत मेले में आए सभी लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित कर लाभार्थियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अंत्योदय मेले में हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्तीय एवं विकास निगम, रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा कौशल विकास मिशन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज, रोजगार विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा ग्रामीण आजीविका विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी मौजद थे।

राष्ट्रीय सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बारे में जानकारी दी

समारोह का शुभारंभ करते अतिथि व आयोजक।

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय में चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड गेंस एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस न्यू दिल्ली ने निभाई। उन्होंने देश के आर्थिक इतिहास के बारे में भी बताया तथा नवप्रवर्तन के विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता को जताया। समारोह में अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ज्योति राणा विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को बताया तथा उन्होंने भारत के कुल आयात और कुल निर्यात का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप होने वाले विभिन्न फायदे व चुनौतियों के बारे में भी बताया। दूसरे सम्मेलन में संयोजक की भूमिका में डॉ. मनोज शुक्ला रहे तथा सह संयोजक डॉ. उषा चौधरी रहीं तथा आयोजन सचिव की भूमिका डॉ. शिल्पा गोयल ने निभाई।

भारत में निवेश

सराहनीय कदम

अमेरिकी निजी निवेश फर्म जनरल एटलांटिक ने भारत में अपना वार्षिक निवेश चार गुना करने का निर्णय किया है। विकास-इक्विटी निवेशक 'जनरल एटलांटिक' ने घोषणा की है कि वह भारत में अगले कुछ वर्ष तक 1 बिलियन डालर तक का नया निवेश करेगी। यह भारतीय आर्थिक नीति की उल्लेखनीय सफलता है। जनरल एटलांटिक के प्रबंध निदेशक तथा भारतीय शाखा के प्रमुख शांतनु रस्तोगी ने एक खबरिया एजेंसी को बताया, 'हमारी नजर सरकार द्वारा किए गए बड़े नीतिगत परिवर्तनों पर है जिससे सेवाओं व वस्तुओं में डिजिटल ढांचागत संरचना बनाने को बढ़ावा मिलेगा। वित्तीय समावेशन के लिए सस्ती सप्लाई व सस्ती ढांचागत संरचना तथा सस्ता डेटा हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं।' न्यूयार्क की इक्विटी फर्म वैश्विक स्तर पर लगभग 71 बिलियन डालर परिसंपत्तियों का प्रबंधन करती है और उसने पिछले दो दशक से अधिक समय में भारत में 4.6 बिलियन डालर का निवेश किया है। प्रति वर्ष औसतन 230 डालर से प्रति वर्ष 1 बिलियन डालर का निवेश लंबी छलांग होगा। जनरल एटलांटिक ने भारत में वालमार्ट-स्वामित्व वाले डिजिटल भुगतान एप-फोनपे प्राइवेट-पीई का समर्थन किया है। पीई इंडिया की कार्रवाइयों का विकास निर्यातोन्मुख सेवायें प्रदान करने वाली फर्मों को प्रोत्साहन देने की दिशा में हुआ है। वे भारत में बढ़ते घरेलू उपभोग को लक्ष्य बनाती हैं। इसके केन्द्रित क्षेत्रों में उद्यमिता साफ्टवेयर, स्वास्थ्यरक्षा व वित्तीय सेवा कंपनियां हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई में कमी की पृष्ठभूमि में जनरल एटलांटिक की

घोषणा खासकर आनन्ददायक है। 2022-23 की पहली तिमाही में एफडीआई 36.7 बिलियन डालर था जो 2021-22 के इसी कालखंड में आए 43.2 बिलियन डालर की तुलना में 15 प्रतिशत कम था।

निवेश आकर्षित करने तथा रोजगार सृजन को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार की विपक्षियों ने काफी आलोचना की है। उनका कहना है कि सरकार इसमें सक्षम नहीं है। लेकिन वास्तव में यह स्थिति समझ से परे है। वर्तमान सरकार राजकोषीय अनुशासन के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। यहां तक कि कोविड वैश्विक महामारी के कारण आई विकलांगकारी बाधाओं वाले समय में भी इसने राजकोषीय व्यावहारिकता बनाए रखी है। सरकार ने पूंजीगत खर्च बढ़ाया है तथा अनेक आर्थिक सुधार किए हैं। इसके बावजूद एफडीआई आकर्षित न होने का कारण संभवत: मोदी सरकार द्वारा अपने पहले कार्यकाल में उदारीकरण के आयाम व स्तर के बजाय कल्याणकारी उपायों पर ज्यादा ध्यान देना रहा है। सरकार को एयर इंडिया का निजीकरण करने में सात साल का समय लगा, जबकि एक सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू के तौर पर यह सुधार योग्य नहीं रह गई थी। हालांकि, पिछले कुछ साल में सरकार ने आर्थिक सुधार तेज करने के प्रयास किए हैं जिसकी सर्वाधिक साहसी प्रतिक्रिया निजीकरण के क्षेत्र में दिखती है। सरकार ने न केवल एयर इंडिया बेची है, बल्कि वह बीपीसीएल व शिपिंग कार्पोरेशन जैसे बड़े पीएसयू से बाहर निकलने का प्रयास कर रही है। लेकिन मुख्यत: खरीदारों की कमी के कारण वह इसमें पूर्णत: सफल नहीं हुई है। मोदी नीत सरकार की सराहना की जानी चाहिए कि वह कभी अनेक लोगों की हानिकारक सलाह की शिकार नहीं बनी। इसमें कुछ अर्थशास्त्री भी शामिल थे जो किसी न किसी बहाने अनाप-शनाप खर्च की पैरवी करते थे। इसके साथ ही भारत ने ढांचागत निर्माण पर भारी खर्च किया है। इससे वैश्विक बिजनेस प्रभावित हुए हैं तथा निवेशक और फाइनेंसर भारत को पैसा लगाने का अच्छा स्थान मानने लगे हैं। भारत में एपल की बढ़ती दिलचस्पी तथा जनरल एटलांटिक की हालिया घोषणा देश में निवेश की दिशा में सराहनीय कदम हैं।

विकास को कर्नाटक का आशीर्वाद

कर्नाटक में भाजपा केवल साढ़े तीन साल से सत्ता में है। इसके बावजूद उसने तेज आर्थिक विकास की नीव डाली है। कर्नाटक की जनता विकास की राजनीति को अपना आशीर्वाद देगी।

सुमित भसीन
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं।)

कर्नाटक की जनता 10 मई को अपने भविष्य का फैसला कर रही है। मतदाताओं को अगली पीढ़ी के लिए निर्णय का अधिकार मिला है। अगले कुछ साल में कर्नाटक 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत जल्द ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है जिसमें कर्नाटक के विकास इंजन का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस प्रकार कर्नाटक का विधानसभा चुनाव मतदाताओं पर भारी जिम्मेदारी डालता है कि वे अपना निर्णय सोच-समझ कर लें। मतदाताओं के समक्ष विकल्प स्पष्ट है। उनको आर्थिक विकास तथा 'खैरातों' की राजनीति के बीच चयन करना है। कर्नाटक के संसाधन कर्नाटक के विकास, सामूहिक बेजरी तथा जनता व भावी पीढ़ियों की समृद्धि का साधन बन सकते हैं। इसके उलट दूसरी स्थिति में कर्नाटक के संसाधन 'खैरातों' के वित्त-पोषण में खर्च होकर राज्य के सामने बाधायें खड़ी करने व विकास के इंजन को पटरी से उतारने का काम कर सकते हैं। समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने वाली समावेशी वृद्धि के आर्थिक माडल तथा खैरातों की राजनीति के बीच मुकाबला है जो एक प्रकार के 'गरीबवाद' को बढ़ावा दे सकती है। कर्नाटक भारत के प्रगतिशील राज्यों में शामिल है। कर्नाटक ऐसा राज्य भी है जहां नौजवान अपने सपने पूरे कर रहे हैं। कर्नाटक भारत की स्टार्टअप राजधानी भी है। यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई 2019 में 311 मिलियन डालर से बढ़ कर 2020-21 में 1.34 बिलियन डालर पहुंच गया है। 2019-20 और 2021-22 के बीच कुल एफडीआई में कर्नाटक का हिस्सा सर्वोच्च पांच राज्यों में शामिल था जो 2019-20 में 22.43 प्रतिशत से बढ़ कर 2021-22 में 49.40 प्रतिशत पहुंच गया। राज्य ने 2022-23 में भी अपनी महत्वपूर्ण स्थिति बनाए रखी है।

कर्नाटक की जीएसडीपी दो अंक में बढ़ रही है। अनुमान है कि कर्नाटक 2026 तक अपनी जीएसडीपी 500 बिलियन डालर तथा 2030 तक 1 ट्रिलियन डालर तक पहुंचा सकता है। कर्नाटक जल्द ही राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का दसवां हिस्सा बन सकता है। कर्नाटक की प्रति व्यक्ति आय भी तेजी से बढ़ रही है। पिछले दशक में राज्य में रिकार्ड 208.86 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि राष्ट्रीय औसल 136.87 प्रतिशत था। कर्नाटक की प्रति व्यक्ति जीएसडीपी 3.32 लाख रुपये है। कर्नाटक की असाधारण आर्थिक वृद्धि ने सबके जीवन को प्रभावित किया है। कर्नाटक के संसाधन छोटी एवं लघु सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा घरों में पेयजल की पहुंच बढ़ाने पर खर्च किए जा रहे हैं जिनमें राज्य के ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं।

राज्य सरकार की 'विद्यानिधि' योजना में किसानों, भूमिहीन मजदूरों तथा बुनकरों के बच्चों व गरीब महिलाओं को स्कालरशिप दी जाती है ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बना कर वे अपना भाग्य स्वयं लिख सकें। वित्त वर्ष 2022 में कर्नाटक के कुल निर्यात 25.87 बिलियन डालर थे जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद, लोहा एवं स्टील व आर्गेनिक रसायनों का प्रमुख योगदान है। कर्नाटक ने अपनी मजबूती सिद्ध कर दिखा दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में भी राज्य ने सप्लाई श्रृंखला में अपनी वैश्विक प्रतिबद्धतायें पूरी की हैं। कर्नाटक में राष्ट्रीय लाकडाउन के समय में भी वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में कोई बाधा नहीं आई है। यह तथ्य ध्यान में रखा जाना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा कर्नाटक की सत्ता में केवल साढ़े तीन साल से है और इस कालखंड में उसका ज्यादातर समय वैश्विक महामारी से निपटने में बीता है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने तेज आर्थिक वृद्धि की नीव रखी है।

नीति आयोग की तरह कर्नाटक सरकार ने 2022 में कर्नाटक राज्य नीति एवं नियोजन आयोग-केएसपीपीसी का पुनर्गठन कर इसे स्टेट इंस्टीट्यूट फार ट्रांसफारमेशन आफ कर्नाटक-एसआईटीके में बदल दिया जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई कर रहे थे। इस थिंक टैंक को मुख्यत: विकास संकेतकों में क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने का काम दिया गया। राज्य सरकार ने पूरे कर्नाटक में उद्योगों और औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना की पहल की। इसके लिए भूमि का पूल बनाया गया तथा शपथपत्र-आधारित निवेश क्लीयरेंस व्यवस्था बनाई गई। एसआईटीके के अन्य लक्ष्यों में 2030 तक टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी तथा इंडिया 2047 लक्ष्य प्राप्त करना था। 'नव कर्नाटक' के दृष्टिकोण ने इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न्यू इंडिया' लक्ष्य को आगे बढ़ाने का काम किया। राज्य सरकार ने ढांचागत सुधार सरल करने का रास्ता दिखाया है। कर्नाटक, 2021 ने 'ई-सहमति प्लेटफार्म' का गठन किया। यह सहमति-संचालित व्यवस्था है जिसमें नागरिकों को निजी कंपनियों से अपना डेटा शेयर करने में चयन का पूर्ण नियंत्रण दे कर निजता के अधिकार को बढ़ावा दिया गया है। कर्नाटक सरकार की सुशासन तकनीक ने नागरिकों व खासकर बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। राज्य सरकार ने निर्भया फंड के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं पर 667 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इससे 16,000 से अधिक अद्यतन सीसीटीवी कैमरे संवेदनशील स्थानों की जीएसटी मैपिंग के बाद लगाए गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा लाइटें व पैनिक बटन भी लगाए गए हैं। कर्नाटक के राज्य बजट 2023 से बैंगलुरू में 4,100 कैमरे लगाए गए हैं। राज्य सरकार ने आईसीयू वार्डों समेत सभी जिला व तालुक स्तर के अस्पतालों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।

कर्नाटक की 68 प्रतिशत से अधिक श्रमशक्ति कृषि क्षेत्र में कार्यरत है। प्रदेश का कुल 64.50 प्रतिशत क्षेत्र कृषि के अंतर्गत आता है तथा राज्य भारत में बागवानी को सबसे अधिक क्षेत्र देने में पांचवें स्थान पर है। यह सब्जियों के उत्पादन में पांचवें तथा फलों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। कर्नाटक औषधीय फसलों, ट्रापिकल फलों, एरोमैटिक पौधों व मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। यह दूसरा सबसे बड़ा दुग्ध-उत्पादक है। कर्नाटक देश में अंगूरों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। पिछले 42 महीनों में राज्य की भाजपा सरकार ने कर्नाटक को वैश्विक सप्लाई श्रृंखला से जोड़ने का जमीनी काम किया है। कर्नाटक अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि इस तथ्य से देखी जा सकती है कि महाराष्ट्र के बाद कर्नाटक दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह वाला राज्य है। भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता के सौसाल का उत्सव मनाएगा। उसका लक्ष्य उस समय तक कम से कम अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डालर का बनाना है और वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। जब यह समय आएगा तो इस उपलब्धि का असर सबके जीवन पर पड़ेगा तथा जनसंख्या के आम लोग भी समृद्धि का एक स्तर प्राप्त करने में सफल होंगे। लेकिन कुछ बड़े सवालों के जवाबों की जरूरत है। क्या भारत और खासकर कर्नाटक के लोग इस अवसर का लाभ उठाएंगे या वे कांग्रेस की 'खैरातों' वाली प्रतिगामी नीतियों का शिकार बन जाएंगे? कांग्रेस के खैरातों की राजनीति में शामिल होने का कारण क्या यह है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम आदमी पार्टी-आप की नकल कर रही है? ऐसे में कांग्रेस के सामने कर्नाटक के मतदाताओं के समक्ष यह पेश करने का क्या दृष्टिकोण है कि राज्य 2030 तक 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि कैसे प्राप्त करेगा?

कर्नाटक के लोग उद्यमी व महत्वाकांक्षी हैं। गुजरात और हरियाणा के अपने समकक्षों की तरह वे पसंद करेंगे कि लाभदायक गतिविधियों से उनकी आमदनी इतनी हो कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान कर सकें। यदि राज्य सरकार उनको 3,000 रुपये महीने देकर खाली बैठने को कहे तो कर्नाटक के नौजवान भावनात्मक रूप से आहत होंगे। कर्नाटक के नौजवान स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं। वे उपग्रहों की डिजाइन करने में व्यस्त हैं। वे जानते हैं कि दूरगामी सोच वाली सरकार ही उनको अवसर प्रदान कर सकती है। कर्नाटक एशिया में पनबिजली का लाभ उठाने वाला पहला क्षेत्र था। कर्नाटक भारत का सर्वोच्च हरित ऊर्जा उत्पादक है। कर्नाटक खोज की भूमि है। कर्नाटक शोध एवं विकास का 'वैश्विक गांव' है। इसलिए कर्नाटक विकास की राजनीति को अपना आर्शीवाद देगा।

ईश्वर ही एकमात्र शरणदाता है!

लेकिन ईश्वर का आश्रय लेने के लिए मन और कर्म की पवित्रता आवश्यक है।

अजीत कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

अन्य केवल आंशिक आश्रय हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ये आंशिक आश्रय उन लोगों का लाभ उठाने/शोषण करने के लिए आकर्षित हो सकते हैं जो विभिन्न कारणों से उनसे संपर्क करते हैं। निम्नलिखित उदाहरण इस बिंदु को स्पष्ट करेंगे। हम किसी ऐसे व्यक्ति के पास जाते हैं, जो उस उद्देश्य के लिए सक्षम नहीं है, जिसके लिए हम आश्रय ले रहे हैं। सबसे ज्वलंत उदाहरण उन फर्जी गुरुओं का है, जो जो उपदेश देते हैं, उस पर अमल नहीं करते। उनके लिए गुरु होना धन कमाने, महत्व प्राप्त करने आदि का पेशा है। इसका मतलब यह नहीं है कि वे सच्चे अध्यात्मवादी नहीं हैं, बल्कि वे आंशिक आश्रयदाता भी हो सकते हैं। वे हमें परम या वास्तविक आश्रय की तलाश करने के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं, जो कि ईश्वर है। फिर, जिसे हम आश्रय के रूप में खोजते हैं, वह हमें उपलब्ध नहीं हो सकता है। एक उपयुक्त उदाहरण चिकित्सा पेशे में एक सुपर स्पेशलिस्ट का है। यहां तक कि अगर कोई उनसे संपर्क करने में सक्षम है, तो वह हमेशा हमारी मदद करने में सक्षम नहीं हो सकता है; वास्तव में केवल परमेश्वर ही कर सकता है। कई डॉक्टर ईमानदारी से घोषणा करते हैं : मैं इलाज करता हूं वह ठीक करता है।

तीसरा उदाहरण वकीलों का है। दुर्भाग्य से, एक विशाल बहुमत दूसरे पक्ष के अधिवक्ताओं की मिलीभगत से तारीखें प्राप्त करने पर तुला हुआ है। और जैसे-जैसे मामला लंबा खिंचता जाता है, वैसे-वैसे व्यक्ति निराश होता जाता है। फिर, वित्तीय कठिनाइयों में दूसरों से ऋण लेने की सामान्य प्रथा है। यहीं पर सबसे ज्यादा ठगी होती है। आप एक जमींदार के पास जाते हैं और वह आपकी जमीन के कागजात ले जाता है, जो ब्याज सहित पूरी किश्तें चुकाने के बावजूद वापस नहीं किए जाते हैं। यह उतना बुरा नहीं है जितना कि जब कोई लड़की या महिला कुछ सहायता मांगती है तो उसका यौन शोषण किया जाता है। संक्षेप में, दूसरों की शरण लेना खतरे से भरा है। सबसे अच्छी उम्मीद की जा सकती है देना और लेना, और अपने अधिकारों से वंचित न होना, अपमानित होना, आदि। क्योंकि मनुष्य सबसे अच्छा आश्रय नहीं है, भले ही कई बहुत मददगार हों; केवल ईश्वर ही वास्तविक आश्रय है। पढ़ते रहिये।

एक संयुक्त परिवार होता है, जिसमें दुर्भाग्य से तीन सदस्यों की अलग-अलग मनोरोग समस्याएं होती हैं। व्यक्ति मिजाज से ग्रस्त होता है। दूसरा बार-बार उदास हो जाता है। और तीसरे के दूसरों से संबंध खराब होते हैं। मूड स्विंग्स वाले व्यक्ति को मदद के लिए मनोविश्लेषक को देखने की जरूरत है। डिप्रेशन से ग्रस्त व्यक्ति को मनोचिकित्सक की आवश्यकता होती है। और जो दूसरों के साथ नहीं मिल पाता है, उसे परिवार परामर्शदाता द्वारा मदद की जा सकती है। लेकिन तीनों की मदद भगवान कर सकते हैं। एक श्लोक में, भगवान निर्देश देते हैं, दु:ख और सुख में समभाव का अभ्यास करो; स्व-स्थित (परेशान नहीं); सुखद और अप्रिय के प्रति तटस्थ; नियमित; और आलोचना और प्रशंसा में तैयार।

दूसरे परिवार में, एक व्यक्ति काम और लोभ से पीड़ित हो जाता है और समय के साथ एक महान अहंकारी बन जाता है। इन समस्याओं का आमतौर पर कोई समाधान नहीं है, लेकिन परमेश्वर के पास है; केवल भगवान के निर्देशों का पालन करना है। ईश्वर सर्वव्यापी होने के कारण हम सभी के लिए 24×7 उपलब्ध है। हमें केवल उनकी शरण लेनी है। जब भी कोई समस्या प्रकट होती है, परमेश्वर मार्गदर्शन और सहायता के लिए होता है; किसी को बस उसकी ओर मुड़ना है, ईश्वर सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ है। परमेश्वर हमारे भूत, वर्तमान और भविष्य को जानता है। ईश्वर दूसरे स्तर का है; मनुष्यों की तुलना में बहुत ही नीची स्थिति में हैं। ईश्वर इतना शक्तिशाली है कि वह हमारे भाग्य, प्रारब्ध (जो प्रकट हुआ है) और हमारी हठी प्रकृति दोनों की मदद कर सकता है। यह अधिकार किसी और का नहीं है। इन सबके होते हुए भी ईश्वर कभी भी अपनी असीमित शक्तियों का दुरूपयोग नहीं करते। और ईश्वर दंड देता है पर किसी की निंदा नहीं करता; वह इतना विचारशील और क्षमाशील है।

एक प्रश्न पूछा जा सकता है कि पूर्व में सब कुछ बता देने के बाद भी अधिक लोग भगवान की शरण क्यों नहीं लेते। हममें से अधिकांश लोग लालच, वासना और अहंकार से विभिन्न स्तरों तक पीड़ित हैं। हमारे स्वभाव के ये दोष हमें ईश्वर की शरण नहीं लेने देते; वे हमारी बुद्धि पर हावी हो जाते हैं। फिर आश्रय लेने के लिए अपने मन, वचन और शरीर से जो कुछ भी करते हैं उसमें पवित्रता की आवश्यकता होती है। इसे प्राप्त करने के लिए, हमें अनासक्त होने की आवश्यकता है; बहुत सारी %तपस्या% करनी चाहिए। एक आधुनिक मनुष्य, अपने ज्ञान पर गर्व करने के बावजूद, आध्यात्मिक सत्यों से घोर अनभिज्ञ है। कोई अन्य किसी भी चीज़ को अस्वीकार करता है या परिणाम के लिए ईश्वर की ओर मुड़ने के लिए बहुत अधीर होता है क्योंकि आध्यात्मिक प्रगति सूक्ष्म और धीमी दोनों होती है। लेकिन उन भाग्यशाली आत्माओं को, जो ऐसा करते हैं, जैसा कि उनके द्वारा अनुभव किया जाता है, भगवान द्वारा सुंदर रूप से पुरस्कृत किया जाता है; मेरे पास है।

आप की बात

बंदूक संस्कृति

सत्तर लाख से थोड़ा कम आबादी वाला दक्षिणपूर्व एवं मध्य यूरोप का देश सर्बिया क्या बन्दूक संस्कृति एवं हिंसा के मामले में सयुंक्त राज्य अमेरिका को भी पीछे छोड़ देगा? जिस तरह से अमेरिका में बन्दूक से तमाम लोग मारे जाते हैं शायद अब सर्बिया भी उसी मैदान में उतर चूका है। एक बंदूकधारी ने बेलग्रेड से 60 किमी दक्षिण में एक गांव के पास एक चलती गाड़ी से स्वचालित हथियार से फायरिंग की। जिसमे 8 लोग मारे गए और 14 घायल हो गए। ठीक इसके दो दिन पूर्व ही बेलग्रेड के स्कूल में 9 लोगों को मार दिया था। यूरोप का रिकॉर्ड देखा जाय तो सबसे ज्यादा बन्दूक स्वामित्व वाला देश सर्बिया ही है। कहते हैं यहाँ प्रति 100 लोगों पर 39.1 आग्नेयास्त्र हैं। 1990 के दशक में गृहयुद्ध और अशांति के बाद पश्चिमी बाल्कन के देश अवैध हथियारों से अटे पड़े हैं। 2006 की गर्मियों में सर्बिया एक अकेला संप्रभु गणराज्य बनने के बाद 17 वर्षों तक शांत माहौल रहा लेकिन अब अशांत वातावरण तैयार हो रहा है। बंदूक संस्कृति पर सारी दुनिया में लगाम लगानी जरूरी है। बढ़ती बंदूक संस्कृति का एक कारण दुनिया भर की हथियार निर्माता कंपनियां हैं जो इस पर किसी प्रकार से रोक लगाने का विरोध करती हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

फिल्म का विरोध

हर देश में विपक्ष की भूमिका भी देशहित व सत्य के लिये लड़ने वालों की होती है परन्तु हमारे देश मे विपक्ष सच को स्वीकार ही नही करता बल्कि सच से भागता भी है। अभी केरल की सत्य घटनाओं पर बनी मूवी दी केरल स्टोरी को देखने के बाद जहां पूरे देश मे फ़िल्म बनाने वाले की हिम्मत की तारीफ हो रही है। वंही देश का विपक्ष इस सत्य घटना पर आधारित जनजागरण करने वाली फिल्म का विरोध कर रहा है। तमिलनाडु सरकार ने रिलीज़ के समय से ही इसपर रोक लगा दी थी। अब बंगाल की ममता सरकार ने भी बंगाल में इस पर रोक लगाते हुए कहा है कि ये नफरत फैलाएगी व शांति बनाने के लिये इसको रोकना जरूरी है। कांग्रेस झारखंड के विधायक इरफान अंसारी ने कहा है कि समाज से नकारे हुए लोग ही इसको देखने जाएंगे। सपा नेता अबू आज़मी ने फ़िल्म निर्माताओं को ही जेल भेजने की बात कही है। ये कोई पहला मौका नही है जब भारत का विपक्ष सच को नकार रहा है। इससे पहले कश्मीरी अत्याचार को प्रदर्शित करती दा कश्मीर फाइल का भी इन सभी ने ऐसा ही विरोध किया था। इन सभी दलों के विरोध का एकमात्र कारण है मुश्लिम वोट।

– **ललित शंकर,** गाजियाबाद

मणिपुर हिंसा

मणिपुर में जाति हिंसा आरक्षण से होने वाले दुष्परिणामों का नतीजा है! हमारे संविधान में जो आरक्षण मात्र 10 वर्षों के लिए रखा गया था उसे सरकारें वोटबैंक और तुष्टीकरण के चलते 75 साल से बढाती आ रही है। अब हालात यह हो गए हैं कि यदि सरकार खुद भी चाहे तो वह आरक्षण को खत्म नहीं कर सकती। मगर उसे कम से कम निर्धारित आरक्षण से छेड़छाड़ करना तो बंद कर ही देना चाहिए। अभी कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण समाप्त कर लिंगायतों को अधिक आरक्षण देने की नई कोशिश की गई। वोट पाने के लिए आरक्षण देना आसान है मगर राजनीतिक दलों को सोचना चाहिए कि आरक्षण का जिन्न बोतल से बाहर निकालने के बाद वह उन्हें भी निगल सकता है। मणिपुर की घटना का प्रभाव अन्य राज्यों के वातावरण पर न पड़े, अत: सावधानी बरतते हुए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर मणिपुर के आंदोलनरत समुदायों को समझाना चाहिए और वहां सामान्य स्थिति बहाल की जानी चाहिए। लेकिन विपक्षी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। यह पवृत्ति पूरे देश के लिए विनाशकारी हो सकती है। दुश्मन देश इस आग में घी डालने का प्रयास कर सकते हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

दागी नेताओं पर रोक

दागी नेताओं के सियासत में प्रवेश पर ही रोक लगे। वर्तमान में ऐसा कोई दल खोजना मुश्किल है जिसमें दागी नेता न हों, बल्कि हर दल में दागी नेताओं की कमी नहीं है। विडंबना है कि दागी नेताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट दागी नेताओं के सियासी प्रवेश और दल के गठन आदि पर प्रतिबंध लगाने संबंधी याचिका सुनने को तैयार हुई है, किंतु कानून के अभाव में दागियों को सियासत से बाहर मुश्किल हो रहा है। कुछ दलों के तो हाईकमान में भी दागी पदासीन हैं। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट दोनों ही दागी नेताओं के सियासत में प्रवेशजारी रहने से नाराज हैं। किंतु सरकार और राजनीतिक दल चुनाव आयोग की संस्तुतियों मानने को तैयार नहीं हैं। कठोर कानून बनाने का अधिकार क्षेत्र नेताओं के पास होने से वे क्या वे अपने खिलाफ सख्त कानून आसानी से पास होने देंगें? जरूरत है प्रबल इच्छाशक्ति वाले ऐसे नेताओं की जो संसद में भी अपनी बात मजबूती से रख सकें। इस दिशा में पहल केन्द्र सरकार की ओर से ही की जानी चाहिए क्योंकि दागी नेताओं पर रोक जरूरी है।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

बुंदेलखंड को बनाएंगे धरती का स्वर्गः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड से आज बंजर और बीहड़ की समस्या समाप्त हुई है। अब तो ये धरती का स्वर्ग बनेगा। चार माह में बांदा के हर घर को नल से शुद्ध जल देने का काम पूरा होने जा रहा है। जिस बांदा की पहचान कभी कूड़े के ढेर के रूप में होती थी, आज आप सब देख रहे होंगे कि यहां चौड़ी सड़कें और चमचमाती स्ट्रीट लाइटें जल रही हैं। सुंदर पार्क इसकी शोभा बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात मंगलवार को प्रचार के आखिरी दिन बांदा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कानपुर व चित्रकूट में भी रैली कर हर मतदाता से वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद यूपी में आए बदलावों की चर्चा की तो इस अवधि के पहले यूपी वालों की छवि बिगाड़ने वाले विपक्षी दलों को निशाने पर रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह वर्ष में यूपी की पहचान डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो आदि बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने विकास के बलबूते भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। बांदा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महाराणा प्रताप की जयंती है। वर्षों से यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण का कार्य रुका थाए जो कि पिछली बार मुझे करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। भगवान नीलकंठ महादेव के आशीर्वाद से आज कलिंजर की पुरानी आभा को पुनर्स्थापित किया गया है। जिस भूमि को साक्षात वामदेव जैसे ऋषियों का आशीर्वाद मिला होए वो पूरा बुंदेलखंड क्षेत्र आज विकास की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन चुका है। पहले माताएं, बहनें पानी के लिए परेशान रहती थीं। मटकी और गगरी लेकर उन्हें कई किलोमीटर तक जाना होता था। टैंकर से पानी लाया जाता था और वो पानी भी स्वच्छ नहीं होता था। आज हर घर नल योजना का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। अगले चार महीने में बुंदेलखंड के हर घर में इस योजना को पूरा कर लिया जाएगा।

सपा को रामायण अच्छी नहीं लगती इनकी सोच नकारात्मकः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

निकाय चुनाव के लिए जनसभा कर हंकार भर रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को चित्रकूट में प्रदेश के सबसे बड़ी विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों को साथ लेकर चलने वालों का जनता से कोई सरोकार नही। ये सिर्फ परिवार वाद जानते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार चित्रकूट को विकास से जोड़कर उसे उसकी मौलिक पहचान दिलाने का काम कर रही है। चित्रकूट को डकैतों, अपराध और अपराधियों से मुक्त करके फिर से सनातन हिंदू धर्म के पवित्र स्थल के रूप में स्थापित किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि एक वे लोग विपक्ष दल भी थे, जिन्होंने अपने पूर्वजों को ही भुला दिया था। डॉ. लोहिया ने रामायण मेलों की शुरुआत की थी और भवन भी बनवाया था, लेकिन डॉ. लोहिया के नाम पर राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी कहती है कि राम तो थे ही नहीं। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में राम भक्तों पर गोली चलवाई, उन पर अनर्गल प्रलाप किये। इतना ही नहीं, संत तुलसीदास के रामचरितमानस पर अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं इन्हें रामायण अच्छी नहीं लगती। यह लोग महर्षि वाल्मीकि और संत तुलसीदास का सम्मान नहीं कर सकते हैं। यह प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था तो दूर प्रभु राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न खड़ा करने वाले लोग हैं। यह सच्चे आदमीए संत को अपना मित्र नहीं बनाते, बल्कि पेशेवर डकैत को अपने गले का हार बनाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग गंदगी को प्यार करते थे, माफिया, अपराधियों और डकैतों को अपने गले का हार बनाते थे और बेटियों के साथ व्यापारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया था, जिन लोगों ने आपको एक एक बूंद जल के लिए तरसाया है, उन्हें सबक सिखाने का यह सही समय है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले चित्रकूट में लोग शाम 6 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। आज प्रदेश ऐसे लोगों से पूरी तरह से मुक्त है। यहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से दिल्ली की दूरी मात्र 6 घंटे में तय की जा रही है। एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद दिल्ली की दूरी 1 घंटे से कम समय में पूरी होगी।

रामपुर में अपना आखिरी गढ़ बचाने की जद्दोजहद में सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

रामपुर की स्वार और छानबे विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा के बीच सीधा मुकाबला होता नजर आ रहा है। इन दोनों सीट पर उपचुनाव के तहत बुधवार 10 मई को मतदान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी ने इस उपचुनाव से दूरी बना रखी है। वहीं कांग्रेस ने सिर्फ छानबे सीट पर ही अपना उम्मीदवार उतारा है। उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में खासकर भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं के व्यस्त होने की वजह से रामपुर की स्वार और मिर्जापुर की छानबे सीट के लिए हो रहे उपचुनाव की कोई खास चर्चा नहीं हो पा रही है। स्वार सीट सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम खां को एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते रिक्त हुई है। छानबे सीट भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के विधायक राहुल कोल के निधन की वजह से खाली हुई है। हालांकि, सभी का ध्यान रामपुर की स्वार सीट पर है क्योंकि पिछले साल अदालत से सजा मिलने के बाद आजम खां को अयोग्य घोषित किए जाने के चलते रिक्त हुई रामपुर सदर सीट गंवाने के बाद जिले में स्वार ही सपा और आजम खां का आखिरी गढ़ रह गया है। सपा इस सीट पर चुनाव जीतने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। आजम खां ने चुनाव प्रचार के दौरान स्वार क्षेत्र के लिए खुद द्वारा किए गए कार्यों और सरकार द्वारा खुद पर किए गए जुल्म का बार-बार जिक्र किया। वहीं, इस सीट पर उपचुनाव लड़ रहे भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के नेता भी इस उपचुनाव को जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। वर्ष 2022 में हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में अब्दुल्ला आजम खां ने अपना दल (सोनेलाल) के हैदर अली खान को 61,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया था। इस बार समाजवादी पार्टी ने इस सीट से अनुराधा चौहान और अपना दल (सोनेलाल) ने शफीक अहमद अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। उधर, छानबे सीट पर भाजपा ने दिवंगत विधायक राहुल कोल की पत्नी रिंकी कोल को मैदान में उतारा है, तो सपा ने कीर्ति कोल को मैदान में उतारा है।

स्वार व छानबे सीट पर मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

● 40 कंपनी सीएपीएफ व 8 कंपनी पीएसी तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के रामपुर जिले की स्वार और मिर्जापुर की छानवे विधानसभा सीट पर बुधवार को होने वाले मतदान को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए प्रदेश पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से इंतजाम किए हैं पुलिस मुख्यालय स्थित चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा चुनावी जनपदों के मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता का विविध कारकों के आधार पर आंकलन करते हुए मतदान केन्द्रों और मतदेय स्थलों पर योजनाबद्ध पुलिस प्रबन्ध किया गया है। राज्य के स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि दोनों विधानसभा सीटों के अन्तर्गत समस्त मतदान केन्द्रों को न्यूनतम 0.5 सेक्शन सीएपीएफ से आच्छादित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों में अतिरिक्त सीएपीएफ, पीएसी बल, जनपदीय पुलिस बल एवं होमगार्ड्स का व्यवस्थान किया गया है।

उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए 259 पुलिस इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, 2163 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 1497 होमगार्ड्स के अलावा 8 कंपनी पीएसी और 40 कंपनी सेंट्रल आर्म्स पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) को तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी बल तथा सीएपीएफ द्वारा नियमित फ्लैग मार्च, फुट पेट्रोलिंग तथा घुड़सवार पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस मुख्यालय पर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में चुनाव प्रकोष्ठ तथा कन्ट्रोल रूम का गठन कर समस्त जनपदों में योजनाबद्ध कार्रवाई का 24 गुणे 7 गहन अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उप चुनाव के दृष्टिगत चुनावी जनपदों के अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सतर्क व सक्रिय करते हुए विद्वेषकारी तत्वों तथा आपत्तिजनक, उत्तेजनात्मक , भड़काऊ पोस्ट करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी विधिक कार्रवाई करायी जा रही है।

आयोग के प्रेक्षकों की मतदान पर रहेगी सतर्क दृष्टि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में स्वार एवं छानबे विधानसभा में कुल 774 मतदेय स्थल तथा 492 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 2 सामान्य प्रेक्षक, 2 व्यय प्रेक्षक तथा 2 पुलिस प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 66 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 9 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 70 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिए मान्य होंगे।

मतदान जनविरोधी सरकारों को सबक सिखाने का सही तरीकाः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी निकाय चुनाव के लिए 11 मई को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में जनता से ज्यादा जोश व लगन के साथ वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वोट करना जनविरोधी सरकारों को सबक सिखाने का सही तरीका है। उन्होंने कहा कि महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से मुक्ति पाने के लिए मतदान में भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने जनता से बसपा को वोट करने की अपील की है। मंगलवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि बढ़ती महंगाई, ग़रीबी, बेरोज़गारी व विचलित करती अन्य जन समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए चुनाव में लोगों की भरपूर भागीदारी बहुत जरूरी। अतः 11 मई को दूसरे चरण के यूपी निकाय चुनाव में लोगों से ज्यादा जोश एवं लगन के साथ वोट करने की अपील।

दलित अध्यक्ष को पचा नहीं पा रही है भाजपाः कांग्रेस

● जान से मारने की धमकी देने वाले भाजपा नेता के खिलाफ एफआईआरर दर्ज कराने के लिए दिया प्रार्थना पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे सहित उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाले कर्नाटक के चित्तापुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मणिकांत राठौर के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने हजरतगंज कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

इस मौके पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित उनके सभी नेता राजनीतिक और लोकतंत्र की मर्यादाओं को लगातार लांघते रहते हैं। इसी क्रम में कर्नाटक में चल रहे विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी की एक आडियो क्लिप प्रसारित हुई है जिसमें भाजपा प्रत्याशी मणिकांत राठौर स्पष्ट रूप से खड़गे सहित उनके पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। इस प्रकार की गैर कानूनी, आपत्तिजनक धमकी निश्चित रूप से आपराधिक कृत्य है जो कि लोकतंत्र के लिए ठीक नही हैं। ऐसे में इसकी निष्पक्ष जांच कराकर ऐसे व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और तत्काल इनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए।

दुबे ने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि इस भाजपा नेता के विरुद्ध दर्जनों आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं लेकिन सत्ता के संरक्षण में अभी तक इनके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई है जो भारतीय जनता पार्टी की आपराधियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत लंबे समय से निर्वाचित प्रतिनिधि हैं लोकसभा के निर्वाचित सदस्य रहे हैं एवं राज्यसभा के सदस्य हैं। देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। सत्ता के संरक्षण में इस प्रकार की भाजपा के नेताओं द्वारा दी गई धमकी से पार्टी के एक.एक कार्यकर्ता में गहरा आक्रोश है।

यूपी में इंडिया खेलेगा और पूरा विश्व देखेगाः डॉ. नवनीत सहगल

● अपर मुख्य सचिव खेल ने ओपनिंग सेरेमनी स्थल का किया निरीक्षण

25 मई को बीबीडी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की होगी भव्य ओपनिंग सेरेमनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की मेजबानी में 25 मई से 3 जून तक चलने वाले खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। आगामी 25 मई को बाबू बनारसी दास (बीबीडी) यूनिवर्सिटी में गेम्स की भव्य ओपनिंग सेरेमनी होगी। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल ने मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी स्थल का निरीक्षण किया और समस्त तैयारियों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ. सहगल कल क्लोजिंग सेरेमनी स्थल वाराणसी में चल रही तैयारियों का जायजा लेने जायेंगे।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाला खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स अब तक के खेलो इण्डिा गेम्स संस्करण का सबसे भव्य आयोजन होगा। यूपी में इण्डिया खेलेगा और पूरा विश्व देखेगा। उन्होंने कहा कि शुभारंभ समारोहन के दौरान कल्चरल इवेंट भी होंगे। पूरा बीबीडी खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी के रंग में नजर आयेगा। हर तरफ गेम्स की ब्रांडिंग होगी। बीबीडी में 800 महिला एवं 400 पुरूष कुल 1200 खिलाड़ियों के लिए हास्टल तैयार कराया गया है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बीबीडी में एक कंट्रोल रूम बनाया जायेगा और इसका नम्बर हास्टल के सभी कमरों में चस्पा होगा, ताकि खिलाड़ी किसी भी समय इस पर फोन कर जानकारी ले सकें। पूरे परिसर में जगह-जगह पीने के पानी व्यवस्था रहेगी। आगंतुकों के लिए पार्किंग की अच्छी व्यवस्था होगी। इसके लिए जगह-जगह साइनेज भी लगाये जायेंगे। खिलाड़ियों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध होगा। बीबीडी यूनिवर्सिटी के मेन ग्राउंड में मलखम्ब तथा जूडो की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके साथ ही बीबीडी यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड में आर्चरी प्रतियोगिता होगी। बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस होगा। इकाना स्पोर्ट्स सिटी (इंडोर हाल) में वालीबाल तथा फेंसिंग प्रतियोगिता होगी। इकाना स्पोर्ट्स सिटी (फुटबाल ग्राउण्ड) में फुटबाल गर्ल्स तथा टेनिस का आयोजन होगा। गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज में रग्बी, एथलेटिक्स, फुटबाल तथा हॉकी का आयोजन होगा। निरीक्षण के दौरान बीबीडी के चेयरमैन विराज सागर दास सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

निष्पक्ष व स्वतंत्र मतदान सुनिश्चित कराए निर्वाचन आयोगः सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखकर रामपुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र स्वार और मिर्जापुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र छानबे में होने वाले उप चुनावों में भाजपा और अपना दल गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए खुलेआम पुलिस प्रशासन द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने की शिकायत करते हुए कहा है कि पुलिस बल और धन बल का बेजा प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संज्ञान में लाया गया है कि टांडा व स्वार के थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिसिया बल पर मतदान के दिन घरों से न निकलने का आदेश देकर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंक फैला रहे हैं। रामपुर रोड पर शीतल बैंक्वेट हाल में भाजपा और अपना दल के प्रत्याशी शफीक अंसारी ने बाहरी लोगों को फर्जी मतदान के लिए ठहराया है। सहपुरा गांव के घरों और होटलों में फर्जी मतदान कराने के लिए तमाम लोग लगाए गए हैं। यहां केन्द्रीय बल की तैनाती होनी चाहिए। मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र छानबे में समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी सोनू सिंह ग्राम बामी थाना लालगंज को पुलिस ने घर में घेर रखा है। हलिया थाना के सेवानिवृत्त पूर्व थानाध्यक्ष संजीव सिंह की ड्यूटी लगा दी गई जो वोट खरीदने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा जनपद गौतम बुद्धनगर में नगर निकाय चुनाव के दौरान पुलिस सत्तापक्ष के इशारे पर काम कर रही है।

हमारा एजेंडा विकास, सुरक्षा और शहरों को सजाने-संवारने का हैः भूपेन्द्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के ऐजेंडे में शिक्षा है, स्वास्थ है, सड़क है, पानी है, बिजली है तथा समस्त गांवों, नगरों, शहरों को विकसित करने एवं उन्हें स्वच्छ बनाने का उद्देश्य है, जिस पर भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित होकर निन्तर कार्य कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बड़ौत, बागपत तथा लोनी, गाजियाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारें जनकल्याणकारी योजनाओं से आवास, शौचालय, बिजली, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला जैसी सुविधाएं जनता तक पहुंचाकर उनके जीवन को खुशहाल कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नगरीय निकायों में विकास की गति तेज हो, इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है। भाजपा का अध्यक्ष बनेगा तो सरकारी योजनाओं को यहां लाकर पूरे नगर की तस्वीर को संवारे का कार्य किया जाएगा। भूपेंद्र चौधरी ने भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ता भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिये रात-दिन एक करके घर-घर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के साथ ही नगर निकायों के द्वारा किये गये कामों का पूरा रिपोर्ट कार्ड और विकास के ऐजेंडा के आधार पर भाजपा का कार्यकर्ता जनता के बीच में है। हमारा एजेंडा विकास, सुरक्षा और शहरों को सजाने-संवारने का है। इसलिए भाजपा सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। इसके अलावा बोर्ड में भी भाजपा के सभासदों का बहुमत होगा। चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। नगर निकाय चुनाव में सपा-बसपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां 25 फीसदी वार्डों पर प्रत्याशी घोषित करके ही हांफ गई हैं और जो प्रत्याशी घोषित किए हैं उनके जीतने की कोई संभावना नहीं है। यही कारण है कि सपा-बसपा और कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता चुनाव में बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। सपा-बसपा की सरकारों में हुई गुंडागर्दी, जमीनों पर कब्जा, अपराध, भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण को जनता भूली नहीं है। उन्होंने कहा सपा बसपा की सरकारों में भाई, भतीजावाद, जातिवाद तथा पक्षपातपूर्ण नीति ने उत्तर प्रदेश को बीमारू व पिछड़ा राज्य बना दिया था।

कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने की परियोजना पड़ी सुस्त

शिव विजय सिंह। लखनऊ

डेढ़ साल में नहीं पूरा हो सका आरसीसी पाइप डालने का कार्य

'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' यह हाल उत्तर प्रदेश जल निगम का है जिसके पास इस समय कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने की योगी सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना का दायित्व है। इस परियोजना को शुरू हुए करीब दो साल हो रहे हैं लेकिन अभी तक प्रथम चरण के कार्य का 50 प्रतिशत भी पूरा नहीं हो पाया है। कार्य का दूसरा चरण सुंदरीकरण का है जो कि ऐसी मध्यम गति के चलते दिव्य स्वप्न बनता दिखाई पड़ रहा है। सही मायने में योगी सरकार की यह परियोजना ना सिर्फ कुकरैल नदी को नया स्वरूप प्रदान करेगी अपितु गोमती नदी को प्रदूषण मुक्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

नदी से नाले की शक्ल में दिखने वाले कुकरैल के उद्धार का खाका योगी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में तैयार कर दिया था। इतना ही नही योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल के दौरान ही तत्कालीन नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने 2021 दिसम्बर माह में इसकी आधार शिला रखते हुए 67.65 करोड़ रूपये की परियोजना को हरी झण्डी भी दिखा दी थी, जिसके तहत प्रथम चरण के कार्य में अगस्त 2023 तक इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था। जो पूरा होता नही दिखाई पड़ रहा है। कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने की परियोजना को दो चरणों में बाटा गया था, जिसके प्रथम चरण में रिंग रोड से गोमती नदी सिस साइड (दाएं तरफ) से नौ नाले और ट्रांस साइड (बायीं तरफ) से आठ नालों को आपस में मिलाकर 700 एमएम और 1600 एमएम की 7.50 किलोमीटर आरसीसी पाइपों के माध्यम से जोड़ने की योजना तैयार की गई थी। इसके बीच में पडने वाले पुलों पर एमएस पाइप द्वारा ट्रेंसलेस विधि से कार्य किया जाने की रूप रेखा तैयार हुई थी, जो अभी तक पूरी नही हो सकी है। देखा जाए तो कुल 51 नाले नाले कुकरैल से जुड़े हैं। इसमें 17 बड़े नाले और 34 छोटे नाले का गंदा पानी अभी भी निरंतर आ रहा हैं। लगभग दो साल का समय पूरा होने को है लेकिन अभी भी कुकरैल नदी का स्वरूप नाला जैसा ही है। जल निगम के अधिकारियों की माने तो आरसीसी पाइप डालने का काम चल रहा है लेकिन अभी तक कुकरैली नदी की सफाई की दिशा में कोई काम नही हुआ है जबकि गंदगी से भरी कुकरैल नदी से पहले गाद निकाली जाएगी, जो करीब सात से आठ मीटर तक है यह कार्य नगर निगम के द्वारा कराया जाना है जो तब तक नही हो सकता जबतक आरसीसी पाइपों के पड़ने का काम पूरा नहीं हो जाता। आरसीसी पाइप पड़ जाने बाद ही कुकरैल नदी में गिरन वाले नालों का पानी पाइप के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में जाएगा, जहां इसे शुद्ध कर फिर गोमती में छोड़ा जाएगा। इसके बाद ही सही तरीके से कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने की योजना को बल मिलेगा। जो अभी फिलहाल पूरा होता नही दिखाई पड़ रहा है।

अयोग्य बीएसए को हटाकर योग्य अधिकारियों की हो तैनातीः हाईकोर्ट

● सेवानिवृत्त शिक्षकों को मय ब्याज ग्रेच्युटी न देने वाले प्रदेश के सभी बीएसए की जांच कर कार्रवाई का निर्देश

● बीएसए देवरिया के खिलाफ अवमानना आरोप निर्मित, दो हफ्ते में मांगी सफाई

संवाददाता। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की लगातार अवहेलना करने के कारण प्रतिदिन भारी संख्या में सेवानिवृत्त अध्यापक अवमानना केस दाखिल कर रहे हैं। इनके आचरण से लगता है कि वह कोर्ट आदेश का सम्मान जानबूझकर नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने विजय किरण आनंद महानिदेशक बेसिक शिक्षा को कहा है कि कोर्ट आदेश की अवहेलना करने वाले सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों की जांच करें। अधिकारी सुप्रीम कोर्ट से तय होने के बावजूद ग्रेच्युटी मय ब्याज के भुगतान नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोग्य है या आदेश की समझ नहीं है या अन्य कारण जो वहीं जानते हैं। आदेश का पालन नहीं कर रहे। कोर्ट ने ऐसे अयोग्य अक्षम बेसिक शिक्षा अधिकारियों को हटाकर योग्य और ईमानदार अधिकारियों की तैनाती करने का निर्देश दिया है। ताकि सरकार की छवि को धब्बा न लगे। कोर्ट ने बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया हरिश्चंद्र नाथ के विरुद्ध अवमानना आरोप निर्मित किया है और दो हफ्ते में कारण बताने को कहा है कि क्यों न उन्हें आदेश की जानबूझकर अवहेलना के आरोप में दंडित किया जाय। कोर्ट ने बीएसए को अगली सुनवाई के समय 25 मई को हाजिर रहने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनीता सिंह की अवमानना याचिका पर दिया है। कोर्ट के निर्देश पर बीएसए देवरिया हरिश्चंद्र नाथ व वित्त एवं लेखाधिकारी देवरिया संजय कुमार हाजिर हुए और हलफनामा दिया कि ग्रेच्युटी का भुगतान कर दिया गया है किंतु ब्याज के अनुमोदन के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। हाईकोर्ट ने उषा रानी केस में सुप्रीम कोर्ट के ग्रेच्युटी भुगतान को लेकर पारित आदेश के अनुसार याची को भी ब्याज सहित ग्रेच्युटी का भुगतान करने का निर्देश दिया था।जिसका पालन एक साल बाद भी नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा ब्याज के भुगतान का शासन से अनुमोदन पत्र बड़ी चालाकी से हाईकोर्ट में पेश होने के पहले भेज दिया गया।

जिलाधिकारी गाजियाबाद पैसा वापस करें अथवा अवमानना में हाजिर हों: हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वह या तो 10 दिन के अंदर याची को उसका 10 लाख 97 हजार 700 रूपए वापस करें अथवा 24 मई को कोर्ट में हाजिर हों। जिससे उनके खिलाफकोर्ट की अवमानना का आरोप तय किया जा सके। यह आदेश जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने शिव मोहन शर्मा द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर पारित किया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव सिंह ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट ने 29 अगस्त 2022 को याची की याचिका पर डीएम गाजियाबाद को निर्देश दिया था कि वह याची का 10 लाख 97 हजार 700 रूपए जो 4 नवम्बर 2011 को जमा था। उसे वापस करें। कहा गया कि कोर्ट द्वारा पारित आदेश के बावजूद डीएम ने आदेश का अनुपालन नहीं किया और याची को पैसा नहीं मिला। कोर्ट ने अपने पारित आदेश में कहा कि मई 2023 आ गया और अप्रैल में सरकार का बजट भी आ जाता है। डीएम इस प्रकार का बहाना नहीं ले सकते कि उनके पास बजट नहीं है। मामला 2011 का है और हाईकोर्ट का आदेश भी 29 अगस्त 2022 को पारित किया गया है। हाईकोर्ट ने डीएम को 10 दिन का अंतिम मौका आदेश का अनुपालन कर याची को पैसा रिफंड करने के लिए दिया है। ऐसा न करने की स्थिति में कोर्ट ने डीएम को 24 मई को तलब कर उनके खिलाफअवमानना का आरोप तय करने को कहा है।

डीएम-एसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जाना हाल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जिले में निकाय के समाप्त होने के बाद मतपेटियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मंगलवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। डीएम एसपी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी महत्वपूर्ण बिंदुओंए सीसीटीवी आदि को चेक किया। इसका अंकन मुआयना रजिस्टर में किया। सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों को आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए। मतपेटियों की सुरक्षा पूरी सतर्कता से करने की हिदायत दी। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डीएम-एसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मंडी सचिव को निर्देश दिए कि मतगणना के दिन मंडी बंद रखी जाए।

बाराबंकी में चुनाव के लिए जिले से कर्मचारी रवाना

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद बाराबंकी में होने वाले नगर निकाय चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर जनपद बाराबंकी के लिए हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना। गैर जनपद नगर निकाय चुनाव-2023 के क्रम में जनपद खीरी से जनपद बाराबंकी में दिनांक 11.05.2023 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत आज दिनांक 09.05.23 को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन परिसर में चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारीगणध्कर्मचारीगण व होमगार्ड की ब्रीफिंग कर मतदान के दिन पुलिस अधिकारीध्कर्मचारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित आदेशोंध्निर्देशों के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही महोदय द्वारा ड्यूटी में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों को जनपद बाराबंकी के लिए हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, नैपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक खीरी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की जमानत अर्जी खारिज

● 12 मई को जेल अथॉरिटी को करना है रिपोर्ट

● पूर्व विधायक ने अपनी बीमारी का भी हवाला दिया, प्रतिवादियों ने विरोध मे तर्क दिया कि वह पैरोल का फायदा उठा रहे हैं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जवाहर यादव उर्फ पंडित हत्याकांड के दोषी पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। पूर्व विधायक को अब जेल जाना होगा। कोर्ट ने कहा है कि करवरिया 12 मई को जेल अथॉरिटी को रिपोर्ट करें। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने उदयभान करवरिया की अपील में दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है। पूर्व विधायक अपनी बीमारियों का उपचार कराने के लिए 12 अप्रैल 2022 से पैरोल पर हैं। कोर्ट ने उनके पैरोल को कई बार बढ़ाया है। प्रतिवादियों की ओर से इसके खिलाफसुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इतने लंबे समय के लिए पैरोल देने पर आपत्ति जताई थी और हाईकोर्ट से कहा था कि वह पूर्व विधायक की नियमित जमानत पर सुनवाई करे। विधायक सहित हत्याकांड के अन्य आरोपियों ने हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर रखी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक उदयभान की जमानत अर्जी पर नियमित सुनवाई पूरी कर 26 अप्रैल को फैसला सुरक्षित कर लिया था। पूर्व विधायक की ओर से तर्क दिया गया था कि वह आठ साल से जेल में हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के कौशल सिंह केस का लाभ मिलना चाहिए। पूर्व विधायक ने अपनी बीमारी का भी हवाला दिया। कहा कि उन्हें अभी एम्स दिल्ली में उपचार कराना है। विधायक ने रायबरेली एम्स में दिखाया लेकिन उन्हें वहां से दिल्ली एम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि प्रतिवादियों ने इसका विरोध जताया। तर्क दिया कि विधायक पैरोल का फायदा उठा रहे हैं। वह हाल ही में हुए उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों से मिल रहे हैं। पार्टियों और कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं।प्रतिवादियों ने इसके कई फोटाग्राफ भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए। कोर्ट ने 26 अप्रैल को सुनवाई पूरी करने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुनाया और उदयभान की जमानत अर्जी को निरस्त कर उन्हें 12 मई को जेल अथॉरिटी को रिपोर्ट कर जेल जाने को कहा। कोर्ट ने जेल अथॉरिटी को भी निर्देश दिया है कि याची के उपचार कराने के मामले में जेल नियमों के अनुसार निर्णय लें। पूर्व विधायक के साथ ही इसी मामले के दूसरे दोषी करार दिए गए रामचंद्र त्रिपाठी उर्फकल्लू ने भी अपने उपचार के लिए पैरोल की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने उन्हें भी कोई अंतरिम राहत नहीं दी है। कोर्ट ने आईजी जेल को निर्देश दिया है कि वह दोषी रामचंद्र त्रिपाठी के उपचार कराने के मामले में जेल नियमों के अनुसार निर्णय लें। कोर्ट ने इस संबंध में जेल अधीक्षक को अपील की अगली सुनवाई की तिथि 22 मई 2023 को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है। अगर जेल अधीक्षक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें खुद उपस्थित होना होगा।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला: बरेली । थाना इज्जतनगर के पीरबहोड़ा निवासी गुलशन पुत्री स्व मोहम्मद इलियास ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका निकाह 21 मई 2006 में हुआ था जिसके फलस्वरूप 4 बच्चे भी हैं सबसे बड़ी बेटी 14 वर्ष की है और सबसे छोटा पुत्र 10 वर्ष का पीड़िता ने बताया कि 24 मार्च 2023 को उसके पति रफ्फन खान ने तीन तालाक देते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसकी शिकायत 24 मार्च 2023 को थाने में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर की थी परंतु पुलिस ने मुझे 4 दिन तक लगातार पूरा पूरा दिन बैठा कर आरोपी को नहीं बुलाया और ना ही कोई कार्रवाई की।

त्विक न्यूज

शादी समारोह में गए युवक का हुआ विवाद, संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

लखीमपुर खीरी। खीरी थाना क्षेत्र के नकहा ब्लाक के अंतर्गत पडरी गांव में चाउपुर निवासी दीपू नाम के युवक शादी समारोह में गया हुआ था। शादी समारोह में कुछ लोगों से विवाद हो गयाए शादी समारोह संपन्न होने के बाद दीपू अपने घर वापस नहीं लौटाए दीपू के घर वालों ने उसकी तलाश की तभी एक युवक ने दीपू की मां को बताया कि दीपू का शादी समारोह के दौरान विवाद हुआ था। परिवार वालों ने दीपू की तलाश की जहां पडरी गांव में प्राइमरी स्कूल के पास पप्पू मौर्य के खेत में आम के पेड़ से दीपू का शव लटका पाया गया। शव लगता पाए जाने के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया। मंगलवार पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक दीपू के बड़े भाई नीरज पुत्र शिवनारायण ने बताया कि उन का छोटा भाई दीपू शादी समारोह में गया था वहां किसी से विवाद हुआ विवाद होने के बाद दीपू घर नहीं लौटा जिसकी तलाश की गई जहां दीपू का शव प्राइमरी स्कूल के पास पप्पू मौर्या के खेत में आम के पेड़ से लटका मिला वही परिवार वालों ने दीपू की हत्या की आशंका जताई है।

शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

सीतापुर। जिले में शूरवीर महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर के काशीराम कालोनी के सामने स्थित शूरवीर पार्क में महाराणा प्रताप और भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप की वीरता का बखान किया।

ब्याज पर रुपए देने के बहाने जमीन करा ली अपने नाम

बरेली। थाना भोजीपुरा के ग्राम नौआ नगला के रहने वाले कमरुद्दीन ने इसकी शिकायत एसएसपी से की है। कि एक व्यक्ति ने जालसाजी करके उसकी खेती की जमीन अपने नाम करवा ली है एसएसपी को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 60 क्षेत्रपाल . 6 760 गांव के पास में है। कृषि भूमि पर केसीसी का लोन है उसको पुराना लोन चुकता करके नया लोन लेने की जरूरत पड़ी तो पड़ोस के गांव सुरला नगला के रहने वाले परिचित सुखलाल भूपराम ने किसी व्यक्ति से ब्याज पर रुपया दिलवाने की बात की उसके लिए तुम्हे कुछ लिखा पढ़ी करनी होगी 18 नवंबर 2022 को कचहरी लेकर आए उसके साथ फोटो खिंचवाकर रजिस्ट्री दफ्तर पर अंगूठा लगवाया और रजिस्ट्री ऑफिस में अंदर ले जाकर कहलवाया की मुझे दीपशिखा से ढाई लाख रुपया मिल गए हैं । जब रजिस्ट्री ऑफिस से नीचे उतर कर आया तो मैं पंडित से रुपए मांगे तो उन्होंने एक चेक डेढ़ लाख रुपए और दूसरा एक लाख रुपए का दे दिया । और 50 हजार नगद दिए कमरुद्दीन जब चेक लेकर बैंक पहुंचा बताया दीपशिखा के खाते में पर्याप्त धन ना होने के कारण भुगतान नहीं हुआ चेक वापस हो गए और इन लोगो ने जमीन अपने नाम करवा ली। कमरुद्दीन अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है इन लोगों ने धोखाधड़ी करके उसके साथ उसकी जमीन अपने नाम करवा ली है ।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के कार्मिकों ने डीएम को सौंपा अनुरोध पत्र

सीतापुर। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में कार्यरत सभी पुरूष कार्मिकों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर सत्र 2023-24 में नौकरी से हटाए जाने संबंधी आदेश निरस्त किए जाने को लेकर गुहार लगाई है। अपने अनुरोध पत्र में इन पुरूष कार्मिकों ने 14, 15 वर्षों से लगातार कुशलता पूर्वक और निष्कलंक कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करने का हवाला देते हुए अचानक नौकरी से हटाए जाने को अन्याय बताया है। बताते चलें कि सीतापुर जिले में 20 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हो रहे है, संविदा के आधार पर बड़ी संख्या में पुरूष कार्मिक इन विद्यालयों में लेखाकार, चपरासी, चौकीदार और अंशकालिक शिक्षक आदि जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रहे थे, अभी हाल ही में एक शासनादेश के तहत इनकी सेवाओं का नवीनीकरण न किए जाने का आदेश जारी हुआ है।

रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर, एक की मौत

बरेली। तेजी से आ रही रोडवेज की एक बस ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार में सवार एक युवक की मौत हो गई 4 लोग घायल हो गए पुलिस ने मृतक के शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के विलवा फार्म के पास हुई सड़क दुर्घटना में पहोहगंज पश्चिमी थाने के गांव मडोली निवासी नरेश पुत्र झाझन लाल कि बीती रात मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके घर वालों ने बताया कि नरेश अपने दोस्तों के साथ कल शाम को कार से एक दोस्त के घर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गया था जहां से सभी लोग रात में कार से घर वापस लौट रहे थे लेकिन विलवा फार्म के पास सामने से आ रही एक रोडवेज बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमे बैठे सभी लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाला लेकिन तब तक नरेश की मौत हो चुकी थी पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से मृतक के घर वालों को सूचना दी।

अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी आयोजित

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन जागेश्वर निवास तरीनपुर रोड सीतापुर में किया गया। संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी व संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के संरक्षण में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता महफूज रहमानी ने की, तथा संचालन यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गृह स्वामी आनंद स्वरूप बाजपेई के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जीएल गांधी की वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तथा महफूज रहमानी, पुष्पा अवस्थी, डॉ सतीश चंद्र वर्मा, यासीन इब्ने उमर, राम किशोर श्रीवास्तव, जीएल गांधी, केपी मिश्र, नपीस सीतापुर, गीता किशोर श्रीवास्तव, एपी गौतम प्रगति बाजपेई, सुधांशु त्रिवेदी आदि ने काव्य पाठ किया।

सेक्रेट हार्ट डिग्री कालेज में पर्यावरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सीतापुर। सेक्रेट हार्ट डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मिशन लाइफके अंतर्गत पर्यावरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का दिशा निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डा. शशिकला मिश्रा ने किया। इस दौरान ऋतु दिवाकर, दीक्षा सिंह, साजिया खान, इरम नाज और हुदा खान आदि ने पृथ्वी को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने, जल संरक्षण, वृक्षा रोपण, भू संरक्षण आदि विषयों पर जोर दिया। निर्णायक के रूप में प्रवक्तागण पंकज श्रीवास्तव और विशाल मिश्रा ने बीएसएसी प्रथम वर्ष के मुदित मिश्रा और रमन सिंह को संयुक्त रूप से प्रथम, बीबीए प्रथम वर्ष की हुदा खान को द्वितीय और बीसीए प्रथम वर्ष की मुस्कान श्रीवास्तव, बीबीए प्रथम वर्ष ध्रुव पांडेय को संयुक्त रूप से तृतीय घोषित किया।

हेमेटोलॉजी के बिना इलाज मुश्किल

● हेमेटोलॉजी अपडेट्स विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस और वर्कशाप का हुआ आयोजन

● खून की जांच किए बिना किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल

संवाददाता। बरेली

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में पैथोलॉजी विभाग की ओर से हेमेटोलॉजी अपडेट्स विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस और वर्कशाप हुई। इंडियन एसोसिएशन आफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रो बायोलाजिस्ट के यूपी चौप्टर के तत्वावधान में आयोजित इस कांफ्रेंस में उद्घाटन सत्र के साथ साइंटिफिक वर्कशाप हुई। इसके दूसरे व अंतिम दिन रविवार को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल के लैब सर्विसेज के सीनियर डायरेक्टर व एचओडी डा. अनिल हांडू, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देवमूर्ति जी, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत) डा.एमएस बुटोला, कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा.तनु अग्रवाल और कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.सुरभि पांडेय ने दीप प्रज्वलन के साथ कांफ्रेंस का उद्घाटन किया। देवमूर्ति जी ने अपने संबोधन में पेशेंट केयर में खून की जांच रिपोर्ट को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि खून की जांच किए बिना किसी भी बीमारी का इलाज मुश्किल है। उद्घाटन सत्र का संचालन डा.प्रिया लोचब ने किया। साइंटिफिक वर्कशाप में मुंबई स्थित टाटा मैमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर डा.सुमित गुजराल, दिल्ली स्थित मैक्स सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल के लैब सर्विसेज के सीनियर डायरेक्टर व एचओडी डा.अनिल हांडू, एसजीपीजीआई लखनऊ के एडिशनल प्रोफेसर डाक्टर खलिकुर रहमान, एसजीपीजीआई लखनऊ की एडिशनल प्रोफेसर डा.रुचि गुप्ता, फोर्टिज मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम के प्रिंसिपल डायरेक्टर डा.राहुल भार्गव, एम्स नई दिल्ली की एसोसिएट प्रोफेसर डा.जसमिता दास ने हेमेटोलॉजी से संबंधित अपनी रिसर्च पर व्याख्यान दिए। इस मौके पर डीन यूजी डा.नीलिमा मेहरोत्रा, डा.शानू गुप्ता, डा.निधि जौहरी, डा.हेमा पंत, डा.रुचि खंडेलवाल, डाक्टर मिलन जायसवाल, डा.वानिका, डा.शुभ्रा कुमारी, डा.शबाना अंसारी, डा.शुभनिता गर्ग, डा.हर्षिता अग्रवाल मौजूद रहे।

सीएमओ ने किया सीएचसी बांकेगंज का निरीक्षण

● स्वास्थ्य को और अधिक गति देने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से चला अभियान

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

मौजूदा स्वास्थ्य सेवाएं और स्वास्थ्य योजना को और अधिक गति देने के उद्देश्य से सीएमओ डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार, एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने टीम के साथ सीएचसी बांकेगंज का निरीक्षण किया। एस्पिरेशन ब्लॉक होने के कारण यहां चल रही स्वास्थ्य को और अधिक गति देने व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह भ्रमण किया गया है। इस दौरान वहां पर एएनएम और आशाओं के साथ एक मीटिंग भी की गई। एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि एक्सप्रेशन ब्लॉक बांकेगंज में स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने सीएचसी बांकेगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ बीसी पंत, डॉ. रवि प्रकाश गुप्ता, पाथ संस्था से अमरेश, आयुष्मान योजना से डॉ. अक्षत, डीपीएम अनिल यादव मौजूद थे। टीम द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं के गैप को दूर करने के उद्देश्य से एएनएम और आशाओं की मीटिंग की गई। जिसमें ब्लाक के बीपीएमए बीसीपीएम व बैम भी शामिल हुए। इस दौरान आरसीएच के अंतर्गत मैटरनल हेल्थ, वैक्सीनेशन, मातृ एवं शिशु सुरक्षा सहित सीएचसी व डिलीवरी पॉइंट्स पर डिलीवरी बढ़ाए जाने सहित आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना आदि की समीक्षा की गई। इस दौरान आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड जल्द से जल्द बनाने के निर्देश भी दिए गए। आशा भुगतान और मातृ एवं शिशु देखभाल को लेकर शासन द्वारा दिए जा रहे लाभ को लाभार्थी के खाते में यथा शीघ्र पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा ने रोड शो निकालकर दिखाई ताकत

● तिलक इंटर कॉलेज से साहूकारा, बड़ा बाजार होते हुए श्यामगंज पुलिस चौकी तक लहराया भगवा

संवाददाता। बरेली

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी डॉ उमेश गौतम ने शहर के अंदर भारी-भरकम रोड शो निकालकर अपनी ताकत दिखाई। शहर के मुख्य मार्गो से निकले जुलूस से माहौल पूरी तरह भगवामय हो दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, वनमंत्री डॉ अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य समेत कई बड़े नेताओं ने रोड शो का नेतृत्व किया। रोड शो का जगह-जगह व्यापारियों ने पुष्प वर्षा और फूल माला पहना कर प्रत्याशी और भाजपा नेताओं का स्वागत किया। भाजपा के महापौर प्रत्याशी डॉ उमेश गौतम, पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, वन और पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल की अगुवाई में समस्त भाजपा नेता और महानगर कमेटी के पदाधिकारी मंगलवार सुबह 11:00 बजे तिलक इंटर कॉलेज गेट पर एकत्र हुए। यहां पर बड़े मंगल को हनुमान जी की आरती के पश्चात डीजे और ढोल नगाड़ों के साथ रोड शो का प्रारंभ हुआ। उसके बाद तिलक इंटर कॉलेज से रोड शो किला, साहूकारा, बड़ा बाजार, कुतुबखाना मार्केट, शिवाजी मार्ग, सराफा बाजार, मटकी चौकी, साहू राम स्वरूप डिग्री कॉलेज, मिर्ची वाली गली और शाहमतगंज बाजार, पुलिस चौकी से कालीबाड़ी मंदिर पर आकर संपन्न हुआ। यहां पूजा अर्चना के पश्चात रोड शो का समापन किया गया। रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, अब की बार, ट्रिपल इंजन सरकार, मोदी योगी जिंदाबाद, संतोष गंगवार जिंदाबाद, डॉ उमेश गौतम जिंदाबाद, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल जिंदाबाद, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे, अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे। हमारा मेयर कैसा हो उमेश गौतम जैसा हो जैसे नारे लगाए। रोड शो में छत के ऊपर से महिलाओं ने भाजपा प्रत्याशी डॉ उमेश गौतम समेत अन्य पार्टी नेताओं पर पुष्प वर्षा भी की। रोड शो में भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ केएम अरोड़ा, चुनाव संयोजक अधीर सक्सेना, देवेंद्र जोशी, राज अग्रवाल, विष्णु शर्मा, विष्णु अग्रवाल, तृप्ति गुप्ता, शीतल गुलाटी, रितेश पाठक, नीलम जेठा, कमलेश ठाकुर, विशाल मेहरोत्रा, विपिन अग्रवाल, रचित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अनु सहगल, सौरभ मेहरोत्रा, अमन सक्सेना, सौरभ मेहरोत्रा, संदीप अग्रवाल, जीतू देवनानी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता संजीव चांदना, राजेश जसूरिया, सुदेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल रामकृष्ण शुक्ला मनोज थपलियाल अनिल पाटिल विभु शर्मा मनोज शुक्ला मुकुल अग्रवाल संजीव रस्तोगी समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल थे।

प्रचार के अंतिम दिन डॉ आई एस तोमर ने किया धुआंधार जनसंपर्क

संवाददाता। बरेली

डॉक्टर आई एस तोमर ने बरेली में प्रचार के अंतिम दिन पूरे शहर को जनसंपर्क करके मथ दिया , आज सुबह रामपुर गार्डन राजेंद्र नगर सीबीगंज मनोहर भूषण इंटर कॉलेज मॉडल टाउन यूनिवर्सिटी शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया था डॉक्टर तोमर ने बताया कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार से हैं स्मार्ट सिटी बरेली मे हुए भ्रष्टाचार पर लगाम कसी जाएगी खुशियों के कठोर कार्रवाई की जाएगी बरेली की आम जनता की गाढ़ी कमाई जनहित में खर्च की जाएगी डॉक्टर तोमर ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बरेली मैं विकास की गति को तेज किया था जनता जनार्दन मुझे मौका देती है तो बरेली को सुंदर स्वच्छ और समृद्ध बनाएंगे । वीरपाल यादव , भगवत सरन गंगवार , शिवचरन कश्यप , शमीम खान सुल्तानी , शुभलेश यादव , जफर बेग , संजीव यादव , योगेश यादव , सुरेंदर सोनकर , रविंदर यादव , आदेश यादव , प्रमोद बिष्ट , विशाल यादव , विशाल यादव , रविंदर श्रीवास्तव , शब्बोब , पल्लवी सक्सेना , मीना शाक्य , शशि चद्र , प्रशांत यादव , मुकेश यादव , गजेंदर पटेल , भुवनेश यादव , अजय यादव, करन रत्नाकर , वसीम मेवाती , अमर काले , फहीम हैदर,चंदू यादव , हिमांशी शर्मा , हरेन्दर कनौजिया , जोगेन्दर पटेल गीता शर्मा , तंजीम , सीमा श्रीवास्तव , गुड़िया गंगवार आदि लोग मैजूद रहे ।

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

लखीमपुर खीरी। मितौली थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के निवासी धर्मेंद्र कुमार सोमवार को अपने तीन भाइयों के साथ बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे जहां नीमगाँव थाना क्षेत्र के ऊंचीपारी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार धर्मेंद्र पुत्र रमेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में बाइक सवार जो गंभीर घायल हुए हैं उनके नाम मुकेश मिथिलेश और गौरव हैं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के चाचा जयराम ने बताया कि उनका भतीजा भाइयों के साथ शादी में जा रहा था वही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिसमें धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई बाकी तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनका इलाज बेहजम सीएचसी में कराया जा रहा है।

बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसाएं : योगी आदित्यनाथ

चित्रकूट के रामायण मेला परिसर में चुनावी जनसभा को सीएम योगी ने किया सम्बोधित

- सीएम योगी ने चित्रकूट की महिमा का जमकर किया बखान
- सांसद पटेल समेत भाजपा नेताओं ने किया सीएम योगी का स्वागत

संवाददाता। चित्रकूट

भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण की शुरुआत 'चित्रकूट के घाट में भई संतन की भीड़' से करते ही पूरा जनसभा स्थल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। भगवान कामतानाथ के जयकारे के साथ चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने चित्रकूट की महिमा का जमकर बखान किया। सीएम ने डबल इंजन की सरकार में तपोभूमि चित्रकूट में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को रिकार्ड मतो से जिताने की अपील की। साथ ही योगी ने सपा मुखिया पर हमला बोलते हुए कहा कि बुंदेलखंड की जनता को बूंद-बूंद पानी को तरसाने वालों को निकाय चुनाव में एक-एक वोट को तरसा दें।

सीएम योगी ने पूर्ववर्ती सपा और बसपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 2014 और 2017 के पहले यूपी को गुंडों, माफ़ियाओं और डकैतों के प्रदेश के रूप में पहचाना जाता था। वहीं 2017 से भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी उत्सव प्रदेश बन चुका है। धर्म नगरी चित्रकूट डकैतों के आतंक से पूरी तरह मुक्त हो चुकी है। सीएम ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर, काशी में विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और चित्रकूट में हो रहे पर्यटन विकास के कार्यों से विरासत को सम्मान मिल रहा है।

बुंदेलखंड यूपी का स्वर्ग बनेगा

बांदा। सीएम योगी ने आज बांदा के जीआईसी मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड या बांदा की बात करें तो 2017 से पहले रोजगार से राहगीर तक,कृषि से कमाई तक, और आबरू से अवसर तक सब कुछ यहां असुरक्षित हो गया था। आज हम गर्व से कह सकते है कि बुंदेलखंड प्रधानमंत्री के निर्देशन और विजन के अनुरूप निरंतर विकास कर रहा है। एक ओर जो पहले बुंदेलखंड के संसाधनों पर डकैती डालते थे, उनको और माफियाराज को समाप्त किया गया।

54 लीटर महुआ शराब समेत तीन गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय की टीम ने वारंटी शिवराम पुत्र दुक्खा निवासी भदेदू को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा दिनेशचन्द्र पाण्डेय, सिपाही दिनेश यादव शामिल रहे। मंगलवार को इसी क्रम में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग हरीशचन्द्र मिश्रा की टीम ने धर्मेन्द्र पुत्र रामजी यादव निवासी बंदरकोल कतोवाली कर्वी को 32 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चौकी प्रभारी हरीशचन्द्र मिश्रा, सिपाही रविन्द्र कुमार राठौर, सिपाही राहुल वर्मा शामिल रहे। पहाड़ी थाने के वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने सुरेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम निवासी बरमपुर के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा खामियाजा : बृजेश पाठक

- डिप्टी सीएम ने रोड शो कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन

संवाददाता। फर्रुखाबाद

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अपराहन 2.24 बजे मंगलवार को फर्रुखाबाद के गुड़गांव देवी मंदिर में पहुंच कर मां गौरी के समक्ष माथा टेका और नगर निकाय चुनाव में फर्रुखाबाद नगरपालिका परिषद की भाजपा प्रत्याशी सुषमा गुप्ता एवं अन्य भाजपा प्रत्याशियों के विजयी होने का आशीर्वाद पाया। यहां पुजारी कैलाश चंद्र एवं अंकित ने उपमुख्यमंत्री श्री पाठक को मां गौरी की पूजा अर्चना कराई। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने मंदिर समीप से 2:25 बजे अपने भाजपा प्रत्याशी सुषमा गुप्ता के समर्थन में एक डी सी एम वाहन पर सजे भाजपा के झंडो बैनरो स्लोगन वाले रथ पर भाजपा सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक सुशील शाक्य, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेत्री डा रजनी सरीन, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सवार होकर के मुख्य मार्ग पर अपने जुलूस काफिले के साथ रोड शो के लिए रवाना हुए।

उनके रोड शो में प्रभारी मंत्री योगेंद्र पाठक मौजूद रहे। रोड शो समापन के बाद संवाददाताओं के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि फर्रुखाबाद में भाजपा को जनता का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। यह पूछे जाने पर कि सपा अपनी जीत का दावा कर रही है के उत्तर में उन्होंने कहा कि 13 मई को परिणाम आने पर सब पता चल जाएगा। कर्नाटक में बजरंग दल के मामले पर उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

नगर पालिका फर्रुखाबाद सीट पर मचा घमासान

फर्रुखाबाद। नगर पालिका फर्रुखाबाद सीट पर घमासान मचा हुआ है। सपा भाजपा बसपा सभी प्रत्याशी मतदाताओं को वादे कर विकास की दुहाई देकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सपा प्रत्याशी एकता चौधरी पत्नी अविनाश सिंह विक्की पुत्र वधू पूर्व विधायक विजय सिंह, और पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरी दमखम से सुबह से लेकर शाम तक मतदाताओं से मिली और उन्होंने अपनी बहू चौधरी के लिए मतदाताओं से वोट व समर्थन आशीर्वाद मांगा। जिस पर जनता ने वोट व समर्थन सहित एकता चौधरी को विजयी होने का आशीर्वाद दिया। सपा प्रत्याशी एकता चौधरी के पति अविनाश सिंह विक्की ने बताया कि मेरी लड़ाई भाजपा से है।

जन जागरण से होगा जीवनदायिनी मंदाकिनी का संरक्षण : भरत पाठक

- नदियों पर काम करने वाले प्रमुख विद्वान पहुंचे चित्रकूट

चित्रकूट। चित्रकूट में मंगल भूमि फाउंडेशन के तत्वाधान में रामायणी कुटी आश्रम चित्रकूट के प्रांगण में मंदाकिनी नदी पाठशाला जल संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आने वाले समय में पानी और नदी को बचाने पर चर्चा की गई। जिसमें जल जागरूकता पर आधारित तमाम विषय विशेषज्ञों, विद्वानों ने अपने ज्ञान और अनुभवों को सभी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में देश की प्रमुख नदियों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई। मंदाकिनी नदी के पानी एवं उसकी स्वच्छता जल जागरुकता, जल संवाद कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में मुख्य अतिथि रहे गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामशीष ने पानी प्रदूषण के तीन कारणों पर चर्चा की। जिसमें उन्होंने भोगवादी प्रवित्ति, अनियोजित विकास और विकृत आस्था के फैलाव जैसे कारणों पर चर्चा की। कार्यक्रम के संरक्षक स्वामी मदन गोपाल दास जी महाराज के द्वारा पर्यावरण संरक्षण संवर्धन पर होनें वाले प्रयासों को अपनें सहयोग के लिए तैयार रहने को कहा। मुख्य वक्ता गंगा विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भरत पाठक द्वारा मंदाकिनी नदी पर किए गए कार्यों को भी छात्रों के समक्ष रखा गया और अपने अनुभवों को साझा किया गया।

नेशनल टैलेंट अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुईं डॉ माया सिंह

उरई, जालौन। अपनी साहित्यिक प्रतिभा से कई देशों में सम्मानित हुई डॉ माया सिंह को हाल ही में राष्ट्रीय हिंदी मीडियम मंच सारा सच द्वारा आयोजित समारोह में नेशनल टैलेंट अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया इस दौरान देश की कई बड़ी जानी-मानी हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। गृह जनपद में सम्मानित होकर वापस लौटीं डॉ माया सिंह ने लोक भारती के साथ हुई बातचीत में कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि समस्त जनपद वासियों के प्रेम स्वरूप मिले प्रोत्साहन का है। उल्लेखनीय है कि डॉ. माया सिंह माया बीते कई दशकों से अपनी साहित्यिक सृजनात्मक अद्वितीय क्षमता के कारण देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं दर्जनों बड़े-बड़े अवार्ड प्राप्त करने के बाद भी उनकी लेखनी की धार और सामाजिक चिंतन मानवीय संवेदना से जुड़ कर संवर्धित हो रहा है। माया सिंह के साथ सुविख्यात साहित्यकार डॉ ललिता बी जोगड़ को भी नेशनल टैलेंट अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ है।

श्रद्धापूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

संवाददाता। जालौन, उरई

महाराणा प्रताप देश प्रेम और समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व का नाम थे उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन त्याग बलिदान और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए बिताया। उनका जीवन प्रेरक और प्रेरणास्पद तो है ही साथ ही अनुकरणीय है। उक्त उद्गार आज मंगलवार को नगर के महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में आयोजित जयंती समारोह के मौके पर प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि मेवाड़ के 13वें राजपूत राजा का महाराणा प्रताप का जन्म आज ही के दिन 1540 को हुआ था। महाराणा प्रताप को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता है। हल्दी घाटी में मुगल शासक अकबर के खिलाफ लड़ा गया युद्ध इतिहास के सबसे चर्चित युद्ध में से एक है। इस युद्ध में अपनी छोटी सी सेना के साथ, उन्होंने मुगलों की विशाल सेना को नाकों चने चबवा दिए थे।

वरिष्ठ अध्यापक भगवती प्रसाद वर्मा ने व्यक्त किए उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे इतिहास में ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी शख्सियत हैं जिन्हें हम अपना आदर्श बना कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप ने जिस तरह से अपने संपूर्ण जीवन में त्याग बलिदान और राष्ट्रप्रेम की मिसाल कायम की है वह हम सबके लिए अनुकरणीय है।

पेड़ की कटाई के दौरान युवक की दर्दनाक मौत

माधौगढ़, जालौन। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कैलोर गांव में बदायूं जनपद से आए दिहाड़ी मजदूर यूकेलिप्टस का पेड़ काट रहे थे तभी पेट्रोल वाली मशीन आरी असावधानी के चलते युवक की गर्दन पर गिर गयी जिससे वह बुरी तरह से लहुलुहान हो गया। आनन फानन में ठेकेदार उसे उपचार के लिये माधौगढ़ अस्पताल ले जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जयर अली पुत्र इसरत निवासी छगनपुर जिला बदायूं जो कि कैलोर में लकड़ी काटने आया था दिहाड़ी मजदूरी पर उसके साथ मुकर्म, मुनब्बर, इरफान, बच्चन, आये हुए थे। बताया जाता ह कि तभी वह यूको लिप्टिस काट रहा था तभी आरी की चपेट में आ गया जिससे जयर अली 20 वर्ष की गर्दन पर आरी गिर गयी जिससे वह लहूलुहान हो गया।

भाजपा प्रत्याशी कुलदीप निषाद के रोड शो में उमड़ा भारी जन सैलाब

हमीरपुर। आज निकाय चुनाव में नगर पालिका हमीरपुर के भाजपा प्रत्याशी कुलदीप निषाद का रोड शो में भारी जन सैलाब देख कर विरोधी सकते में आ गये। पूरे नगर में गाजे बाजे के साथ निकाला गया रोड शो में भाजपा के सभी जिला स्तरीय नेता उपस्थित रहे। आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रत्याशी कुलदीप निषाद का रोड शो रमेड़ी से होकर बाजार चौराहा, अस्पताल रोड, कालपी चौराहा, से होते हुये लक्ष्मी बाई तिराहा से होकर पूरे नगर में भ्रमण किया मतदाताओ ने जगह जगह जुलूस का स्वागत किया,जय श्री राम के उद्घोष के साथ सैकडों की तादाद में लोग जुलूस में शामिल होकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। जुलूस में शामिल लोगो का जोश देखते ही बनता था।

मौदहा में बागी प्रत्याशी के चलते भाजपा को नुकसान

मौदहा, हमीरपुर। चुनाव के दूसरे चरण में प्रचार के अंतिम दिन भाजपा अपने जनाधार को बढ़ाने के लिए रोड शो कर रही है। बमुश्किल एक से डेढ़ सैकड़ा समर्थकों के साथ भाजपा ने अपना रोड शो निकाला। नगर में रविवार को भाजपा ने रथ यात्रा निकाली लेकिन जिलाध्यक्ष सहित सदर विधायक की मौजूदगी में पार्टी को जन समर्थन मिलता न देख मंगलवार को एक बार पुनः भाजपा प्रत्याशी को रोड शो करना पड़ गया। सोमवार को भाजपा के बागी प्रत्याशी आशीष सिंह ने भी अपना रोड शो निकाला जिसमें हजारों लोगों का शामिल होना भाजपा खेमे में खलबली मचाने भर को काफी था।

निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ पूर्ण करायें मतगणना: डीएम

संवाददाता। फतेहपुर

- एक मेज पर रहेंगे पांच कर्मचारी, पचास-पचास की बनेंगी गड्डियां
- एजेंटों को दिखानी होगी खाली मतपेटी

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु प्रेक्षागृह में रिटर्निंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर, गणना, पर्यवेक्षक, गणना सहायक पर्यवेक्षक, अतिरिक्त गणना सहायको को जिलाधिकारी श्रुति की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि मतगणना प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को नोट कर लें। उसके अनुसार मतगणना का कार्य सम्पन्न कराएं। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से संबंधित जो बिन्दु समझ में न आये तो बेझिझक पूछ लें। 50-50 की गड्डियां बनायी जाएंगी और मतपेटी को खाली करके एजंटों को दिखाना होगा। निष्पक्ष रूप से मतगणना कराना होगा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी कमल किशोर कमल ने प्रशिक्षण में बताया कि 60 काउंटर पर्यवेक्षक, 180 गणना सहायक, 60 अतिरिक्त गणना सहायक कुल-300 दो पालियों में 600 का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि एक गणना मेज पर 5 कर्मचारी (1 गणना पर्यवेक्षक, 3 गणना सहायक, 1 अतिरिक्त गणना सहायक होंगे)। मतपेटिका को गणना मेज पर उपलब्ध कराने के बाद गणना पर्यवेक्षक पहले उसकी जांच करेंगे। उसके बाद खोलकर सभी मतपत्रों को गणना मेज पर निकालेंगे और मतगणना अभिकर्ताओं को यह देख लेने का अवसर दिया जाएगा कि मतपेटिका में कोई मतपत्र तो नहीं है।

एक करोड़ 11 लाख गबन का आरोपी सचिव हिरासत में

फतेहपुर। असोथर उपमंडी धान क्रय केंद्र में एक करोड़ 11 लाख के गबन के मामले में आरोपी सचिव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उपमंडी असोथर क्रय केंद्र में एक नवंबर से 28 फरवरी तक खरीद और संबंधित मिल में धान की सप्लाई हुई थी। जिला सचिव कृषि शालिकराम सरोज की ओर से जांच में धान बिक्री का कोई रिकार्ड नहीं मिला। जांच में पांच हजार 488 क्विंटल 20 किलो धान का गबन पाया गया।

चंद्रा बालिका इंटर कालेज में मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन

फतेहपुर। चंद्रा बालिका इंटर कालेज में मेधा अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा बारहवीं एवं दसवीं के इस वर्ष की यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्राप्तांक वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चंद्र गुप्ता ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालो में इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग की छात्रा उम्में उमरा ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा कला वर्ग में इकरा खानम ने 87.8 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अवैध बस स्टैंड हटाने में जिम्मेदार नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

जालौन, उरई। प्रदेश सरकार ने अवैध बस व टैंपो स्टैंड पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी नगर में अवैध स्टैंड चल रहे हैं। जिम्मेदार इन्हें बंद कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन के साथ परिवहन विभाग को सख्त आदेश दिए थे कि प्रदेश में किसी भी स्थान पर अवैध वाहन अड्डे संचालित न हों। संचालित करने वालों पर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी देवनगर चौराहे पास टैंपो व लग्जरी प्राइवेट व टूरिस्ट बस का अवैध अड्डा संचालित हो रहा है। दिन भर देवनगर चौराहे के आसपास टैंपो खड़े नजर आते हैं। शाकिर हसन वारिसी बताते हैं कि टैंपो को लाइसेंस सिर्फ18 किलोमीटर के एरिया में चलने के लिए दिया जाता है। लेकिन टैंपो चालक औरैया 42 किमी, ईंटो, गोहन 35 किमी आदि स्थानों के लिए सुबह से ही चलते हुए देखे जा सकते हैं। अवैध रूप से टैंपो चलने से आए दिन बस वालों से भी टैंपो वालों से विवाद होता रहता है। नगर में अवैध रूप से संचालित हो रहे बस व टैंपो स्टैंड के अलावा बसों के बुकिंग काउंटर को बंद नहीं कराया जा रहा है। अवैध बुकिंग काउंटर व टैंपो स्टैंड के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

पेज एक का शेष

इमरान हाईकोर्ट...

सनाउल्लाह ने कहा कि खान कई नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुए। उन्होंने ट्वीट किया, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा गिरफ्तारी देश के खजाने को नुकसान पहुंचाने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि खान को प्रताड़ित नहीं किया गया। गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने खान का पहले से रिकॉर्ड किया एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, जब तक मेरी ये बातें आप तक पहुंचेगी, तब तक मुझे निराधार मामले में गिरफ्तार किया जा चुका होगा। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र को दफन कर दिया गया है। खान ने कहा, यह सब इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि वे चाहते हैं कि मैं उस भ्रष्ट, आयातित सरकार को स्वीकार कर लूं, जो हम पर जबरदस्ती थोपी गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वारंट है, तो उन्हें सीधे उनके पास लाना चाहिए। खान ने कहा, वारंट लाओ, मेरा वकील वहां होगा। मैं खुद जेल जाने को तैयार हूं। खान की गिरफ्तारी ऐसे समय की गई है, जब पाकिस्तानी सेना ने सोमवार को उनकी बिना किसी सबूत के एक सेवारत आईएसआई अधिकारी के खिलाफ बेहद गैर जिम्मेदाराना और निराधार आरोप लगाने के लिए आलोचना की थी। सेना ने खान का सीधे तौर पर उल्लेख करते हुए कहा, हम संबंधित नेता से कानूनी रास्ते का सहारा लेने और झूठे आरोप लगाना बंद करने के लिए कहते हैं। संस्थान के पास झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयानों और दुष्प्रचार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।

समर्थकों ने...

लोग इकट्ठा नहीं हो सकते। गृह विभाग के मुताबिक, दो दिन तक लोगों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। पंजाब सरकार ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण से प्रांत के उन क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं को निलंबित करने का अनुरोध किया जहां हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद शहर में गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के आवास पर भी पथराव किया। इसी तरह, मुल्तान, झंग, गुजरांवाला, शेखूपुरा, कसूर, खानेवाल, वेहारी, हफीजाबाद और गुजरात शहरों में भी विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

पायलट की...

कार्रवाई को लेकर पायलट ने हाल ही में यहां एक दिन का अनशन किया था। पायलट का कहना है कि मौजूदा सरकार उन मामलों में कार्रवाई नहीं कर रही। पायलट ने कहा कि अब मैं नाउम्मीद हूं, क्योंकि तथ्य सामने आ रहे हैं कि कार्रवाई क्यों नहीं हुई और क्यों नहीं होगी, यह अब स्पष्ट हो रहा है। पायलट ने कहा कि मैंने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लगातार उठाया है, पहले भी उठाया, आज भी उठा रहा हूं और आगे भी उठाता रहूंगा। भ्रष्टाचार व नौजवानों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाकर मैं 11 मई को अजमेर से जयपुर तक जनसंघर्ष पदयात्रा निकालूंगा। यह यात्रा लगभग 125 किलोमीटर लंबी होगी। जनसंघर्ष यात्रा लोगों के हितों के लिए, भ्रष्टाचार के खिलाफ, नौजवानों के संरक्षण के लिए होगी। उनकी आवाज हम सुनेंगे और उनकी आवाज हम बुलंद करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि अजमेर से यह यात्रा इसलिए निकाली जा रही है, क्योंकि राजस्थान लोकसेवा आयोग (आरपीएससी) अजमेर में स्थित है, जहां से कई पेपर लीक हुए और वहां भ्रष्टाचार होने की खबरें आईं। सीएम गहलोत और भाजपा नेता वसुंधरा राजे सिंधिया पर परोक्ष हमला बोलते हुए राजस्थान के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मंगलवार को कहा कि किसी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उसके कारण कांग्रेस सरकार बची। खाचरियावास ने बिना किसी का नाम लिए यहां कहा कि सरकार उन 102 विधायकों की वजह से बची, जिन्हें कांग्रेस आलाकमान और पार्टी नेताओं राहुल गांधी व सोनिया गांधी के चेहरे पर भरोसा था।

मोदी राजस्थान...

कार्यालय (पीएमओ) ने से जारी बयान के अनुसार मोदी राजसमंद और उदयपुर में दो लेन में उन्नयन के लिए सड़क निर्माण परियोजनाओं और उदयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखेंगे। वह राजसमंद में नाथद्वारा से नाथद्वारा शहर तक आमान परिवर्तन परियोजना और एक नई लाइन स्थापित करने के लिए आधारशिला भी रखेंगे। मोदी तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के 114 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले उदयपुर से शामलाजी खंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-25 के बार-बिलाड़ा-जोधपुर खंड में 110 किलोमीटर लंबे चौड़ीकरण और चार लेन को मजबूत करना और राष्ट्रीय राजमार्ग-58ई की 47 किलोमीटर लंबी दो लेन की परियोजनाएं शामिल हैं।

नीतीश कुमार...

संबंध बहुत पुराने हैं। कोविड महामारी के कारण, हम मिल नहीं पाए। कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं और कोई भी राजनीतिक अटकल लगाने की जरूरत नहीं है। अगले साल के चुनावों से पहले गैर-भाजपा दलों के साथ आने की चर्चा है, लेकिन दोनों नेताओं ने राजनीति पर चर्चा होने की बात से इनकार कर दिया। इससे पहले दिन में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राज्य के मंत्री अशोक चंद्र पांडा और बीजद उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा ने कुमार का स्वागत किया। कुमार का आज भुवनेश्वर से रवाना होने का कार्यक्रम है।

कर्नाटक के...

है। आपका संकल्प, मेरा संकल्प है। हम साथ में आएं और एक लक्ष्य की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें तो दुनिया की कोई ताकत हमें नहीं रोक सकती। चुनाव से पहले राज्य में 19 जनसभाओं को संबोधित कर चुके और छह रोड शो कर चुके मोदी ने कहा कि मैं कर्नाटक को देश में नंबर एक राज्य बनाने के मिशन में आपका आशीर्वाद चाहता हूं। उन्होंने कहा कि ये बारिया निर्धारा, बहुमाताड़ा बीजेपी सरकारा (इस बार का फैसला: बहुमत वाली भाजपा सरकार)। कर्नाटक के लोगों का यह आह्वान अभी भी मेरे कानों में गूंज रहा है। मोदी ने कहा कि हम कर्नाटक को निवेश, उद्योग, नवाचार, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में नंबर एक बनाना चाहते हैं।

कांग्रेस ने...

समक्ष प्रतिवेदन देकर शिकायत की है। इसमें उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन किया है।

ब्रिगेडियर और...

फैसले के तहत वरिष्ठ अधिकारियों की टोपी, कंधे पर बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूते का मानकीकरण किया जाएगा। फ्लैग-रैंक अधिकारी अब कोई पट्टा (कमरबंद) नहीं पहनेंगे। कर्नल और नीचे के रैंक के अधिकारियों की वर्दी में कोई बदलाव नहीं होगा। भारतीय सेना में ब्रिगेडियर और ऊपर के अधिकारी वे होते हैं जो पहले से ही यूनिट और बटालियनों की कमान संभाल चुके होते हैं और उनमें से ज्यादातर मुख्यालय या प्रतिष्ठानों में तैनात होते हैं, जहां सभी अंगों और सेवाओं के अधिकारी एक साथ काम करते हैं और कार्य करते हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की सच्ची प्रकृति को दर्शाते हुए एक मानक वर्दी वरिष्ठ रैंक के सभी अधिकारियों के लिए एक सामान्य पहचान सुनिश्चित करेगी। विभिन्न प्रकार की वर्दी और साज-सज्जा का भारतीय सेना के संबंधित अंगों, रेजिमेंट और सेवाओं से विशिष्ट संबंध है। पिछले साल सेना ने अपने सभी सैनिकों के लिए नई युद्धक वर्दी पेश की थी।

श्रद्धा हत्याकांड...

बाद पूनावाला को आरोप पढ़कर सुनाए। पूनावाला ने हालांकि आरोपों से इनकार किया और मुकदमे का सामना करने की बात कही। मामले की अगली सुनवाई एक जून को तय की गई है। पूनावाला ने पिछले साल 18 मई को वालकर का कथित रूप से गला घोंट दिया था। इसके बाद उसने उसके शरीर के टुकड़े किए और उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक फ्रिज में रखा। बाद में शव के उन टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने इसी साल 24 जनवरी को 6,629 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया था।

मप्र में...

के खिलाफ पुलिस को अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 18 लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया जबकि 23 का इलाज खरगोन जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि घटना सुबह आठ बज कर करीब 40 मिनट पर हुई। बस डोंगरगांव के पास दसंगा पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए बोराद नदी के सूखे तल पर गिर गई। उन्होंने कहा कि इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रत्एक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि दुर्घटना के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मिश्रा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 25,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार घायलों के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी।

कुनो राष्ट्रीय...

कहा कि दक्षा को बाड़ा नंबर एक में छोड़ा गया और दो नर चीतों, वायु और अग्नि को बाड़ा-7 में छोड़ा गया। बाद में बाड़ा-एक को बाड़ा-सात से जोड़ने वाले फाटक को एक मई को खोल दिया गया, ताकि चीते संबंध बनाकर अपना कुनबा बढ़ा सकें। वन अधिकारी ने कहा कि 30 अप्रैल को कूनो में आयोजित एनटीसीए और भारतीय वन्यजीव संस्थान और दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की एक बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार फाटक खोलने का यह कदम उठाया गया था। चौहान ने कहा कि दोनों नर चीते (अग्नि और वायु) छह मई को बाड़े-7 में दाखिल हुए और ऐसा प्रतीत होता है कि संबंध बनाने के दौरान नर चीते हिंसक हो गए, जो सामान्य बात है।

उत्तर प्रदेश...

हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुलतानपुर, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, अमेठी, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही जिलों में मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के 38 जिले में से सात नगर निगमों, 590 नगर निगम वार्डों, 95 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, 2551 सदस्य नगर पालिका परिषद वार्ड, 268 अध्यक्ष नगर पंचायत एवं 3495 सदस्य नगर पंचायत वार्ड सहित अर्थात् 370 निकायों एवं 6636 वार्डों में 7006 पदों का चुनाव कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन सात नगर निगमों में 6111 मतदान स्थल 1798 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 3969294 पुरुष मतदाता एवं 3457512 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषदों में 8198 मतदान स्थल तथा 2537 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 3886525 पुरुष मतदाता एवं 3444385 महिला मतदाता हैं। आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि 268 नगर पंचायतों एवं 3495 नगर पंचायत वार्डों में 5309 मतदान स्थल एवं 2043 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 2361173 पुरुष मतदाता एवं 2113115 महिला मतदाता हैं।

स्वार व...

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 6 तथा छानबे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इस प्रकार कुल 14 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से 2-2 महिला अभ्यर्थी भी चुनाव मैदान में है। उप निर्वाचन में 6.62 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3.51 लाख पुरुष, 3.11 लाख महिला तथा 82 तृतीय लिंग के मतदाता हैं।

रूस पर असली युद्ध थोपा गया : पुतिन

● विजय दिवस परेड में देश को किया संबोधन

भाषा। मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को मॉस्को के रेड स्क्वायर पर अपने देश की विजय दिवस परेड में कहा कि पश्चिम ने रूस के खिलाफ एक असली युद्ध छेड़ा है। इससे कुछ समय पहले ही रूसी बलों ने यूक्रेन में दुश्मन के ठिकानों पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया। द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी को हराने की स्मृति में होने वाली वार्षिक परेड में पुतिन ने कहा, आज सभ्यता एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर है। हमारी मातृभूमि के खिलाफ एक वास्तविक युद्ध छेड़ा गया है। रूस ने 14 महीने से अधिक समय पहले अपने पड़ोसी पर आक्रमण किया था और पुतिन तब से बार-बार यूक्रेन में युद्ध को पश्चिम के साथ छद्म संघर्ष के रूप में रेखांकित करते रहे हैं। क्रेमलिन के युद्ध के आधिकारिक विमर्श में पश्चिम के साथ अस्तित्व की लड़ाई की तस्वीर पेश की है, जो मॉस्को के मुताबिक यूक्रेन का इस्तेमाल रूस को बर्बाद करने, इतिहास को फिर से लिखने तथा पारंपरिक मूल्यों को खत्म करने के लिए कर रहा है। रूसी सरकारी मीडिया में भी युद्ध का यह विमर्श हावी रहा है। अपने भाषण में, पुतिन ने कहा कि पश्चिम की महत्वाकांक्षाएं, और अहंकार संघर्ष के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने परेड में मौजूद उन सैनिकों का स्वागत किया जो यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। पुतिन ने अपने संबोधन के समापन में कहा, रूस के लिए। हमारी बहादुर सशस्त्र सेनाओं के लिए। जीत के लिए। मॉस्को परेड शुरू होने से कुछ घंटे पहले रूस ने कल रात यूक्रेन पर क्रूज मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया। इस साल परेड कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रही है। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक, रूसी बलों ने यूक्रेन पर बीती रात 25 क्रूज मिसाइलें दागीं। उसने बताया कि वायुरक्षा प्रणाली ने उनमें से 23 को नष्ट कर दिया। मॉस्को के रेड स्क्वायर पर मंगलवार को लगभग आठ हजार सैनिकों ने परेड में हिस्सा लिया और यह 2008 के बाद से सबसे कम संख्या है। पुतिन ने कहा, हमारे महान पूर्वजों ने साबित कर दिया है कि हमारी एकता से अधिक मजबूत, अधिक शक्तिशाली और अधिक विश्वसनीय कुछ भी नहीं है। मातृभूमि के लिए हमारे प्यार से ज्यादा मजबूत दुनिया में कुछ भी नहीं है। इस बीच पोलैंड में रूस के राजदूत के मार्ग को अवरुद्ध करने की जानकारी सामने आई है। रूसी राजदूत मंगलवार को रूस के विजय दिवस की छुट्टी पर सोवियत सैनिकों के वारसॉ स्मारक पर माल्यार्पण करना चाहते थे। इस बीच पोलैंड में रूस के राजदूत के मार्ग को अवरुद्ध करने की जानकारी सामने आई है। रूसी राजदूत मंगलवार को रूस के विजय दिवस की छुट्टी पर सोवियत सैनिकों के वारसॉ स्मारक पर माल्यार्पण करना चाहते थे।

संयुक्त राष्ट्र की अफगान महिला कर्मियों का उत्पीड़न हुआ, बंधक बनाया गया : संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाली महिलाओं पर तालिबान के प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से संयुक्त राष्ट्र द्वारा नियुक्त कुछ अफगानी महिलाओं को बंधक बनाया गया, उनका उत्पीड़न किया गया और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अफगानिस्तान के तालिबान शासकों ने पिछले महीने के शुरू में संयुक्त राष्ट्र को सूचित किया था कि संयुक्त राष्ट्र मिशन में नियुक्त अफगान महिलाएं अब काम पर नहीं जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक दक्षिण एशियाई देश में मानवाधिकार की स्थिति पर एक रिपोर्ट में कहा, अफगानिस्तान में सार्वजनिक एवं दैनिक जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं एवं लड़कियों की भागीदारी को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करने के मकसद से वहां के शासकों की भेदभावपूर्ण एवं गैर कानूनी कार्रवाइयों की कड़ी में यह ताजा घटना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान शासकों ने इस साल विरोध करने वाले कई लोगों विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर बोलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में मार्च में शिक्षा तक पहुंच एवं कार्य करने की मंजूरी को लेकर काबुल में प्रदर्शन कर रही चार महिलाओं की गिरफ्तारी और फिर अगले दिन उन्हें रिहा किए जाने का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में लड़कियों के स्कूलों को फिर से खोलने की मांग को लेकर अभियान चलाने वाले नागरिक संगठन पेनपाथ की प्रमुख मतिउल्ला वेसा की गिरफ्तारी का भी जिक्र है। रिपोर्ट में फरवरी में उत्तरी ताखार प्रांत में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और उनके भाइयों को गिरफ्तार किए जाने का भी हवाला दिया गया है।

बारबरा किंगसॉल्वर, हर्नान डियाज ने गल्प श्रेणी में साझा किया पुलित्जर पुरस्कार

न्यूयॉर्क। इस बार गल्प श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार से बारबरा किंगसॉल्वर व हर्नान डियाज को उनकी कृतियों क्रमशः डेमन कॉपरहेड और ट्रस्ट के लिए नवाजा गया। डेमन कॉपरहेड जहां डिकेन्स के शास्त्रीय उपन्यास डेविड कॉपरफील्ड का आधुनिक पुनर्पाठ है वहीं ट्रस्ट 1920 के दशक के न्यूयॉर्क पर केंद्रित धन और छल का एक अनूठा विमर्श पेश करता है। बेवर्ली गेज को उनकी व्यापक रूप से सराही गई जी-मैन के लिए जीवनी की श्रेणी में पुलित्जर पुरस्कार मिला। यह किताब एफबीआई में प्रमुख भूमिका निभाने वाले जे.एडगर हूवर पर आधारित है।

घायल भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू को इलाज के लिए दिल्ली ले लाया जा सकता है

काठमांडू। घायल भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू का परिवार उन्हें उपचार के लिए नेपाल से दिल्ली ले जाने पर विचार कर रहा है क्योंकि उनके शरीर में संक्रमण फैलता जा रहा है। उनके एक रिश्तेदार और पर्वतारोहण कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजस्थान के किशनगढ़ निवासी अनुराग (34) अप्रैल के मध्य में उस समय लापता हो गए थे जब वह कैंप-3 से उतरते समय करीब 6,000 मीटर की ऊंचाई पर कहीं गिर गए थे। अनुराग बचाव दल की तीन दिन तक चली तलाशी के बाद 20 अप्रैल को करीब 5,800 मीटर ऊंचाई पर एक गहरे गड्ढे में जीवित मिले थे। उन्हें पोखरा स्थित मनिपाल अस्पताल पहुंचाया गया ।

भूटानी शरणार्थी घोटाले के मुद्दे पर चर्चा के दौरान सांसद ने कमीज उतारी

काठमांडू। नेपाल के एक सांसद ने गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की कथित संलिप्तता वाले फर्जी शरणार्थी घोटाले पर प्रतिनिधि सभा में गरमा-गरम चर्चा के बीच अपनी कमीज़ उतार दी। नेपाल पुलिस नेपाली नागरिकों को विदेशों में भूटानी शरणार्थियों के रूप में तस्करी से संबंधित घोटाले की जांच कर रही है। प्रतिनिधि सभा के एक निर्दलीय सदस्य अमरेश सिंह ने अपनी कमीज उतार दी, क्योंकि अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने कार्यवाही की शुरुआत में उन्हें बोलने के लिए समय नहीं दिया। जैसे ही सिंह ने कमीज उतारी अध्यक्ष घिमिरे ने उन्हें सदन में उचित व्यवहार नहीं करने पर संसदीय नियमों के अनुसार कार्रवाई की चेतावनी दी। अध्यक्ष की चेतावनी के बाद सिंह ने कपड़े पहन लिए।

श्रीलंका : राजपक्षे सरकार के इस्तीफे का एक साल पूरा, आयोजन पर रोक

कोलंबो। श्रीलंका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार के इस्तीफे का एक साल पूरा होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर मंगलवार को रोक लगा दी। अदालत ने पुलिस के आग्रह पर यह रोक लगाई है। पिछले साल नौ मई को श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के समर्थकों ने, देश छोड़ कर गए तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यालय के बाहर धरना दे रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया था जिसके कुछ घंटों के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल, श्रीलंका सरकार के पास अहम चीज़ों के आयात के लिए नकदी खत्म हो गई थी।

ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों को धनशोधन मामले में दोषी ठहराया गया

लंदन। अंतरराष्ट्रीय धन शोधन और लोगों की तस्करी में शामिल पश्चिम लंदन के एक संगठित अपराध समूह की जांच के बाद भारतीय मूल के पुरुषों और महिलाओं सहित 16 लोगों को दोषी ठहराया गया है। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आपराधिक समूह के सदस्यों ने 2017 और 2019 के बीच दुबई में कई यात्राएं कीं और धन शोधन के तहत काफी नकदी ब्रिटेन से बाहर पहुंचाई। एनसीए जांचकर्ताओं का मानना है कि यह धनराशि प्रतिबंधित श्रेणी ए दवाओं की बिक्री और संगठित आव्रजन अपराध से अर्जित की गई थी।

यूक्रेनी प्रदर्शनकारियों ने रूसी राजदूत का रास्ता रोका

वारसॉ। यूक्रेन के एक संगठन ने पोलैंड में रूस के राजदूत के मार्ग को उस वक्त अवरुद्ध कर दिया, जब वह मंगलवार को रूस के विजय दिवस के मौके पर सोवियत सैनिकों के वारसॉ स्मारक पर माल्यार्पण करने जा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने नीले और पीले यूक्रेनी झंडे ले रखे थे। आयोजक विक्टोरिया पोगरेबनिएक ने कहा कि संगठन रूसी दुष्प्रचार के खिलाफ लड़ रहा है और दुनिया को वास्तविक स्थिति के बारे में बताने का प्रयास कर रहा है। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर यूक्रेनी लोग शामिल थे। उन्होंने राजदूत सर्गेई एंड्रीव का मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

गाजा में इजराइल के हवाई हमले में तीन शीर्ष उग्रवादियों की मौत

● 10 अन्य घायल

भाषा। गाजा सिटी

इजराइल ने मंगलवार को तड़के इस्लामिक जिहाद समूह के ठिकानों पर हवाई हमले किए, वहीं समूह ने हमलों का फलस्तीन की ओर से माकूल जवाब दिए जाने का संकल्प जताया है।

फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में संगठन के तीन वरिष्ठ कमांडर, उनकी पत्नियों समेत कुल 13 लोगों की मौत हुई है। हमले सघन आवासीय क्षेत्र में किए गए। गाजा शहर में एक अपार्टमेंट की सबसे ऊपरी मंजिल और दक्षिणी शहर राफा में एक घर में विस्फोट हुआ। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 20 लोग घायल हुए हैं और एंबुलेंस के जरिए प्रभावित इलाके से लोगों को निकाला जा रहा है। इजराइल ने कहा कि उग्रवादी प्रशिक्षण स्थलों को निशाना बनाते हुए सुबह तक हवाई हमले जारी थे। पूर्व में भी गाजा में फलस्तीनी उग्रवादी संगठनों को निशाना बनाकर हमले किए गए थे जिस पर उन्होंने जवाबी कार्वाई की थी। हवाई हमले के जवाब में फलस्तीन से रॉकेट दागे जाने की आशंका के मद्देनजर इजराइली सेना ने गाजा के 40 किलोमीटर के दायरे के भीतर रहने वाले निवासियों को निर्दिष्ट बम रोधी आश्रय स्थलों के निकट रहने का सुझाव दिया है। इजराइल की होम फ्रंट कमान ने दक्षिणी इजराइल के शहरों में स्कूलों, तटीय हिस्सों और राजमार्गों को बंद रखने और लोगों को सीमित संख्या में रहने का आदेश दिया है। सेना ने कहा कि जिन लोगों को निशाना बनाया गया, वे इजराइल की ओर हाल में किए गए रॉकेट हमले के लिए जिम्मेदार थे। सेना ने इनकी पहचान उत्तर गाजा पट्टी के लिए इस्लामिक जिहाद समूह के कमांडर खलील बहतीनी, गाजा एवं वेस्ट बैंक के सदस्यों के बीच समूह के मध्यस्थ तारिक इजेलदीन और इस्लामिक जिहाद सैन्य परिषद के सचिव जिहाद गनम के तौर पर की है। ईरान समर्थित इस्लामिक जिहाद गाजा के सत्तारूढ़ हमास संगठन से छोटा समूह है। समूह ने पुष्टि की कि मारे गए लोगों में उसके तीन कमांडर भी शामिल हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इन कमांडरों के अलावा उनकी पत्नियों और बच्चों तथा आसपास के लोगों समेत कुल 13 लोग मारे गए। इजराइल के हमले की फलस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह और मिस्र सरकार ने निंदा की है। इजराइल और गाजा पट्टी में फलस्तीनी उग्रवादी संगठनों के बीच बातचीत में मिस्र अक्सर मध्यस्थता की भूमिका निभाता है। इस्लामिक जिहाद के अधिकारी दाउद्द शाहाब ने कहा कि हमलों का फलस्तीन की ओर से माकूल जवाब दिया जाएगा और हमले के लिए जगह तथा समय के बारे में फैसला किया जा रहा है। हमास नेता इस्माइल हानिएह ने चेतावनी दी कि इजराइल को इन मौत के लिए कीमत चुकानी होगी। हानिएह ने एक बयान में कहा कि उनके नेताओं को धोखे से मारकर कब्जा करने वालों को सुरक्षा नहीं मिलेगी बल्कि इससे प्रतिशोध और भड़केगा। गाजा पट्टी में इजराइल और उग्रवादियों के बीच तनाव बढ़ने के बीच ए हवाई हमले हुए हैं।

सूडान में हो रही हिंसा में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 604 हुई

काहिरा, नौ मई (एपी) संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि सूडान में जारी हिंसा मे मरने वाले लोगो की संख्या बढ़ कर 604 हो गई है। प्रतिद्वंद्वी पक्षो के प्रतिनिधियो की सऊदी अरब में वार्ता होने के बीच ए नए आंकड़े आए है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रवक्ता तारिक जसरेविक ने संवाददाताओं से कहा कि हिंसा में 5,100 से अधिक लोग घायल हुए है। केवल आम नागरिको के हताहत होने संबंधी रिकार्ड जुटाने वाला सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने सोमवार को कहा था कि हताहतों की संख्या 487 पहुंच गई है। जनरल अब्देल फतह बुरहान नीत सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज नाम के एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच महीनो तक तनाव बढ़ने के बाद 15 अप्रैल को टकराव शुरू हुआ था। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक, हिंसा के चलते करीब सात लाख लोग विस्थापित हो गए है और करीब 37 लाख लोग देश में अन्य स्थानो के लिए पलायन कर गए है। सोमवार को सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनो प्रतिद्वंद्वी पक्षो के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता तटीय शहर जेद्दा में और कुछ दिनो तक जारी रहने की उम्मीद है।

रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए संबंधों को नई गति प्रदान करेंगे भारत और इजराइलः कोहेन

यरुशलम। भारत और इजराइल के बीच पूर्ण कूटनीतिक संबंधो के 30 साल की उपलब्धियो पर संतोष जताते हुए इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने कहा कि समय आ गया है जब दोनो देशो को रणनीतिक साझेदारी की मजबूती के लिए अनेक क्षेत्रो मे अपने संबंधो को नई गति प्रदान करनी चाहिए। मंगलवार को शुरू हो रही अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा से ऐन पहले कोहेन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2017 मे हुई इजराइल यात्रा और उनके इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू की 2018 मे हुई भारत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधो को सहयोग तथा समझ की नई ऊंचाइयो पर पहुंचाने मे मदद मिली है और न केवल सरकारो के बीच बल्कि जनता के बीच भी मित्रता गहरी हुई है। उन्होने कहा, हम उम्मीद करते है कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू की इस साल के आखिर मे होने वाली भारत यात्रा उन क्षेत्रो मे संबंधो को गति प्रदान करेगी जिन पर मेरी यात्रा के दौरान बातचीत होगी और साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी इन्हे गति मिलेगी। इजराइल की संसद नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना ने मार्च के आखिर मे भारत की यात्रा की थी जिसके बाद अर्थव्यवस्था मंत्री निर बरकत अप्रैल मे भारत आए और अब इजराइली विदेश मंत्री की यात्रा हो रही है। इन यात्राओं को इस साल के आखिर मे होने वाली नेतन्याहू की अति प्रतीक्षित भारत यात्रा की तैयारियो के रूप मे देखा जा रहा है। कोहेन ने कहा, हम निश्चित रूप से उस स्तर पर हैं जहां हम कोविड महामारी के दौरान कुछ विलंब के बाद दोनों देशो के बीच संबंधों को फिर से गति प्रदान कर रहे है। पिछले साल हमने अपने कूटनीतिक संबंधो की स्थापना की 30वी वर्षगांठ मनाई थी। हम इस अवधि में प्राप्त अनेक उपलब्धियों से बहुत संतुष्ट हैं और अब समय आगे देखने तथा देशो के बीच रणनीतिक संबंधो को मजबूत करने का है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आर्थिक और सांस्कृतिक मुद्दो को बढ़ावा देने का एक अवसर है। उन्होंने अपनी यात्रा के एजेंडा में मुंबई में यहूदी पथ के उद्घाटन को भी गिनाया। यहूदी पथ के तहत मुंबई मे महत्वपूर्ण यहूदी स्मारकों को चिह्नित किया गया है और इन्हे दुनियाभर के पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। इजराइली विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा मे जल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र मे समझौतो पर दस्तखत किए जा सकते हैं और उन उत्कृष्टता केंद्रों को लेकर भी करार हो सकते हैं जो इजराइल भारतीय प्राधिकरो के साथ मिलकर संचालित करता है। उन्होंने कहा, इजराइल और भारत के बीच नवाचार के क्षेत्र मे वृद्धि की अपार क्षमता है।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **M/S United Strainers and Allied Industries through its Partners Sh. Pramod Kumar Bajaj and Sh. Behari Sharan Bajaj both S/o Sh. Brij Mohan Bajaj, Sh. Sumit Bajaj and Sh.Mohit Bajaj both S/o of Sh. Pramod Kumar Bajaj and Sh. Amit Bajaj and Sh. Puneet Bajaj both S/o Sh. Behari Sharan Bajaj all R/o A-128, New Friends Colony, New Delhi** are the owner of **Property bearing Plot No.A-68,Naraina Industrial Area Phase-I, New Delhi** We lost/misplaced our **Original Perpetual Lease Deed and other documents etc.** of the above said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No: **422791/2023 dated 09/05/2023.** Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No. 9871028004 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director(IND) or Asstt, Director(IND) A-Block,First Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

Public Notice

Commercial Office Space DPT 826, 827, DLF Prime Tower, Plot, No. 79 & 80, Pocket F, Okhla Phase I, Okhla Industrial Estate, New Delhi, Delhi 110020 was also registered in the name of Smt. Pushpa Jain W/o Sh. Pradeep Kumar Jain BG/2A1 Modern Aliganj Enclave, Chandganj Garden, Aliganj, Lucknow, UP - 226024 in the capacity of joint applicant, who has expired on 21.12.2021 leaving behind her natural survivors as Sh. Pradeep Kumar Jain (Husband), Sh. Sachin Jain (Son) and Smt. Swyeta Jain Gupta (Daughter). Whereas Sh. Pradeep Kumar Jain and Smt. Swyeta Jain Gupta has surrendered their claim as legal heir and accordingly the name of Mr. Sachin Jain is being noted in DLF's record in respect of the captioned plot. If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ DLF Home Developers Ltd or the undersigned within 21 days of publication of this notice.
Adv. Gaurav Sachdeva
Sachdeva Associates,
Basement, Shvalik,
DDA Flats, Malviya Nagar,
New Delhi - 110017

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

PB02EE2496,	DL6SP6624,	DL8SAE1283,
HR46C7575,	DL4SAM9194,	HR20R4559,
MA3FXEB1	DL7SAY7181,	DL3CAW5711,
S00159621,	DEE3173,	DL4CAJ0905,
DL3CP0024,	DL6ST8666,	DL8SNA2631,
DL3CAD2732,	DL2CQ2793,	DL4SBD5679,
DL5CC2576,	DL4CAA7447,	DL4SBH1879,
DL1CJ5648,	DL3CAL5529,	DL8SY5213,
UP14BL6143,	UK16E6578,	DL8SAJ1485,
DL2CAD9957,	DL7CH3585,	DL4SM0280,
HR51AB2206,	DL1SP9481,	DL8SV2240,
MALAA51HL	DL3SP5864,	DL6SY5643,
AM514788,	DHVBLD1829,	DL6SY8039,
DL5CT0034,	DL8SAD0440,	DL1SF5060,
HR26BN0972,	DL4SAF7439,	DL8SN7655,
0712840,	DL8SAM2156,	DL3SAF7236,
361041DU	DL1SQ2574,	DL5SU2920,
0712670,	DL5SQ4551,	DL8SP1258,
MA3EED81	DL4SBJ1966,	UP13E8122,
S00918169,	DL8SAJ5361,	DL3SAK9069,
DL7CF5650,	DBU2291,	MA3ERLF1
DL8CH6524,	DL8SAJ9024,	S00227747,
DL4CR8564,	DL3SAW9733	DL2CAD2441,
DL3CBE0452,	DL8SU4492,	UP13E6602,
DL3CP6507,	DL8SNA6325,	DL2W3526,
UP169378,	UP32AK6698,	DL7SAJ9463,
DL4CNE0282,	DL8SAE4387,	UP81C7147,
DL3CAP9185,	DL8SN6243,	DL4SBF2246,
DL6SY6333,	DL6SAB0158,	DL8SNB1711,
DL6SM4216,	DL7CE6434,	DL4SAY9941,
UP80AA7563,	DL2CAH4016,	DL8SF5093,
RAR12119,	DL8CH6619,	DL8SNA5311,
DL8CN7442,	MA3EYE31	DL4SAM8753,
19511165428	S00622678,	DL6SE0111,
DL8SAJ8744,	DL7CH3683,	DL8SAJ9362,
DL8SAJ9572,	DL8CL4627,	UP13A8050,
HR36E4783,	DL1CW0342,	HR307797,
DL4SAN4240,	DL5CE0770,	DL8CQ2151,
DL8SW0929,	DL8SAE9401,	HR26BT0468,
HR20M8995,	DL4SAN6024,	DL7CN3083,
DL7SX9466,	DL8SAC5007,	DL4CND2957,
DL8SAJ2279,	DL3SAF7279,	DL6CG7225,
DL4SBE8616,	DL5SV7081,	DL8CS0265,
DL1LH4290,	DL8SAJ7861,	DL2CAJ0520,
DL4CU8339,	DL1SL7037,	DL2CAG2732,
DL3CR8368,	DL8SW9394,	DL2FGA0003,
HR51F2552,	DL8SAK6858,	NOREG79,
DL8SAK0513,	DL4SBF4932,	UP16R0500,
DL8SN8743,	DL8SNB1964,	HR12U1301,
DL5SA1560,	DL3SAZ5042,	DL3SW0012,
DL8S0070,	DL8SAJ9816,	DL8CL5948,
DL7SAS9566,	DL9SU9814,	DL2CL4318,
DL3SQ0128,	UP12L6055,	DL9CC0004,
DL8SN6881,	DL8SAJ7177,	DL2CAN5577,
DL4SBF0512,	DL8SZ7874,	
DL6SY4200,	DL8SAE7941,	

जर्मनी के चांसलर शोल्ज़ ने यूरोपीय संघ में सिलसिलेवार सुधार की अपील की

बर्लिन। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़ ने मंगलवार को यूरोपीय संघ (ईयू) के राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए उससे सिलसिलेवार सुधार करने की अपील की। इन चुनौतियों में यूरोपीय संघ की रक्षा खरीद कोशिशों को समन्वित करना, नए व्यापार सौदे करना और समूह के बाहर के क्षेत्र से होने वाले प्रवास को लेकर लंबे समय से जारी विवाद का समाधान करना शामिल है। उन्होंने यूरोपीय संसद में सदस्यों से कहा कि यूरोपीय संघ की सेना को मजबूत बनाने, प्रौद्योगिकीय संप्रभुता और अहम वस्तुओं के स्वतंत्र स्रोतों से समूह के करीबी साझेदार अमेरिका के साथ इसके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोल्ज़ ने कहा कि यूरोपीय संघ के लिए यह जरूरी है कि वह पश्चिमी बाल्कन देशों जैसे संभावित सदस्यों के प्रति अपने वादों को पूरा करे, साथ ही यह सुनिश्चित करे कि समूह में शामिल होने के लिए वे आवश्यक सुधार करेंगे। यूरोपीय संघ की सदस्यता के आकांक्षी यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए लंबे समय तक राजनीतिक इच्छाशक्ति और आर्थिक पूंजी की जरूरत होगी तथा लोकतांत्रिक यूक्रेन, हमारे महाद्वीप पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की साम्राज्यवादी और अवैध नीतियों का जवाब होगा।

चीन ने जवाबी कार्रवाई में कनाडा के राजनयिक को निष्कासित किया

भाषा। बीजिंग

कनाडा के एक सांसद और उसके परिवार को कथित रूप से धमकाने के मामले में वहां चीनी दूतावास के एक अधिकारी को छुट्टी पर भेजने के आदेश के जवाब में चीन ने मंगलवार को एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह कनाडा के विवेकहीन कदम का कड़ा विरोध करता है और उसके जवाब में समान कार्वाई कर रहा है। उसने कहा कि शंघाई में पदस्थ कनाडाई राजनयिक लिन लालोंदे को 13 मई तक देश छोड़ने को कहा गया है। यह भी कहा गया है कि चीन जवाब में आगे और कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीजिंग में कनाडा के दूतावास की ओर से इस आदेश पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। इससे पहले कनाडा ने मंगलवार को कहा था कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार एक चीनी राजनयिक को निष्कासित कर रही है जिन पर कनाडा की जासूसी एजेंसी ने एक विपक्षी सांसद और हांगकांग में उनके परिवार के सदस्यों को धमकाने की साजिश में शामिल रहने का आरोप लगाया है। चीन ने 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश को अपने अधिकार में ले लिया था, और हाल के वर्षों में उसके लोकतांत्रिक संस्थानों और स्वतंत्र प्रेस को खत्म करके 50 वर्षों तक अद्वितीय राजनीतिक और नागरिक अधिकारों को बनाए रखने के एक समझौते को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया गया है। चीन नियमित रूप से चीनी मूल के लोगों की, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समूहों की आलोचनाओं का मुंह बंद करने के मकसद से उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ धमकियों का इस्तेमाल करता है।

सीपीईसी को अफगानिस्तान तक विस्तार देने पर पाकिस्तान और चीन सहमत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान बीजिंग समर्थित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार कर करीबी आर्थिक संबंध बनाने पर सहमत हुए हैं ताकि क्षेत्रीय संपर्क के केंद्र के रूप में देश की क्षमता का पूरी तरह दोहन किया जा सके। वार्ता में उन्होंने किसी भी समूह को किसी भी राष्ट्र के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अपने क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करने देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस्लामाबाद में छह मई को हुई बैठक के दो दिन बाद सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, तीनों देशों ने क्षेत्रीय संपर्क के केंद्र के रूप में अफगानिस्तान की क्षमता का पूरी तरह से दोहन करने के अपने संकल्प को दोहराया और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को संयुक्त रूप से अफगानिस्तान तक विस्तारित करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

भारतीय इंजीनियर का पार्थिव शरीर स्वदेश भेजने की प्रक्रिया जारी

● अमेरिकी मॉल में गोलीबारी में मारी गई थी

भाषा। ह्यूस्टन (अमेरिका)

ह्यूस्टन में भारतीय वाणिज्य दूतावास, शनिवार को टेक्सास के मॉल में हुई गोलीबारी में जान गंवाने वाली भारतीय इंजीनियर ऐश्वर्या थतिकोंडा का पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंपने के लिए औपचारिकताएं पूरी करने में परिजनों की मदद कर रहा है। साथ ही दूतावास ने यह भी पुष्टि की कि इस दुखद घटना में दो भारतीय घायल भी हुए हैं। मैककिनी निवासी ऐश्वर्या (26) अपने एक दोस्त के साथ मॉल में खरीदारी कर रही थीं तभी डलास में ऐलेन प्रीमियम आउटलेट्स में बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया ने उन पर गोली चला दी। गोलीबारी शनिवार को दिन में दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुई और उस वक्त मॉल के बाहरी हिस्से में खरीदारों की भीड़ जमा हो गई थी। गोलीबारी में कम से कम आठ लोग मारे गए थे और हमलावर मौरिसियो गार्सिया (33) को भी पुलिस ने मार गिराया था। भारत के तेलंगाना राज्य में रांगा रेड्डी जिला अदालत में जिला न्यायाधीश की बेटी ऐश्वर्या परफेक्ट जनरल कॉन्ट्रैक्टर्स एलएलसी में प्रोजेक्ट मैनेजर थीं। ह्यूस्टन में भारतीय वाणिज्य दूतावास ऐश्वर्या के और गोलीबारी में घायल दो अन्य भारतीयों के परिवार के संपर्क में है। ह्यूस्टन में भारतीय महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने पीटीआई को बताया कि वे ऐश्वर्या का पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंपने के लिए औपचारिकताएं पूरी करने में परिजनों की मदद कर रहे हैं। महाजन ने कहा, गोलीबारी की इस दुखद घटना में दो अन्य भारतीय नागरिक भी घायल हुए हैं। हमलोग स्थानीय एवं अस्पताल प्रशासन, घायलों के रिश्तेदारों और समुदाय के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें से एक की हालत गंभीर है।

2024 चुनाव : बाइडेन की लोकप्रियता घटी

● प्रतिद्वंद्वियों को लोग ज्यादा नापसंद करते हैं

भाषा। बोइसे (यूएस)

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जब 25 अप्रैल, 2023 को अगले वर्ष होने वाला राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का ऐलान किया तो टीकाकारों ने जल्दबाजी में कई मुद्दों पर उनकी लोकप्रियता घटने का अनुमान लगा डाला। कई अन्य ने सार्वजनिक रूप से बाइडेन से उनकी बढ़ती उम्र के कारण दोबारा चुनाव नहीं लड़ने का आग्रह किया। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की असफल वापसी और 2021 की गर्मियों में कोविड के दोबारा पनपने के बाद बाइडेन की लोकप्रियता वास्तव में कभी भी ठीक नहीं हुई है। लेकिन अगर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन उम्मीदवार बन जाते हैं – अभी वह प्राथमिक चुनावों में काफी बड़े अंतर से आगे चल रहे हैं – तो बाइडेन विश्लेषकों के अनुमान से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रंप बाइडेन से कहीं ज्यादा अलोकप्रिय हैं। हाल के राजनीति विज्ञान के निष्कर्षों से पता चलता है कि अधिकांश उम्मीदवारों के लिए, व्यक्तिगत रूप से लोकप्रिय होने की तुलना में एक अलोकप्रिय प्रतिद्वंद्वी होना अधिक फायदेमंद होता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसे नकारात्मक पक्षपात कहा जाता है, और यह उन प्रमुख कारणों में से एक है जिसके कारण मतदाता अक्सर ऐसा महसूस करते हैं कि वे दो अच्छे में से बेहतर को चुनने की बजाय दो बुरों में से कम बुरे का चयन कर रहे हैं।

2020 प्राइमरी में, मुद्दों पर समझौते के मामले में बाइडेन अधिकांश डेमोक्रेट के आदर्श उम्मीदवार नहीं थे। बाइडेन की तुलना में बर्नी सैंडर्स या एलिजाबेथ वारेन के समर्थकों ने अपने उम्मीदवारों की वैचारिक स्थिति के प्रति अधिक सहमति दिखाई।

इसके बावजूद, बाइडेन

काफी आसानी से जीत गए, पर ऐसा इसलिए नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों पर उनके फैसलों से सहमति जताई। इसके बजाय, उन्होंने नकारात्मक पक्षपात का इस्तेमाल किया: डेमोक्रेटिक प्राइमरी मतदाता अपने आदर्श उम्मीदवार को आगे बढ़ाने के लिए उतने चिंतित नहीं थे जितना कि वे आम चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के बारे में थे। यही वजह है कि इन मतदाताओं ने बाइडेन को अपनी पसंद के रूप में देखा। अंत में, 2020 का प्राइमरी परिणाम डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ मजबूत नकारात्मक पक्षपात का परिणाम था। प्रेरक राजनीति नहीं :2024 राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए इसका क्या मतलब है? नकारात्मक पक्षपात बाइडेन के पक्ष में काम करता दिख रहा है। उसके पास एक डेमोक्रेटिक मतदाता का लाभ है जो गर्भपात और ट्रांसजेंडर अधिकारों के खिलाफ हाल के विधाई कदमों के लिए रिपब्लिकन से बेहद नाराज है। शायद अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि बाइडेन के सामने एक ऐसा संभावित रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी है, जिससे डेमोक्रेट्स – और कई निर्दलीय – कहीं अधिक घृणा करते हैं, इतनी जितनी हाल की स्मृति में शायद किसी भी राजनेता से नहीं की होगी। हाल ही में फॉक्स न्यूज पोल के अनुसार, 40% मतदाताओं ने बाइडेन के बारे में दृढ़ता से प्रतिकूल दृष्टिकोण होने की बात कही, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प के बारे में इससे भी बड़ी संख्या, 45 लोग ऐसा ही महसूस करते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम हिमांशु से बदलकर हिमांशु सिद्ववानी रख लिया है। भविष्य में मुझको हिमांशु सिद्ववानी के नाम से जाना–पहचाना जाए। हिमांशु सिद्ववानी निवासी बी0–08, गुरुनानकपुरा, गली नं0 02, मोदीनगर जिला गाजियाबाद।
PD(027)C

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 मई 2023

भारत, बांग्लादेश के संबंध कोई कमजोर नहीं कर सकता : शाह

भाषा। पेट्रापोल (पश्चिम बंगाल)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश आपस में जुड़ी संस्कृति और भाषा के इतिहास के साथ गहरे संबंध साझा करते हैं और कोई भी दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर नहीं कर सकता। शाह भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में पेट्रापोल के दौरे पर थे। यह भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, भारत, बांग्लादेश के साथ गहरे संबंध साझा करता है। हमारी संस्कृति, धर्म, रीति-रिवाज और जीवन शैली हजारों वर्षों से आपस में जुड़ी हुई है। कोई भी बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों को कभी तोड़ नहीं सकता है। भारत ने बांग्लादेश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीएसएफ ने 1971 के मुक्ति संग्राम में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। शाह ने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 में प्राधिकरण के माध्यम से 18,000 करोड़ रुपए का व्यापार अब 30,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है। उन्होंने पेट्रापोल में प्राधिकरण के दूसरे कार्गो प्रवेशद्वार मैत्री द्वार की आधारशिला रखे जाने से संबंधित एक कार्यक्रम में कहा, भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि हमारी सीमाओं पर राष्ट्र के एक राजदूत के रूप में भी कार्य करता है। यह हमारे पड़ोसियों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है। शाह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 2014 से सीमा के बुनियादी ढांचे और सम्पर्क में सुधार पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। हम कारोबार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा और बेहतर संपर्क चाहते हैं। उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। शाह ने ट्वीट किया, चार संयुक्त चौकियों के उद्घाटन के साथ ही हमारा अजेय बीएसएफ आज और भी मजबूत हो गया है। अन्य परियोजनाओं के साथ दो आवासीय परिसरों और एक अधिकारी मेस का भी उद्घाटन किया गया, जिनकी लागत कुल 108.3 करोड़ रुपए है। बीएसएफ के लिए शाह की प्रशंसा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को अच्छी नहीं लगी। टीएमसी ने मवेशियों की तस्करी से निपटने में ढिलाई बरतने और सीमा पर रहने वाले लोगों पर ज्यादती करने का बीएसएफ पर बार-बार आरोप लगाया है। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, अमित शाह को सबसे पहले मणिपुर का दौरा करना चाहिए था, जो जातीय हिंसा की आग में झुलस रहा है। दूसरी बात, उन्होंने बीएसएफ की प्रशंसा की, (लेकिन) उन्हें पहले जवाब देना चाहिए कि बल की उपस्थिति में सीमा पार मवेशियों की तस्करी क्यों की जा रही है। सीबीआई ने पशु तस्करी में शामिल होने के आरोप में एक बीएसएफ अधिकारी को गिरफ्तार किया था। टीएमसी नेता की टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, टीएमसी को यह तय नहीं करना चाहिए कि अमित शाह जी को क्या करना चाहिए या क्या नहीं और जहां तक पशु तस्करी घोटाले का मामला है, टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं से पूछताछ की गई है और उनकी संलिप्तता के लिए उन्हें गिरफ्तार भी किया गया है। सीबीआई ने टीएमसी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को पिछले साल अगस्त में मवेशी तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मरणोपरांत वीर शहीद गुनेर जसबीर सिंह शौर्य चक्र प्राप्त से सम्मानित किया, उनके माता-पिता ने सम्मान प्राप्त किया

फड़णवीस ने अपने वकील की गलती मानी

● हलफनामे में मामलों का उल्लेख नहीं करने का मामला

भाषा। नागपुर

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर की एक अदालत के समक्ष स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी का मिलान करते समय अनजाने में गलती हुई थी, जिसके कारण 2014 में दायर उनके चुनावी हलफनामे में दो आपराधिक मामलों का उल्लेख नहीं किया गया था।

फडणवीस (52) ने 15 अप्रैल को दीवानी न्यायाधीश वी एम देशमुख को सौंपे एक व्याख्यात्मक बयान में कहा कि दो मामूली शिकायती मामलों के बारे में जानबूझकर जानकारी छिपाने का कोई इरादा नहीं था और फॉर्म 26 के चुनावी हलफनामे में उन्हें शामिल नहीं करना भूलवश और बिना किसी इरादे के हुआ।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और नागपुर के विधायक फडणवीस ने कहा कि उन्होंने अपने अधिवक्ता उदय डाबले से विधानसभा चुनाव से पहले लंबित आपराधिक मामलों के बारे में विवरण एकत्र करने के लिए कहा था और ऐसा लगता है कि आवश्यक जानकारी के मिलान में अधिवक्ता की ओर से त्रुटि हुई। डाबले ने भी अदालत में एक बयान भी दिया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने अनजाने में गलती की थी और फडणवीस ने उन पर भरोसा करते हुए चुनावी हलफनामे पर हस्ताक्षर किए थे। अदालत एक शिकायत पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें फडणवीस द्वारा अपने चुनावी हलफनामे में दो आपराधिक मामलों का खुलासा नहीं करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

फडणवीस ने अपने बयान में कहा कि जब 2014 में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव घोषित हुए थे, तब वह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे और राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों (288) में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। बयान में कहा गया, मैं यह कहता हूं कि उदय डाबले मेरे स्थानीय वकील हैं और मैंने उनसे मेरे खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी एकत्रित करने के लिए कहा था, जिसका उल्लेख मेरे नामांकन पत्र में किया जाना था। ऐसा प्रतीत होता है कि सूचनाओं के मिलान में अनजाने में दो मामले छूट गए और इसलिए हलफनामे में केवल 22 आपराधिक मामलों का उल्लेख किया गया था।

उन्होंने कहा, मैं कहता हूं कि दो मामूली मामलों के बारे में जानबूझकर जानकारी छिपाने का कोई इरादा नहीं था और फॉर्म 26 के हलफनामे में उन्हें शामिल न करना भूलवश और बिना किसी इरादे के था।

भावना किशोर, मृत्युंजय और परमिंदर को अंतरिम जमानत

चंडीगढ़। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने रिपोर्टर भावना किशोर, कैमरामैन मृत्युंजय कुमार और ड्राइवर परमिंदर सिंह को अंतरिम जमानत दे दी। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मृत्युंजय और परमिंदर की गिरफ्तारी अवैध थी और इस मामले में गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी और रिमांडिंग मजिस्ट्रेट द्वारा कानून के प्रावधानों को ध्यान में नहीं रखा गया। कोर्ट ने दोनों को पूर्ण जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की छूट भी दी है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने भावना किशोर की अंतरिम जमानत की अवधि को भी अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दिया है। हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 22 मई 2023 को होगी। यह फैसला चैनल और उन तीनों के लिए एक बड़ी राहत है, जिन्हें ऑपरेशन शीश महल के बाद सताया और प्रताड़ित किया जा रहा था। ऑपरेशन शीशमहल में एक चैनल ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास में किए गए बेहिसाब और अनुचित तरीके से किए गए खर्च का खुलासा किया था।

पीएफआई साजिश मामले में एनआईए ने तमिलनाडु में छापे मारे

भाषा। नई दिल्ली

प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को तमिलनाडु में छह स्थानों पर छापेमारी की और पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चेन्नई, मदुरै, डिंडीगुल और थेनी जिलों में छापे मारे गए। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि इन गिरफ्तारी के साथ ही, राज्य में पिछले साल दर्ज आपराधिक साजिश मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या 15 हो गई है।

मंगलवार को गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चेन्नई के अब्दुल रज्जाक (47), मदुरै के वकील मोहम्मद यूसुफ (35) और वकील एम मोहम्मद अब्बास (45), डिंडीगुल के काइजर ए (45) और थेनी के सातिक अली (39) के रूप में की गई है।प्रवक्ता के अनुसार आरोपियों की संपत्तियां की तलाशी ली गई, जिनमें ज्यादातर घर और फार्महाउस शामिल हैं। छापे के दौरान धारदार हथियार, डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। नआईए के अनुसार जांच से पता चला कि आरोपियों ने साजिश रची थी और अपने उन कथित दुश्मनों के सफाए की योजना बनाई थी, जो पीएफआई विचारधारा से जुड़े नहीं थे तथा 2047 तक भारत में इस्लामिक राज्य स्थापित करने की उसकी योजना का विरोध कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि साजिश के तहत, आरोपियों ने बड़ी संख्या में पीएफआई कैडर, विशेष रूप से संगठन के नेतृत्व द्वारा चुने गए युवाओं को कट्टरपंथी बनाया और प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने एवं लोगों की जान लेने के लिए विभिन्न प्रकार के हथियारों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया था। यह मामला पिछले साल 19 सितंबर को दर्ज किया गया था।

त्विक न्यूज

वाईएसआर कांग्रेस सांसद के बेटे की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले मे वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मंगुटा की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने राघव मंगुटा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमे उसने अपनी पत्नी की स्वास्थ्य की गिरती स्थिति के मद्देनजर जमानत दिए जाने का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि वह इस बात को नजरअंदाज नही कर सकती कि आरोपी के खिलाफ धनशोधन के गंभीर अपराध के लिए मुकदमा चलाया जा रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि वह याचिकाकर्ता की पत्नी की बीमारी के कथित विवरण से भी संतुष्ट नही है, क्योकि उसके समक्ष पेश किए गए दस्तावेजो मे राघव की पत्नी की स्थिति गंभीर होने का जिक्र नही किया गया है। विशेष अदालत ने कहा कि आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी उसकी पत्नी का ख्याल रख सकते है और राघव मुंगटा ने ऐसा कुछ नही कहा है कि उसके परिवार मे उसकी पत्नी की देखभाल करने वाला कोई नही है। न्यायाधीश ने आठ मई को पारित आदेश मे कहा है, इसलिए उपरोक्त बातो के आलोक मे अंतरिम जमानत के लिए याचिकाकर्ता की ओर से दायर मौजूदा अर्जी खारिज की जाती है। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी इस मामले के एक आरोपी है और फिलहाल जेल मे बंद है।

विवेक अग्निहोत्री ने द कश्मीर फाइल्स पर टिप्पणियों के लिए ममता बनर्जी को भेजा कानूनी नोटिस

मुंबई, कोलकाता। फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कहा कि उनकी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को बदनाम करने के लिए उन्होने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कानूनी नोटिस भेजा है। वही, मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियो ने कहा कि उन्हे कानूनी नोटिस के बारे मे कोई जानकारी नही है। दरअसल बनर्जी ने सोमवार को फिल्म द केरला स्टोरी के प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। साथ ही उन्होने द कश्मीर फाइल्स की यह कहते हुए आलोचना की थी, यह फिल्म समाज के एक वर्ग को अपमानित के लिए बनाए गई। अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होने, उनकी पत्नी पल्लवी जोशी तथा निर्माता अभिषेक अग्रवाल ने बनर्जी को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होने कागजात की प्रति ट्विटर पर साझा की। अग्निहोत्री ने ट्वीट किया, अभिषेक तथा पल्लवी जोशी के साथ मैंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होने हमे और हमारी फिल्म द कश्मीर फाइल्स तथा 2024 मे आने वाली द दिल्ली फाइल्स को बदनाम करने के लिए गलत तथा घोर मानहानिकारक बयान दिए है। गौरतलब है कि द कश्मीर फाइल्स के लेखक और निर्देशक विवेक अग्निहोत्री है और यह फिल्म आतंकवादियो द्वारा कश्मीर मे कश्मीरी हिंदुओ की हत्या के बाद घाटी से उनके पलायन पर आधारित है। बनर्जी ने सोमवार को दावा किया था कि, भारतीय जनता पार्टी द्वारा नामित और वित्त पोषित अभिनेता बंगाल फाइल्स नामक फिल्म पर काम कर रहे है।

कोयला खनन कंपनी के अधिकारी की गोली मारकर हत्या

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले मे मंगलवार को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) से जुड़ी कोयला खनन कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बड़कागांव प्रखंड स्थित एनटीपीसी के साइट कार्यालय के नजदीक अपराधियो ने ऋत्विक कंपनी के परियोजना समन्वयक (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर) की गोली मारकर हत्या कर दी। ऋत्विक कंपनी एनटीपीसी के लिए कोयला उत्खनन का काम करती है। यह कंपनी खनन डेवलपर सह ऑपरेटर (एमडीओ) कंपनी के रूप मे कार्यरत है। मारे गए परियोजना समन्वयक का नाम शरद कुमार है जो हैदराबाद के रहने वाले थे। शरद यहां ऋत्विक कंपनी की ओर से एनटीपीसी की परियोजना मे कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि जब शरद कुमार अपने वाहन से कार्यालय जा रहे थे उसी समय मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियो ने उन पर गोली चला दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शरद कुमार को दो गोलियां (एक सीने मे और दूसरी उनके पेट मे) लगी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित अस्पताल भेजा गया है। इस हमले मे उनका सुरक्षाकर्मी राजेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल मे चल रहा है। शरद कुमार अपनी स्कार्पियो से हजारीबाग स्थित आवास से केरेडारी कार्यालय जा रहे थे। बड़कागांव मे एनटीपीसी के साइट कार्यालय से 200 गज की दूरी पर दोपहर लगभग 12 बजे बरवाडीह रोड पर हेठगढ़ा मे उन पर गोली चलाई गई। पुलिस ने बताया कि अपराधी उनकी गाड़ी का पीछा करते हुए आए थे। साइट कार्यालय के पास पहुंचकर अपराधियो ने पीछे से गोली चलाना शुरू कर दिया। शरद कुमार गाड़ी मे आगे बैठे थे और उनके सुरक्षाकर्मी पीछे बैठे थे। घटना के बाद पूरे इलाके मे पुलिस ने नाकाबंदी कर दी और अपराधियो की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली।

पाक एजेंट को गोपनीय सूचना देने के आरोपी डीआरडीओ वैज्ञानिक की पुलिस हिरासत बढ़ाई गई

पुणे। पाकिस्तानी एजेंट को गोपनीय सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर की पुलिस हिरासत पुणे की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 15 मई तक के लिए बढ़ा दी। पुणे में डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला के निदेशक वैज्ञानिक को तीन मई को गिरफ्तार किया गया था और वह पुलिस हिरासत में था।

पुलिस हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद आज दोपहर उसे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष अदालत) के समक्ष पेश किया गया। आरोपी की हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए अभियोजन पक्ष ने अदालत से कहा कि वैज्ञानिक से जब्त किए गए उपकरणों की फॉरेंसिक रिपोर्ट मिल गई है और मामले की आगे की जांच के लिए उससे पूछताछ की जरूरत है। बचाव पक्ष के वकील ऋषिकेश गानू ने हिरासत बढ़ाने की मांग करने वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सभी आवश्यक उपकरणों को जब्त कर लिया गया है और उनका मुवक्किल अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। जिरह के बाद अदालत ने कुरुलकर की पुलिस हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी। आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के एक अधिकारी ने पिछले सप्ताह कहा था कि वैज्ञानिक कथित तौर पर व्हाटसऐप और वीडियो कॉल के जरिए पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के संपर्क में था।

उन्होंने इसे हनीट्रैप का मामला बताया था। गिरफ्तारी के बाद, कुरुलकर के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

हिंसाग्रस्त मणिपुर में स्थिति में सुधार, 11 जिलों में कर्फ्यू में छूट

भाषा। इंफाल

हिंसा प्रभावित मणिपुर में स्थिति में सुधार हो रहा है तथा किसी भी अप्रिय घटना की कोई ताजा खबर नहीं है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन 11 जिलों में कर्फ्यू लगाया गया था वहां भी इसमें ढील दी गई है।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ दिन में पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा में 60 लोगों की मौत हो गई और 231 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस हिंसा के दौरान मंदिरों तथा गिरजाघरों समेत ।,700 इमारत और मकान जला दिए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पूरे राज्य में स्थिति में सुधार हो रहा है, पिछले 24 घंटों में हिंसा की कोई खबर नहीं है... इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में आज सुबह पांच बजे से चार घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई है। अन्य नौ प्रभावित जिलों में भी इसी तरह की छूट दी जा रही है। मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय द्वारा उसे अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) की ओर से तीन मई को आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान चुराचांदपुर जिले के तोरबंग क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी, जो रातोंरात पूरे राज्य में फैल गई थी।

पूर्व में आरक्षित वन भूमि से कुकी ग्रामीणों को बेदखल करने पर उत्पन्न तनाव के चलते झड़पें हुईं, जिसके कारण कई छोटे-छोटे प्रदर्शन हुए।

मणिपुर की कुल आबादी में मेइती समुदाय की 53 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का अनुमान है। इस समुदाय के लोग मुख्यत: इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी सहित अन्य आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत के करीब है तथा वे मुख्यत: इंफाल घाटी के आसपास स्थित पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने मृतकों के परिवार को पांच-पांच लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपए तथा मामूली रूप से घायल लोगों को 25,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा, ए बहुत-बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं। मैं लोगों से जल्द से जल्द शांति का माहौल बनाने की अपील करता हूं।

सिंह ने बताया कि हिंसा के दौरान मंदिरों तथा गिरजाघरों समेत ।,700 इमारत और मकान जला दिए गए।

उन्होंने कहा कि उन लोगों को दो-दो लाख रुपए दिए जाएंगे जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सिंह ने कहा, मणिपुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद राहत शिविरों में फंसे 20,000 से अधिक लोगों को अब सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। 10,000 और लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा...। मानव जीवन अनमोल है और घरों और संपत्तियों को नष्ट करना अस्वीकार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षाबल के कर्मियों से ।,041 बंदूक लूटी गईं जिनमें से 214 बरामद कर ली गई हैं।

सिंह ने कहा कि सरकार ने चुराचांदपुर, उखरुल, इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों के फंसे लोगों को वापस लाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

सिंह ने कहा, पुलिस अधीक्षकों को संवेदनशील इलाकों की पहचान करने तथा मालिकों की अनुपस्थिति में भूमि और संपत्ति की चौबीसों घंटे सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें लूट या ऐसी जमीन और संपत्ति पर कब्जा जमाने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार तत्काल कार्वाई करने का भी निर्देश दिया गया है।

हिंसाग्रस्त इलाकों में मेइती समुदाय के अनेक लोग फंसे हुए हैं : संगठन

नई दिल्ली। मणिपुर के हिंसाग्रस्त चुराचांदपुर जिले में मेइती समुदाय के कई सदस्य फंसे हुए हैं। मंगलवार को यहां उनके समुदाय के सदस्यों ने यह जानकारी दी। मेइती समुदाय के लिए काम करने वाले संगठनों पीपुल्स एलायंस फॉर पीस एंड प्रोग्रेस मणिपुर और दिल्ली मणिपुरी सोसाइटी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के प्रमुख जातीय समूह मेइती का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों ने कहा कि चुराचांदपुर के सनमही में 5,000 से अधिक मेइती हिंदुओं में से केवल 500 को निकाला गया है। समूहों ने एक बयान में कहा, बाकी लोगों को कुकी उग्रवादियों द्वारा समर्थित सशस्त्र कुकी लोगों ने बंधक बनाया हुआ है। उन्होंने कहा, 250 ईस्वी में खोयूम तोमपोक के शासनकाल के दौरान स्थापित मेइती समुदाय की बस्तियों में हर घर को सशस्त्र कुकी लोगों और उग्रवादियों ने जला दिया है। मेइती अपनी ही पुश्तैनी भूमि पर बेघर शरणार्थी बन गए हैं और चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के डीसी कार्यालय में शरण लिए हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन मई को मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग को लेकर मेइती और कुकी जनजाति के लोगों के बीच हिंसा हुई थी। राज्य के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने सोमवार को कहा था कि हिंसा में 60 लोगों की मौत हुई और 231 लोग घायल हो गए।

संसद भवन में रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंति पर उन्हे पुष्प अर्पित करते लोस अध्यक्ष व अन्य

कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण मुद्दे पर बयानबाजी न की जाए : न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक में चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण वापस लेने से संबंधित अदालत के विचाराधीन मामले पर राजनीतिक बयानबाजी को लेकर मंगलवार को गंभीर आपत्ति जताई। न्यायालय को बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बेहद विवादास्पद मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दे रहे थे।विचाराधीन मामले के बारे में राजनीतिक बयानबाजी को अनुचित करार देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि, कुछ पवित्रता बनाए रखने की आवश्यकता है।विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को वापस लिए जाने और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत व वोक्कालिगा समुदायों के बीच इसका पुन: आवंटन दक्षिणी राज्य में एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। न्यायमूर्ति के.एम. जोसफ, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की एक पीठ ने कहा, जब मामला अदालत में विचाराधीन है और कर्नाटक मुस्लिम आरक्षण पर अदालत का आदेश है तो इस मुद्दे पर कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए। यह उचित नहीं है। कुछ पवित्रता बनाए रखने की जरूरत है। चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण को रद्द किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा, कर्नाटक में हर दिन गृह मंत्री बयान दे रहे हैं कि उन्होंने चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण वापस ले लिया है।

उपराष्ट्रपति, राज्यपाल पद के लिए सहिष्णुता का मुखौटा लगाते हैं मुसलमान

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने एक विवादास्पद बयान देते हुए दावा किया कि सहिष्णु मुसलमानों को उंगलियों पर गिना जा सकता है और यह भी मुखौटा लगाकर सार्वजनिक जीवन जीने का एक हथकंडा है क्योंकि यह रास्ता उपराष्ट्रपति, राज्यपाल या कुलपति जैसे पदों तक पहुंचाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि समुदाय के ऐसे तथाकथित बुद्धिजीवियों का वास्तविक चेहरा उनके कार्यालय में अपना कार्यकाल पूरा करने या सेवानिवृत्त होने के बाद सामने आता है। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री ने यह टिप्पणी सोमवार को देव ऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मीडिया इकाई इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र द्वारा पत्रकारों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए किया गया था। बघेल ने कहा, सहिष्णु मुसलमानों की गिनती उंगलियों पर की जा सकती है। मेरे विचार से उनकी संख्या हजारों में भी नहीं है। और यह भी मुखौटा लगाकर सार्वजनिक जीवन जीने का हथकंडा है क्योंकि यह मार्ग उपराष्ट्रपति, राज्यपाल या कुलपति के घर की ओर जाता है। उन्होंने कहा, लेकिन जब वे सेवानिवृत्त होते हैं, तब असली बयान देते हैं। जब कुर्सी छोड़ते हैं, तब वो एक बयान देते हैं जो उनकी वास्तविकता दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी सूचना आयुक्त उदय माहुरकर द्वारा कार्यक्रम में दिए गए भाषण के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत को इस्लामी कट्टरवाद से लड़ना चाहिए, लेकिन सहिष्णु मुसलमानों को साथ लेना चाहिए। अपने शासन के दौरान मुगल बादशाह अकबर के हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के प्रयासों का जिक्र करते हुए, माहुरकर ने दावा किया कि छत्रपति शिवाजी ने उन्हें सकारात्मक रोशनी में देखा था। उन्होंने कहा, अकबर ने हिंदू-मुस्लिम एकता हासिल करने की पूरी कोशिश की। बघेल ने हालांकि टिप्पणी को खारिज करते हुए अकबर के प्रयासों को महज रणनीति करार दिया और आरोप लगाया कि मुगल बादशाह की जोधा बाई से शादी उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा थी। उन्होंने कहा, यह उनका दिल से उठाया गया कदम नहीं था। नहीं तो चित्तौड़गढ़ का नरसंहार न होता। मुगल काल को देखिए...औरंगजेब के कृत्य। कई बार मैं हैरान हो जाता हूं कि हम जिंदा कैसे रहे। बघेल ने कहा कि भारत के बुरे दिन 1192 ईस्वी में शुरू हुए जब मुहम्मद गौरी ने राजपूत राजा पृथ्वीराज चौहान को हराया था। बघेल ने धर्मांतरण का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि जिन लोगों को गंडे-ताबीज के माध्यम से दूसरे धर्म में परिवर्तित किया गया है, उनकी संख्या तलवार के डर से ऐसा करने वालों की तुलना में अधिक है।

सूर्य के रनों के ताप से आरसीबी खाक

बेंगलोर को 6 विकेट से हराकर मुंबई तीसरे स्थान पर पहुंचा

भाषा। मुंबई

सूर्यकुमार यादव और नेहल वढेरा के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी के 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार (35 गेंद में 83 रन, सात चौके, छह छक्के) और वढेरा (34 गेंद में 52 रन, चार चौके, तीन छक्के) के बीच 66 गेंद में 140 रन की साझेदारी से 21 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 200 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज इशान किशन (21 गेंद में 42 रन, चार चौके, चार छक्के) ने भी ताबड़तोड़ पारी खेली। इस जीत से मुंबई इंडियन्स के 11 मैच में 12 अंक हो गए हैं और टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी की टीम 11 मैच में 10 अंक के साथ सातवें स्थान पर खिसक गई है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है।आरसीबी ने इससे पहले ग्लेन मैक्सवेल (33 गेंद में 68 रन, आठ चौके, चार छक्के) और कप्तान फाफ डुप्लेसी (41 गेंद में 65 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 62 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 199 रन बनाए। इन दोनों के अलावा दिनेश कार्तिक (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।मुंबई की ओर से जेसन बेहरेनडोर्फ सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए। कैमरन ग्रीन, कुमार कार्तिकेय और क्रिस जोर्डन ने भी एक-एक विकेट चटकाया। जोर्डन हालांक काफी महंगे रहे। उन्होंने चार ओवर में 48 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम को किशन ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ 4.4 ओवर में 51 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। किशान ने मोहम्मद सिराज की पारी की पहली गेंद पर ही चौके के साथ खाता खोला और फिर अगले ओवर में जोश हेजलवुड पर भी लगातार दो चौके मारे इशान ने सिराज के अगले ओवर में भी लगातार दो छक्के मारे। उन्होंने वानिंदु हसरंगा (53 रन पर दो विकेट) का स्वागत एक चौके और एक छक्के के साथ किया लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर अनुज रावत को कैच दे बैठे।हसरंगा ने इसी ओवर में रोहित (07) को पगबाधा करके मुंबई को दूसरा झटका दिया।मुंबई ने पावरप्ले में दो विकेट पर 62 रन बनाए।सूर्यकुमार और वढेरा ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। वढेरा 15 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब हसरंगा ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। सूर्यकुमार और वढेरा ने स्ट्राइक रोटेक करने को तरजीह दी और बीच-बीच में गेंद को बाउंडी के दर्शन भी कराए। मुंबई के रनों का सैंकड़ा 11वें ओवर में पूरा हुआ।

स्कोरबोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:कोहली का इशान बो बेहरेनडोर्फ 1 फाफ डुप्लेसी का स्थानापन्न बो ग्रीन 65, रावत का ग्रीन बो बेहरेनडोर्फ 06,मैक्सवेल का वढेरा बो बेहरेनडोर्फ 68,महिपाल लोमरोर बो कार्तिकेय 01,कार्तिक का वढेरा बो जोर्डन 30,केदार जाधव नाबाद 12,हसरंगा नाबाद 12,अतिरिक्तः 04,कुलः 20 ओवर में छह विकेट परः 199 रन,**विकेट पतन**:1-2, 2-16, 3-136, 4-143, 5-146, 6-185,**गेंदबाजी**:बेहरेनडोर्फ 4-0-36-3,चावला 4-0-41-0,ग्रीन 2-0-15-1,जोर्डन 4-0-48-1,कार्तिकेय 4-0-35-1, मधवाल 2-0-23-0

मुंबई इंडियन्स: किशन का रावत बो हसरंगा 42, शर्मा पगबाधा बो हसरंगा 07,सूर्यकुमार का जाधव बो विशाक 83, वढेरा नाबाद 52, डेविड का मैक्सवेल बो विशाक 00,ग्रीन नाबाद 02, **अतिरिक्त**: 14,**कुल**:16.3 ओवर में चार विकेट परः 200 रन ,विकेट पतनः1-51, 2-52, 3-192, 4-192,गेंदबाजीःसिराज 3-0-31-0,हेजलवुड 3-0-32-0,हसरंगा 4-0-53-2, विशाक 3-0-37-2,हर्षल 3.3-0-41-0

आईपीएल-16 स्टेडियम से

चोटिल आर्चर बाहर, जोर्डन मुंबई इंडियंस टीम में

नई दिल्ली। फिटनेस समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल के मौजूदा सत्र के बाकी मैच नही खेल सकेंगे जिनकी जगह क्रिस जोर्डन को मुंबई टीम मे शामिल किया गया है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने आर्चर को नीलामी में आठ करोड़ रूपए में खरीदा था लेकिन वह इस सत्र मे सिर्फ पांच मैच खेलकर दो विकेट ले सके। वह कमर की चोट के कारण पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर है और पिछले साल आईपीएल भी नही खेले थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड आर्चर की फिटनेस और रिकवरी पर नजर रखेगा। ईसीबी ने एक बयान में कहा , आर्चर दाहिनी कोहनी की सर्जरी के बाद रिकवर कर रहा है। हाल ही में वापसी करने के बाद उसे असहज महसूस हुआ। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएगा। इसलिए यह तय किया गया कि वह आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए इंग्लैड लौटे। वही 2016 में आइपीएल मे पदार्पण करने वाले जोर्डन अब तक 28 आईपीएल मैच खेलकर 27 विकेट ले चुके है। वह सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेजर्स बेगलोर, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके है। उन्होंने इंग्लैड के लिए 87 टी20 मैचों में 96 विकेट लिए है। वह आईपीएल नीलामी मे बिके नही थे और मुंबई ने उन्हे अब दो करोड़ रूपए मे अनुबंधित किया है।

रसेल की रिंकू को सलाह , विनम्र बने रहो

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के हरफनमौला आंद्रे रसेल को खुशी है कि रिंकू सिंह टीम के नए सितारे बनकर उभरे है लेकिन उन्होंने अपने भाई को एक ही सलाह दी है कि विनम्रता कभी नही छोड़े। गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक मैच में लगातार पांच छक्के लगाकर टीम को चमत्कारिक जीत दिलाने वाले रिंकू ने पंजाब किंग्स के खिलाफ कल आखिरी गेद पर चौका लगाकर केकेआर को फिर एक यादगार जीत दिलाई। यहां पूरा स्टेडियम रिंकू रिंकू के शोर से गूंज रहा था। पांच विकेट से मिली जीत के बाद प्लेयर आफ द मैच रसेल ने कहा , मैं उसके लिए बहुत खुश है और वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। वह मेरे भाई की तरह है। मै बस इतना चाहता हूं कि वह लगातार ऐसे ही खेलता रहे। फॉर्म मे लौटे रसले ने 23 गेद में 42 रन बनाए लेकिन आखिरी ओवर में रनआउट हो गए। केकेआर को आखिरी गेद पर दो रन की जरूरत थी और रिंकू ने चौका जड़ दिया। वह जबर्दस्त फॉर्म मे है और जब भी उससे बात करने का मौका मिलता है, मै उसकी हौसलाअफजाई करता हूं। मैने उसे विनम्र बने रहने की सलाह दी है। इससे कोई फर्क नही पड़ना चाहिए कि पूरा मैदान रसेल , रसेल चिल्ला रहा है। मैने अपने पैर जमीन पर रखे है क्योंकि सफलता सिर चढने लगे तो पतन तय है। रिंकू की सफलता का राज यह है कि वह दबाव के समय भी संयम नही खोता। वह हमेशा शांत रहता है। एक बल्लेबाज के लिए यह बहुत जरूरी है। आपको हर तरह की गेंद मिलेगी , धीमी, वाइड, यॉर्कर या शॉर्टपिच भी। सभी का सामना करना आना चाहिए। रिंकू की तकनीक बहुत सरल है और वह हर गेद के लिए तैयार रहता है।

मैच विनर हैं कुरेन, उनका साथ देना जरूरी : लांगेवेल्ट

कोलकाता। आईपीएल मे सबसे महंगे बिकने का दबाव झेल रहे सैम कुरेन भले ही अपेक्षाओ पर खरे नही उतर सके हो लेकिन पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने उनका बचाव करते हुए उन्हें मैच विनर बताया। आंद्रे रसेल ने कुरेन के ओवर में चार गेंदों पर तीन छक्के लगाकर केकेआर को पंजाब किंग्स पर पांच विकेट से यादगार जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के लांगेवेल्ट ने मैच के बाद कहा , वह विनर है। उसका साथ देना जरूरी है। वह हमारा सीनियर गेंदबाज भी है।इस तरह के दिन कैरियर में आते हैं। कुरेन को पंजाब ने 18 करोड़ 50 लाख रूपए में खरीदा था। उन्होंने केकेआर के खिलाफ कल 19वें ओवर में 20 रन दिए और तीन ओवर में 44 रन लुटाए। अभी तक वह 11 मैचो में सात विकेट ही ले सके है और दस रन प्रति ओवर से अधिक की दर से रन दिए है। वह उन खिलाड़ियों में से है जो हमें मैच जिता सकता है। नए सिरे से रणनीति बनाकर वापसी करनी होगी। रसेल की पारी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा , वह हमेशा से बड़ा खिलाड़ी रहा है। गेम चेंजर। हम उसे खामोश रखना चाहते थे लेकिन ऐसा हो नही सका।

शिवम दुबे विशिष्ट प्रतिभा का धनीः माइकल हसी

चेन्नई। चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने मंगलवार को कहा कि आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे विशिष्ट प्रतिभा का धनी है और अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट होने के कारण वह वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है। हसी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (दुबे) विशिष्ट प्रतिभा का धनी है। गेद को सीमा रेखा के पार भेजने की उसकी क्षमता बेजोड़ है। उसके पास अभूतपूर्व ताकत है। वह हर समय अभ्यास करता रहता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि टीम मे उसकी भूमिका स्पष्ट है जैसा कि पिछले साल या इस साल के शुरू मे नही था। उन्होने कहा, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उसकी भूमिका को लेकर स्पष्ट है जिससे कि वह हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। वह भी इस बात को लेकर स्पष्ट है कि उसे किसी भी परिस्थिति मे कैसी बल्लेबाजी करनी है।

सैम बिलिंग्स ने त्वचा कैंसर से जूझने का खुलासा किया

लंदन। इंग्लैड के विकेटकीपर बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने खुलासा किया है कि वह त्वचा कैंसर से जूझ रहे है और ज्यादा देर तक धूप मे रहने के खतरो को लेकर अपने साथी खिलाड़ियो मे जागरूकता पैदा करना चाहते है। बिलिंग्स ने पिछले साल अपने सीने पर से घातक मेलेनोमा को हटाने के लिए दो ऑपरेशन करवाए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी थी। अपनी काउंटी टीम केंट मे नियमित जांच के दौरान पता चला था कि उन्हे त्वचा कैंसर है।

स्ट्राइकोवा ने मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करते हुए पहला मुकाबला जीता

रोम। चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने मातृत्व अवकाश से वापसी करते हुए अपना पहला महिला एकल मुकाबला जीता जब उन्होंने मंगलवार को यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे मेरिना जानेवस्का को तीन सेट में हराया। सैंतीस साल की स्ट्राइकोवा ने यूक्रेन में जन्मी बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ 6-1, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। अपने बेटे विन्सेंट के जन्म के कारण स्ट्राइकोवा ने दो साल से भी अधिक समय बाद दो हफ्ते पहले टूर पर मैड्रिड ओपन के साथ वापसी की थी।

फखर, चाइवाइ आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

दुबई। पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमां को अप्रैल महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि थाईलैंड की कप्तान नूरेमोल चाइवाइ सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रहीं। दोनों बल्लेबाजों को अप्रैल में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, आईसीसी हॉल आफ फेमर्स और मीडिया प्रतिनिधियो की जूरी के अलावा दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमियो द्वारा किए गए मतदान के आधार पर चुना गया।

मेस्सी, फ्रेसर प्राइस ने जीते लॉरेस वैश्विक खेल पुरस्कार

पेरिस। अर्जेंटीना की विश्व कप 2022 मे खिताबी जीत के नायक रहे महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी को विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का लॉरेस पुरस्कार दिया गया जबकि जमैका की फर्राटा धाविका शैली अन फ्रेसर प्राइस सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई। फ्रेसर प्राइस ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे पांचवी बार सौ मीटर का स्वर्ण पदक जीता। लॉरेस खेल पुरस्कार सोमवार की रात को पेरिस मे दिए गए। वर्ष 2020 के बाद पहली बार पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से दिए गए। मेस्सी को 2020 में फॉर्मूला वन ड्राइवर लुईस हैमिल्टन के साथ संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया गया था।

गोरखपुर विवि के कुलपति उप्र ओलंपिक संघ के सह उपाध्यक्ष मनोनीत

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का सह उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कुलपति को खेलकूद एवं सामाजिक कार्यों में किये गये योगदान के लिए सह उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रो सिंह का सह उपाध्यक्ष के रूप में कार्यकाल आगामी चार वर्षों के लिए होगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय ने प्रो सिंह को पत्र लिख कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। प्रो सिंह ने कुलपति का पदभार संभालने के बाद गोरखपुर विश्वविद्यालय में 100 महायोगी गुरु गोरखनाथ स्पोर्ट्स फेलोशिप की शुरुआत की। कुलपति प्रो सिंह खुद स्क्वाश रैकेट तथा क्रिकेट के नेशनल लेवल प्लेयर रहे है तथा उन्होंने स्क्वाश रैकेट, टेबल टेनिसए तैराकी एवं क्रिकेट में इंटर.यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट खेला है।

चेन्नई सुपरकिंग्स की नजरें प्लेआफ पर

जीत की लय कायम रखने उतरेगी दिल्ली

भाषा। चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग के प्रारंभिक चरण के आखिरी पड़ाव में प्लेआफ की रस्साकशी जोर पकड़ने लगी है और ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स नए आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को एक और जीत के साथ अपनी स्थिति पुख्ता करना चाहेगी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर चेन्नई जीत की राह पर लौटी है और टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में जूझती नजर आई दिल्ली को हराकर वह दो अंक और लेना चाहेगी। चेन्नई ने शनिवार को कम स्कोर वाले मैच में मुंबई इंडियंस को हराया जिसमें उसके गेंदबाजों खासकर मतीषा पथिराना की भूमिका अहम रही। चेन्नई ने रूतुराज गायकवाड़, डेवोन कोंवे और शिवम दुबे की पारियों के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। चेन्नई के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोंवे (457 रन), गायकवाड़ (292 रन), शिवम दुबे (290 रन) और अजिंक्य रहाणे (245 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम नाकाम ही रहा है।अंबाती रायुडू 11 मैचों में 95 रन ही बना सके हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने 11 मैचों में 92 रन बनाए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने संक्षिप्त आक्रामक पारियां खेली हैं लेकिन वह बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे आते हैं। टीम दुआ कर रही होगी कि शीर्षक्रम फॉर्म में बना रहे और अहम मैचों में मध्यक्रम तक जाने की नौबत ही नहीं आए। गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने 19 विकेट जरूर लिए हैं लेकिन उनका इकॉनामी रेट दस से अधिक का रहा है जिससे चेन्नई को कई बार नुकसान हुआ है। जडेजा बल्ले से भले ही नहीं चल सके हों लेकिन गेंदबाजी में कामयाब रहे हैं। वहीं पथिराना अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं लेकिन फिल साल्ट एक मैच विनर के तौर पर उभरे हैं। कप्तान डेविड वॉर्नर चिर परिचित फॉर्म में नहीं हैं जबकि मिशेल मार्श और रोवमैन पावेल भी कुछ खास नहीं कर सके हैं। दिल्ली ने पिछले पांच में से चार मैच जीतकर उम्मीदें बनाए रखी हैं। उन्हें हर मैच जीतना होगा और चेन्नई को उसके गढ चेपॉक पर हराना आसान नहीं है। इसके लिए दिल्ली के बल्लेबाजों को चेन्नई के स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरे होमवर्क के साथ उतरना होगा।

भारत में वनडे विश्व कप में खेलना चाहते हैं ट्रेंट बोल्ट

जयपुर। ट्रेंट बोल्ट ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंध से बाहर रहने का फैसला किया है लेकिन इस तेज गेंदबाज की दिली इच्छा है कि वह इस साल के आखिर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनें। बोल्ट अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और विश्वभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए पिछले साल अगस्त में न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंध से बाहर हो गए थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद टीम में नहीं चुना गया क्योंकि चयनकर्ताओं ने अनुबंधित खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी। बोल्ट ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, मेरी अब भी दिली इच्छा है कि मैं न्यूजीलैंड की तरफ से क्रिकेट खेलूं। मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे न्यूजीलैंड की तरफ से 13 साल तक खेलने का मौका मिला। मेरी अब भी विश्वकप में खेलने की दिली इच्छा है। न्यूजीलैंड 2019 में विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ खिताब जीतने से चूक गया था।

रोहित शर्मा की दिक्कत तकनीकी नही मानसिक पहलू से जुड़ी : सहवाग

भाषा। नई दिल्ली

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी में कोई तकनीकी खामी नहीं है और उनका खराब फॉर्म मानसिक अवरोध की वजह से है। सहवाग ने स्टार स्पोर्टस के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा , रोहित शर्मा गेंदबाजों से नहीं बल्कि खुद से जूझ रहा है। वह मानसिक अवरोध का सामना कर रहा है। उसकी बल्लेबाजी तकनीक में कोई खामी नहीं है। उसके दिमाग में कोई कंफ्यूजन चल रहा है। जिस दिन वह इससे उबर जाएगा, वह पिछले सभी मैचों की भरपाई कर लेगा। पांच बार की चैम्पियन मुंबई दस मैचों में पांच जीत के साथ दस अंक लेकर सातवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने छह विकेट से हराया। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज आरोन फिंच ने कहा कि मुंबई के सलामी बल्लेबाज भी कंफ्यूज लग रहे हैं और उन्हें चेन्नई के रूतुराज गायकवाड़ से सीखना चाहिए। मुंबई के सलामी बल्लेबाज कन्फ्यूज लग रहे हैं और काफी जोखिम ले रहे हैं। वे हर गेंद को पीटना चाहते हैं। उन्हें रूतुराज गायकवाड़ से सीखना चाहिए जो शांतचित्त रहकर ढीली गेंदों का इंतजार करता है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर ने कहा , विराट के भीतर रनों की भूख हमेशा रहती है। आप एक या दो सत्र में रन बना सकते हैं लेकिन लगातार 15 सत्र से रन बनाना उसकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का नतीजा है।

केकेआर के कप्तान राणा पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितिश राणा पर पंजाब किंग्स के खिलाफ ईडन गार्डंस पर खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया है। लीग ने एक बयान मे कहा कि आईपीएल की आचार संहिता के तहत इस सत्र में यह केकेआर का पहला अपराध था लिहाजा राणा पर 12 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया। केकेआर ने आखिरी गेंद पर रिंकू सिंह के चौके की मदद से पंजाब किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदे कायम रखी है।

दीपक, निशांत विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

भाषा। ताशकंद

भारतीय मुक्केबाज दीपक भोरिया (51 किलो) और निशांत देव (71 किलो) ने शानदार जीत दर्ज करके पुरूषों की विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए दीपक ने चीन के झांग जियामाओ को 5-0 से हराया। वहीं निशांत ने पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने) के आधार पर फलस्तीन के फोकाहा निदाल को हराया। उनका दबदबा इतना था कि रिंग में दो मिनट से भी कम समय में उन्हें विजेता घोषित किया गया। उधर दीपक ने तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2021 विश्व चैम्पियन कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को हराकर बड़ा उलटफेर किया। दीपक को विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल पर तरजीह देकर चुना गया था और उन्होंने निराश नहीं किया। सचिन सिवाच (54 किलो) और आकाश सांगवान (67 किलो) भी आज अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगे।

वापसी के लिए खुद को रिसेट करना जरूरी था : हार्दिक सिंह

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा कि अपने कैरियर को लेकर कोताही बरतने के बाद उन्हें वापसी के लिए खुद को नए सिरे से तैयार करना जरूरी था। खराब फॉर्म के कारण भारतीय हॉकी टीम से बाहर होने के बाद वापसी करने वाले उपकप्तान हार्दिक को मार्च में पांचवें हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। इस समय मैं खुश हूं कि दिन प्रतिदिन प्रदर्शन में सुधार आ रहा है और हर सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा हूं। मैं 2017-18 में अपने कम्फर्ट जोन में चला गया था जिससे खराब खेलने लगा और टीम से बाहर हो गया। मुझे वापसी के लिए खुद को रिसेट करना पड़ा। एक खिलाड़ी को रोज कड़ी मेहनत करके अपना शत प्रतिशत हर अभ्यास सत्र में देना होता है।

आईएसएसएफ विश्व कप के पहले दिन एयर पिस्टल में पदक दांव पर

बाकू (अजरबेजान)। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और वरूण तोमर बुधवार को यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप (पिस्टल एवं राइफल) की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के पुरुष वर्ग जबकि दिव्या टीएस, ईशा सिंह और रिदम सांगवान महिला वर्ग में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट भारत के 34 सदस्यीय दल के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगस्त में इसी स्थान पर होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आखिरी अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारत 14 अगस्त से एक सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के जरिए 2024 पेरिस ओलंपिक के अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करने की कोशिश करेगा। भारतीय दल अजरबेजान की राजधानी में दो टुकड़ों में पहुंचा है। भारतीय टीम के हाई परफोर्मेंस निदेशक पियरे ब्युचैंप और विदेशी कोच थॉमस फार्निक तथा मुंखबायर दोरसुरेन के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रहे हैं। अगले पांच दिन में 10 पदक स्पर्धाएं होंगी।

गेटाफे से भिड़ने को तैयार भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम

भाषा। नई दिल्ली

भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम अपने पांचवें अभ्यास मैच में बुधवार को सेगोविया के ओटेरो डि हेरेरोस में गेटाफे सीएफ अंडर-18 टीम से भिड़ने को तैयार है। भारतीय टीम अगले महीने थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी के लिए पिछले कुछ हफ्तों से स्पेन में ट्रेनिंग कर रही है। एशियाई कप में भारत को ग्रुप डी में रखा गया है। भारतीय टीम 17 जून को वियतनाम के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी और फिर उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से भिड़ेगी। भारत अपने मुकाबले पाथुम थानी और बैंकॉक में खेलेगा। भारत ने अब तक दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए एटलेटिको डि मैड्रिड अंडर-17 (4-1), सीडी लेगानेस अंडर-18 (0-2), एटलेटिको डि मैड्रिड अंडर-16 (2-1) और रीयाल मैड्रिड अंडर-17 (3-3) के खिलाफ मैच खेले हैं। टीम की नजरें अब दौरे के अपने अंतिम दो मुकाबलों पर टिकी है जिसके बाद टीम जर्मनी में दो हफ्ते तैयारी करेगी। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, पिछले कुछ मुकाबलों के बाद लड़के कड़ी मेहनत करने के लिए बेहद प्रेरित हैं, विशेषकर रीयाल मैड्रिड के खिलाफ नतीजे के बाद वे काफी सकारात्मक हैं। गेटाफे अंडर-18 के खिलाफ मुकाबला भारतीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगा विशेषकर शारीरिक तौर पर। फर्नांडिस ने कहा, बेशक इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता और गेटाफे अंडर-18 काफी अच्छी टीम है। वे तकनीकी रूप से मजबूत हैं और मेरा मानना है कि वे शारीरिक रूप से भी हमारे से अधिक मजबूत हैं। लेकिन हमारे भी अपने मजबूत पक्ष हैं और हम उसी के अनुसार खेलेंगे।

एशियाई खेल ट्रायल में प्रदेश संघों को मिल सकती है पहलवानों को उतारने की अनुमति

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति प्रदेश कुश्ती संघों को एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल में अपने चुने हुए पहलवानों को उतारने की अनुमति दे सकती है भले ही वे नई चयन नीति के अनुरूप निर्धारित टूर्नामेंटों में से किसी एक में पदक जीतने की पात्रता पूरी नहीं करते हों। एशियाई खेलों के लिए ट्रायल जून के तीसरे सप्ताह में होंगे। इसकी तारीख की घोषणा इस सप्ताह की जाएगी। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण स्थगित हुए एशियाई खेल 23 सितंबर से चीन के हांगझोउ में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ ने पिछले साल एक नीति बनाई थी जिसके तहत प्रतिभावान जूनियर खिलाड़ियों के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंटों, फेडरेशन कप, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पदक जीत चुके पहलवान ही ट्रायल में भाग ले सकते हैं। तदर्थ समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा ने शुरूआत में ओपन ट्रायल के संकेत दिए ।

शारदुल ने फिटनेस चिंताओं को दूर किया

भाषा। कोलकाता

कहा-ऑलराउंडरों से भरी टीम को उनकी गेंदबाजी की जरूरत नही

स्टार ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर ने मंगलवार को अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में ऑलराउंडरों की भरमार के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में उनकी गेंदबाजी की जरूरत नहीं पड़ रही। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम में शामिल शारदुल ने कहा कि उनके साथ कोई चोट की कोई समस्या नहीं है और ऑलराउंडरों से भरी उनकी टीम को उनकी गेंदबाजी की जरूरत नहीं है। शारदुल ने कहा, हमारी टीम में (आंद्रे) रसेल, सुनील (नारायण) के साथ ऑलराउंडर भरे पड़े हैं... हमारे पास अधिकतम आठ गेंदबाजी विकल्प हैं जिसमें नितीश (राणा) भी शामिल हैं जो आजकल एक या दो ओवर फेंकते हैं। मौजूदा सत्र में हल्की चोट के कारण इस सत्र में तीन मैच नहीं खेलने वाले शारदुल ने छह मैच में सिर्फ 89 गेंदें (14.5 ओवर) फेंकी और चार विकेट लिए। उन्होंने आठ में से दो मैच में गेंदबाजी नहीं की और बल्लेबाजी में भी उनका इस्तेमाल संयम के साथ किया गया जिससे स्पष्ट होता है कि टीम अगले महीने ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उनके काम के बोझ का प्रबंधन करती नजर आ रही है। सोमवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ नाइट राइडर्स ने गेंदबाजी में सात विकल्पों का इस्तेमाल किया और तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवहीनता के बावजूद ठाकुर ने गेंदबाजी नहीं की।